दैनिक
बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा
Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ

रूप चतुर्दशी
की शुभकामनाएं

वर्ष : 14 | अंक : 356 | जयपुर | बुधवार , 30 अक्टूबर, 2024 | कार्तिक, कृष्ण पक्ष चतुर्दशी संवत्-2081 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य :₹2 | पृष्ठ : 12
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

450 रुपए में सिलेंडर के लिए नई गाइड लाइन

राशन डीलर के पास जाना होगा; करानी होगी परिवार और गैस कनेक्शन की जानकारी अपडेट

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (एजेंसी)। 450 रुपए में रसोई गैस सिलेंडर लेने के लिए लोगों को आधार नंबर और गैस कनेक्शन की जानकारी देनी होगी। इसके लिए लोगों को राशन डीलर के पास जाकर पॉश मशीन में ये डाटा ऐड करवाना होगा। ऐसा नहीं होने पर सस्ता सिलेंडर नहीं मिल पाएगा। दरअसल, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना से जुड़े परिवारों को सरकार की ओर से 450 रुपए में सिलेंडर उपलब्ध करवाना था। सरकार ने 1 सितंबर से योजना शुरू कर दी थी, लेकिन इसका फायदा अब तक परिवारों को नहीं मिल रहा है। राज्य सरकार ने सरकारी तेल कंपनियों से प्रदेश के सभी गैस उपभोक्ताओं का कनेक्शन नंबर और आधार नंबर की डिटेल मांगी थी। इन कंपनियों ने ये डाटा सरकार से शेयर करने से मना कर दिया। डेटा नहीं मिलने से योजना का लाभ परिवारों को नहीं मिल पाया। अब सरकार ने नई गाइडलाइन जारी की है। इसके तहत एनएफएसए परिवारों को अब राशन डीलर के यहां जाना होगा। डीलर के यहां सभी सदस्यों के आधार और परिवार के एलपीजी कनेक्शन की जानकारी पॉश मशीन में भरवानी (सीडिंग) होगी। ये

फायरमैन भर्ती में सिलेक्ट हुए 156 अभ्यर्थियों को बाहर किया

डिग्री-डिप्लोमा में गड़बड़ी मिली; खाली पदों पर नए उम्मीदवारों को मिलेगा मौका

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड ने फायरमैन भर्ती परीक्षा में सिलेक्ट हुए 156 अभ्यर्थियों को अयोग्य (इनेलिजबल) घोषित कर दिया है। इनके डिप्लोमा और सर्टिफिकेट में गड़बड़ी पाई गई। बोर्ड ने अब इनकी जगह नए अभ्यर्थियों को मौका देने की तैयारी शुरू कर दी है। कर्मचारी चयन बोर्ड के अध्यक्ष आलोक राज ने बताया- बोर्ड की ओर से जनवरी-2022 में 600 पदों के लिए भर्ती परीक्षा ली गई थी। इसमें प्रैक्टिकल के बाद दोगुनी यानी 1200 अभ्यर्थियों को शॉर्ट लिस्ट किया गया था। इनमें से 480 अभ्यर्थियों को पिछले साल सितंबर में पोस्टिंग दे दी गई थी। 120 पदों के लिए प्रोविजनल अभ्यर्थियों के डॉक्युमेंट वेरिफिकेशन की प्रक्रिया जारी थी। इनमें काफी अभ्यर्थी ऐसे थे, जिनके डॉक्युमेंट में अनियमिताएं पाई गई थीं। उन्हें कर्मचारी चयन बोर्ड की ओर से अपने डॉक्युमेंट रि-वेरिफिकेशन कराने का मौका भी दिया गया था।

जोधपुर-बाड़मेर हाईवे पर 3 की मौत, 14 घायल खड़ी प्राइवेट बस में पीछे से जा घुसी दूसरी बस

बढ़ता राजस्थान

बालोतरा (नि.स.)। जोधपुर-बाड़मेर नेशनल हाईवे-25 पर खड़ी प्राइवेट बस में पीछे से आई मिनी बस घुस गई। हादसे में मिनी बस में सवार 3 लोगों की मौत हो गई। वहीं 14 लोग घायल हो गए, इनमें से 4 को गंभीर हालत में जोधपुर रेफर किया गया है। घायलों ने बताया कि मिनी बस का ड्राइवर मोबाइल चला रहा था। हादसा मंगलवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे बालोतरा के पचपदरा इलाके में हुआ।

पीएम मोदी ने स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़ी 12,850 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न परियोजनाओं का शुभारंभ किया

70 साल से ऊपर के हर वरिष्ठ नागरिक को अस्पताल में मुफ्त इलाज मिलेगा : पीएम मोदी

बढ़ता राजस्थान

नई दिल्ली (एजेंसी)। धन्वंतरि जयंती और 9वें आयुर्वेद दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को नई दिल्ली में अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (एआईआईए) में लगभग 12,850 करोड़ रुपये की स्वास्थ्य क्षेत्र से संबंधित विभिन्न परियोजनाओं का शुभारंभ, उद्घाटन और शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए धन्वंतरि जयंती और धनतेरस के अवसर पर शुभकामनाएं दीं। उन्होंने देश के सभी व्यापारियों को अपनी शुभकामनाएं दीं। इस दिन लोग अपने घरों के लिए कुछ नया खरीदते हैं। उन्होंने दीवाली की अग्रिम शुभकामनाएं भी दीं। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह दीवाली ऐतिहासिक है, क्योंकि अयोध्या में भगवान श्री राम का मंदिर हजारों दीपकों से जगमगाएगा, जिससे उत्सव अभूतपूर्व हो जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा, इस साल की दीवाली पर भगवान राम एक बार फिर अपने निवास स्थान पर लौट आये हैं। उन्होंने कहा कि आखिरकार 14 साल बाद नहीं, बल्कि 500 साल बाद इंतजार खत्म हुआ। श्री मोदी ने कहा, यह कोई संयोग नहीं है कि इस वर्ष धनतेरस का त्योहार समृद्धि और स्वास्थ्य का संयोजन है, बल्कि भारत की संस्कृति और जीवन दर्शन का भी प्रतीक है। प्रधानमंत्री ने साधु-संतों को उद्धत करते हुए बताया कि स्वास्थ्य को सबसे बड़ा धन माना जाता है और यह प्राचीन अवधारणा योग के रूप में दुनिया भर में स्वीकृति प्राप्त कर रही है। श्री मोदी ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि आज 150 से अधिक देशों में आयुर्वेद दिवस मनाया जा रहा है और कहा कि यह आयुर्वेद के प्रति बढ़ती रुचि और प्राचीन काल से दुनिया में भारत के योगदान का प्रमाण है। प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि पिछले एक दशक में देश में आधुनिक चिकित्सा के साथ आयुर्वेद के ज्ञान के एकीकरण से स्वास्थ्य क्षेत्र में एक नया अध्याय शुरू हुआ है। उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान इस अध्याय का केंद्र बिंदु है। श्री मोदी ने कहा कि सात साल पहले आयुर्वेद दिवस पर उन्हें संस्थान के पहले चरण को देश को समर्पित करने का सौभाग्य मिला था और आज भगवान धन्वंतरि के आशीर्वाद से वह संस्थान के दूसरे चरण का उद्घाटन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस संस्थान में आयुर्वेद और चिकित्सा विज्ञान के क्षेत्र में उन्नत शोध अध्ययन के साथ-साथ आधुनिक तकनीक से युक्त पंचकर्म जैसी प्राचीन तकनीकों को देखना संभव होगा।

मोदी ने इस प्रगति के लिए भारत के देशवासियों को बधाई दी। यह देखते हुए कि किसी भी राष्ट्र की प्रगति सीधे उसके नागरिकों के स्वास्थ्य पर निर्भर करती है, प्रधानमंत्री ने अपने नागरिकों के स्वास्थ्य के प्रति सरकार की प्राथमिकता पर प्रकाश डाला और स्वास्थ्य नीति के पांच स्तंभों को रेखांकित किया। उन्होंने इन पांच स्तंभों का उल्लेख किया - निवारक स्वास्थ्य देखभाल, बीमारियों का शीघ्र पता लगाना, मुफ्त और कम लागत वाला उपचार और दवाएं, छोटे शहरों में डॉक्टरों की उपलब्धता और स्वास्थ्य सेवाओं में प्रौद्योगिकी का विस्तार। श्री मोदी ने कहा, भारत स्वास्थ्य क्षेत्र को समग्र स्वास्थ्य के रूप में देखता है। श्री मोदी ने कहा, आज की परियोजनाएं इन पांच स्तंभों को प्रतिबिंबित करती हैं। 13,000 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न परियोजनाओं के उद्घाटन और शिलान्यास का उल्लेख करते हुए, प्रधानमंत्री ने आयुष स्वास्थ्य योजना के तहत उत्कृष्टता के चार केंद्रों की स्थापना, ड्रोन के उपयोग के साथ स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार, ऋषिकेश में एम्स में हेलीकॉप्टर सेवा का उल्लेख किया।

आयुष्मान योजना से 4 करोड़ गरीबों को फायदा

देश में लगभग 4 करोड़ गरीबों ने इस योजना का लाभ उठाया है। ये 4 करोड़ गरीब अस्पताल में भर्ती हुए इनमें से कुछ को अलग-अलग बीमारियों के लिए इलाज कराया। इन्हें एक भी रुपया खर्च नहीं करना पड़ा। आयुष्मान योजना न होती तो गरीबों को करीब-करीब सवा लाख करोड़ रुपए अपनी जेब से देने होते। मैं इस योजना के लाभार्थियों से मिलता हूं, उनका सुख-दुख जानता हूं। उनकी आंखों में से जो खुशी के आंसू छलकते हैं, वो इस योजना से जुड़े हर व्यक्ति, डॉक्टर और पैरामेडिकल स्टाफ के लिए किसी आशीर्वाद से कम नहीं होते। इससे बड़ा आशीर्वाद क्या होगा। ऐसी योजना पहले कभी नहीं मिली।

जन औषधि केंद्र पर 80% डिस्काउंट दवा

गरीब हो, मध्यम वर्ग हो, सभी के लिए इलाज का खर्च कम से कम हो, ये हमारी सरकार की प्राथमिकता रही है। देश में 14 हजार से ज्यादा पीएम जन औषधि केंद्र इस बात के साक्षी हैं कि हमारी सरकार कितनी संवेदनशील है। जन औषधि केंद्र पर 80 फीसदी डिस्काउंट पर दवा मिलती है। ये न होते तो गरीबों-मध्यम वर्ग को 30 हजार करोड़ रुपया ज्यादा देना पड़ता। ये रुपए बच गए।

मेरी गारंटी पूरी हुई: मुझे आज संतोष है कि इस योजना का विस्तार हो रहा है। चुनाव के समय मैंने गारंटी दी थी कि तीसरे कार्यकाल में 70 वर्ष से ऊपर के सभी बुजुर्गों को इस योजना के दायरे में लाया जाएगा। आज धनवंतरि जयंती पर ये गारंटी पूरी हो रही है। अब 70 साल से ज्यादा उम्र के हर बुजुर्ग को अस्पताल में मुफ्त इलाज मिलेगा। ऐसे बुजुर्गों को आयुष्मान वय वंदना कार्ड दिया जाएगा। सरकार का प्रयास है कि यह काम जल्द से जल्द हो। ये ऐसी योजना है जिसमें आय की कोई पाबंदी नहीं है।

बुजुर्गों के लिए मील का पत्थर: बुजुर्ग स्वस्थ जीवन जियें और स्वाभिमान के साथ जियें। यह योजना इसके लिए मील का पत्थर साबित होगी। परिवार के खर्चे और चिंता कम होगी। इस योजना के लिए सभी देशवासियों को बधाई देता हूं। बुजुर्गों को प्रणाम करते हुए वय वंदना करता हूं।

बीमारी का मतलब परिवार पर बिजली गिरना होता था: हममें से अधिकतर लोग उस पृष्ठ भूमि से हैं, जहां बीमारी का मतलब पूरे परिवार पर बिजली गिरना होता है। गरीब के घर में कोई एक बीमार होता है तो असर घर के हर सदस्य पर पड़ता है। एक समय था जब इलाज में लोगों को घर, जमीन, गहने बेचने पड़ते थे। इलाज का खर्च सुनकर ही गरीब की आत्मा कांप जाती थी। बुजुर्ग मां सोचती थी कि अपना इलाज कराऊं या नाती-पोते की पढ़ाई। गरीब परिवार के बड़े-बुजुर्गों को चुपचाप तकलीफ सहने का रास्ता दिखाई देता था।

चुनाव आयोग ने हरियाणा कांग्रेस के आरोप खारिज किए

1600 पेज के लेटर में कहा- आरोप निराधार गलत और तथ्यहीन हैं, नसीहत भी दी

निर्वाचन सदन
NIRVACHAN SADAN
भारत निर्वाचन आयोग
ELECTION COMMISSION
OF
INDIA

बढ़ता राजस्थान

हरियाणा (एजेंसी)। हरियाणा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की तरफ से लगाए आरोपों को चुनाव आयोग ने खारिज कर दिया है। आयोग ने आरोपों को निराधार, गलत और तथ्यहीन बताया। यहीं नहीं आयोग ने कांग्रेस पार्टी को चुनाव दर चुनाव निराधार आरोप लगाने से बचने के लिए 1600 पेज का जवाब दिया है। चुनाव आयोग ने कहा कि कि मतदान और मतगणना के दिनों जैसे संवेदनशील समय पर गैरजिम्मेदाराना आरोप लगाने से अशांति और अराजकता पैदा हो सकती है। आयोग ने पिछले एक साल में 5 मामलों का हवाला देते हुए कांग्रेस पार्टी को सावधानी बरतने और बिना किसी सबूत के इलेक्टोरल ऑपरेशन पर आदतन हमला करने से बचने के लिए कहा।

16 अक्टूबर को दी गई याचिका : गौरतलब है कि 16 अक्टूबर को कांग्रेस की ओर से प्रिया मिश्रा और विकास बंसल ने हरियाणा विधानसभा चुनाव के दौरान 20 सीटों पर वोटिंग-काउंटिंग में गड़बड़ी के आरोप लगाकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। एडवोकेट नरेंद्र मिश्रा के माध्यम से दी गई याचिका में कहा गया था कि चुनाव आयोग ने ईवीएम से हरियाणा में चुनाव कराए हैं। उसी के आधार पर रिजल्ट भी घोषित किए हैं। मगर, कुछ ईवीएम 99 प्रतिशत बैटरी क्षमता पर काम कर रही थीं, जबकि कुछ 60-70 और 80 प्रतिशत से कम बैटरी क्षमता पर काम कर रही थीं। याचिकाकर्ताओं ने कहा कि कुछ ईवीएम में काउंटिंग वाले दिन भी 99 प्रतिशत बैटरी थी।

सीकर में बड़ा हादसा, पुलिया से टकराई बस

12 की मौत, 40 से अधिक घायल

बढ़ता राजस्थान

सीकर (नि.स.)। राजस्थान में सीकर जिले के लक्ष्मणगढ़ में निजी बस पुलिया से टकरा गई। हादसे में 12 लोगों की मौत हो गई। 35 से ज्यादा लोग घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए लक्ष्मणगढ़ और सीकर के अस्पताल ले जाया गया। 7 की हालत गंभीर होने पर जयपुर रेफर किया गया। हादसा लक्ष्मणगढ़ में पुलिया के नजदीक मंगलवार दोपहर 2 बजे के करीब हुआ। बस सालासर से नवलगढ़ जा रही थी। हादसा सालासर से 68 किमी दूर हुआ। हादसे में मरने वाले के परिजनों को 5 लाख और गंभीर घायलों को 50 हजार रुपए मुआवजा दिया जाएगा।

तेज रफ्तार होने के कारण बस घूम नहीं सकी : बस को लक्ष्मणगढ़ पुलिया से बायीं तरह से जयपुर-बीकानेर रोड की ओर जाना था। तेज रफ्तार में होने के कारण बस पूरी तरह घूम नहीं सकी और सीधे पुलिया से टकरा गई। बस का आगे का 3 से 4 फीट का हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बस पुलिया की दीवार से टकराई और ड्राइवर साइड का पूरा हिस्सा चकनाचूर हो गया। टक्कर के बाद बस में अफरा-तफरी मच गई। इसके बाद लोगों की भीड़ जुट गई और एक-एक कर सभी को नजदीकी लक्ष्मणगढ़ सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया।

मृतकों के परिजनों को 5 लाख, घायलों को 50 हजार रुपए मुआवजे का ऐलान : मंत्री सुमित गोदारा ने बताया- हादसे में मरने वाले के परिजनों को 5 लाख और गंभीर घायलों को 50 हजार रुपए मुआवजा दिया जाएगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दुर्घटना के तुरंत बाद सीकर जाकर घायलों से मिलने को कहा था। यहां पहुंचे और घायलों से मुलाकात की है।

मरने वालों की हुई पहचान : हादसे में मरने वाले 12 लोगों में लक्ष्मणगढ़ निवासी आनंद कंवर (40) पत्नी केशव सिंह, सीकर निवासी बाबूलाल (30) पुत्र आसाराम , बासनी निवासी (सीकर) गिरधर कंवर पत्नी किशन सिंह और लक्ष्मणगढ़ निवासी सोनी देवी पत्नी मिठू राम, लक्ष्मणगढ़ निवासी सरोज पत्नी सुभाष, लक्ष्मणगढ़ के सेठों की ढाणी (राजास) निवासी विनीता (32), लक्ष्मणगढ़ के वार्ड 33 निवासी सीमा वाल्मीकि (22), भूमां बासनी निवासी किरण कंवर, नेछवा के नरसास निवासी कमला (35), जाजोद निवासी बनारसी मेघवाल (55), फतेहपुर के कारंगा बड़ा निवासी नीरज उर्फ आदित्य मेघवाल (16), खाजूवाला (बीकानेर) निवासी प्रमोद सिंह (35) शामिल हैं।

30 घायलों का सीकर में चल रहा इलाज

एसके अस्पताल सीकर के सुपरिटेंडेंट महेंद्र खींचड़ ने बताया- 37 घायलों को सीकर में लाया गया था, इसमें से 7 को जयपुर रेफर कर दिया गया है। घायलों में अनिल शर्मा (28), साहिल खान (23), अमित (30), लक्ष्यराज सिंह, (5) माया (32), संजू (30), सोनिया (21), वंशिका (12), दीपिका (9), राजेश (34), सावित्री(60) , राहुल (17), पिंकी (30), ममता (32), सौम्या (30), मनीषा, जयकरण, प्रिया, राधा, गोपालराम, वर्षा, हेमंत, अंकित, संपत्ति देवी, अंकित, गुतली, अदीद, रिंकू, कनिका शामिल हैं।


Since 1976
A Trusted Brand of Years
Rama's
A Brand of M.K.Tailoring House
HAPPY Diwali
FESTIVAL OF LIGHTS
SPARKLE UP YOUR FESTIVAL WITH WIDE RANGE OF DESIGNER KURTIS & MEN'S KURTA
MANUFACTURER WHOLESALER & RETAILER
OUR STORES:
•SARAOGI MANSION
•GT CENTRAL
•MANSAROVAR
•SITAPURA
•KOTA
www.ramaskurti.com
Choose The Best Destination Wedding Venue
Rama's RESORT
KOTHUN, MAIN TONK ROAD HIGHWAY, NIWAI
GARDEN
BANQUET
AC ROOMS
RESTAURANT
SWIMMING POOL
EVENT FOOD & CATERING FACILITIES
FOR CORPORATE TIE-UP:
9414265911, 9261263628, 8233263628

सम्पादकीय कार्यालय:-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, प्रागपुरा में प्रसारित

एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स की सूचना पर हथियार लेकर बैठे शातिर बदमाश गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स पुलिस मुख्यालय की सूचना पर झालावाड़ जिले में थाना गंगधार पुलिस की ओर से जेता खेड़ी रोड स्थित गर्ल्स स्कूल के पास बैठे एक शातिर बदमाश युवराज सिंह (19) निवासी गंगाधर को गिरफ्तार कर एक अवैध देशी पिस्टल एवं दो जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। आरोपित के विरुद्ध पूर्व में भी अवैध हथियार से हत्या के प्रयास करने का मुकदमा दर्ज है। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स दिनेश एमएन ने बताया कि पुलिस मुख्यालय की एजीटीएफ टीम की सूचना पर झालावाड़ जिले की थाना गंगधार पुलिस ने एक शातिर बदमाश युवराज सिंह (19) निवासी गंगाधर को किसी अप्रिय अनहोनी से पहले अवैध हथियार सहित गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। एडीजी एमएन ने बताया कि टीम को सूचना मिली कि गंगधार थाना क्षेत्र के जेताखेडी रोड पर गर्ल्स स्कूल के पास खेल के मैदान के चबुतरे पर एक सन्दिग्ध व्यक्ति हथियार लेकर बैठा है। अगर उसे जल्दी पकडा नही गया तो वह यहां किसी भी वारदात को अंजाम दे सकता है।

जयपुर से झालावाड़ में काफी दूरी होने के कारण टीम वहां समय पर नही पहुंच सकती थी। समय के अभाव को देखते हुए टीम द्वारा कॉल कर स्थानीय थाना गंगधार से समन्वय स्थापित किया गया। गंगधार थाना पुलिस टीम ने तत्परता दिखाकर एजीटीएफ के बताये गये हुलिये के व्यक्ति युवराज सिंह को डिटेन कर तलाशी में एक अवैध पिस्टल मय दो जिन्दा कारतूस जब्त किया। इस सम्पूर्ण कार्यवाही में एजीटीएफ के हैड कांस्टेबल महावीर सिंह की विशेष भूमिका, एएसआई शंकर दयाल शर्मा, हैड कांस्टेबल महेश कुमार, नरेन्द्र सिंह, रविन्द्र सिंह, महावीर सिंह, कमल, कांस्टेबल नरेश कुमार, चालक सुरेश के साथ थाना गंगधार के कांस्टेबल बृजेश कुमार का सराहनीय सहयोग रहा है। एजीटीएफ टीम का नेतृत्व उपनिरीक्षक सुभाष सिंह तंवर द्वारा किया गया।

वरिष्ठ अध्यापक भर्ती पेपर लीक मामला

एसओजी ने पेपर लीक 47 आरोपियों के खिलाफ पेश की चार्जशीट

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। वरिष्ठ अध्यापक भर्ती पेपर लीक मामले में स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने 47 और आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट पेश की है। ईडी मामलों की विशेष अदालत में यह चार्जशीट उदयपुर के बेकरिया थाने में वर्ष 2022 में दर्ज मामले में पेश की गई है। इस मामले में एसओजी 18 आरोपियों के खिलाफ पूर्व में चार्जशीट पेश कर चुकी है। एसओजी एडीजी वीके सिंह ने बताया कि वरिष्ठ अध्यापक भर्ती पेपर लीक मामले में दो एफआईआर दर्ज की गई थी। एक सुखेर थाने में तथा दूसरी बेकरिया थाने में दर्ज की गई थी। सुखेर क्षेत्र में पुलिस ने लीक पेपर के साथ अभ्यर्थियों से भरी बस पकड़ी थी। सुखेर थाने में दर्ज मामले में गिरफ्तारी के बाद इन अभ्यर्थियों को कोर्ट ने जमानत दे दी थी। अब इनके खिलाफ जांच अधिकारी प्रकाशचंन्द्र शर्मा ने आरोप पत्र पेश किया गया है। पेपर लीक के इस मामले में कुख्यात सुरेश ढाका सहित कई आरोपियों को तलाश जारी है। उन्हें अदालत ने भगोड़ा घोषित किया है, जिनके अब इश्तहार भी जारी होंगे। मामले में विशेष लोक अभियोजक भंवर सिंह चौहान ने बताया कि पेपर लीक के इस मामले में ईडी ने भी मनी लॉन्ड्रिंग को लेकर कार्रवाई की है। ऐसे में उदयपुर की कोर्ट से दोनों मामले यहां ईडी कोर्ट में स्थानांतरित किए गए हैं।

नाबालिग ने दिया बच्चे को जन्म, पुलिस जुटी जांच में

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। सोडाला थाना इलाके में एक नाबालिग लड़की द्वारा बच्चे को जन्म देने का मामला सामने आया है। मामले की जांच थानाधिकारी सुरेन्द्र सिंह कर रहे हैं।

पुलिस ने बताया कि पश्चिम बंगाल की रहने वाली लड़की ने जनवरी-2024 में आरोपी कथित पति से लव मैरिज की थी। उसके बाद से दोनों सोडाला इलाके में किराए से रह रहे थे। कथित पति ने डिलीवरी के लिए उसे महिला चिकित्सालय सांगानेरी गेट में भर्ती करवाया गया। हॉस्पिटल में सिजेरियन डिलीवरी से उसने बच्चे को जन्म दिया। हॉस्पिटल स्टाफ की ओर से लड़की का आधार कार्ड की कॉपी मांगी गई। आधार कार्ड में लड़की की उम्र 13 साल अंकित मिली। नाबालिग लड़की के बच्चे को जन्म देने का पता चलने पर हॉस्पिटल स्टाफ ने पुलिस को सूचना दी। सोडाला थाना पुलिस ने हॉस्पिटल पहुंचकर मां बनी लड़की के पर्चा बयान लिए। पर्चा बयान में लड़की ने आधार कार्ड में उसकी उम्र 13 साल अंकित होना बताया, जबकि असल में उसकी उम्र 18 साल से अधिक होना बताया। पुलिस ने आधार कार्ड में नाबालिग होने के चलते कथित पति के खिलाफ मामला दर्ज किया। थानाधिकारी सुरेन्द्र सिंह का कहना है कि आधार कार्ड में लड़की की उम्र 13 साल अंकित है। लड़की के अन्य डॉक्यूमेंट की जांच करने पर बालिग होना सामने आया है। उसकी उम्र 18 साल 6 महीने करीब है।

एटीएम कार्ड बदलकर युवक के खाते से निकाले डेढ़ लाख

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। भट्टाबस्ती थाना इलाके में एटीएम कार्ड बदलकर बदमाशों ने एक युवक के खाते से डेढ़ लाख रुपए निकाल लिए। ठगी का पता पीडिता को मोबाइल पर मैसेज आने पर लगा।पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार तुलसी नगर निवासी सत्यनारायण मेहता ने मामला दर्ज करवाया कि वह रामनगर शॉपिंग सेंटर गया था वहां पर एटीएम मशीन से रुपए निकालने के दौरान बदमाश आए और उसे बातों में लगा लिया। रुपए निकालने के दौरान मशीन में एरर आ गया। इस पर बदमाशों ने उसे मदद करने की बात कहीं। मदद के बहाने बदमाशों ने उसका एटीएम कार्ड बदल लिया और फिर उससे कई बार में 150000 रुपए निकाल लिए। ठगी का पता मोबाइल पर बैंक से मैसेज आने पर लगा। इस पर पुलिस की शरण ली।

प्रमुख शासन सचिव ने किया भरतपुर के आरबीएम अस्पताल का निरीक्षण स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के दिए निर्देश

बढ़ता राजस्थान

जयपुर,(का.स.)। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौर ने मंगलवार को भरतपुर में राजकीय आरबीएम अस्पताल का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने अस्पताल की इमरजेंसी, आईसीयू, सामान्य वार्ड सहित विभिन्न इकाइयों का निरीक्षण किया। राठौर ने कहा कि मेडिकल कॉलेज से संबद्ध इस अस्पताल में अब लगभग 925 बैड की सुविधा उपलब्ध है। रोगियों को यहां बेहतर चिकित्सा सुविधा के लिए उपलब्ध फैकल्टी के अनुसार बैड ब्रेक-अप तैयार करें और रोगियों को सुगमता के साथ गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध करवाएं। प्रमुख शासन सचिव ने कहा कि नर्सिंगकर्मी रोगी के उपचार के दौरान सेवाओं में किसी तरह की लापरवाही नहीं बरतें। हर समय वार्ड में नर्सिंगकर्मी उपस्थित रहें और अपनी ड्यूटी पूरे अनुशासन के साथ करें।

सीसीटीवी कैमरे लगाएं, स्टाफ के बिना सूचना अनुपस्थित रहने पर करें कार्रवाई

प्रमुख शासन सचिव ने अस्पताल के स्टाफ को समय पर आने के लिए पाबंद करते हुए निर्देश दिए कि अस्पताल परिसर में सभी स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाकर नियमित मॉनिटरिंग की जाए। साथ ही, मुख्यालय के स्तर से भी इसकी समय-समय पर मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें कि अस्पताल में चिकित्सक एवं अन्य स्टाफ अपनी ड्यूटी पर आवश्यक रूप से उपस्थित रहें। अगर कोई कार्मिक बिना सूचना के अनुपस्थित पाया जाए तो नियमानुसार कार्रवाई करें।

रोगियों के साथ करें शलीन व्यवहार, साफ-सफाई बेहतर बनाएं

राठौर ने अस्पताल परिसर एवं शौचालयों में साफ-सफाई की स्थिति को सुधारने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधीक्षक एवं अन्य अधिकारी अस्पताल की साफ-सफाई को बेहतर बनाएं एवं मेंटीनेंस कार्यों को मिशन मोड में पूरा करें। उन्होंने अस्पताल कर्मियों को रोगियों एवं परिजनों के साथ शालीनता के साथ व्यवहार करने और अस्पताल में फ्रेण्डली माहौल रखने के निर्देश भी दिए

अनावश्यक रूप से रोगियों को रैफर नहीं करें

प्रमुख शासन सचिव ने कहा कि अस्पताल में विभिन्न रोगों के मरीजों को अनावश्यक रूप से निजी या अन्य अस्पतालों रैफर नहीं किया जाए। रोगी की स्थिति का आकलन कर यथासंभव अस्पताल में उपचार उपलब्ध करवाएं। अत्यधिक जटिल स्थितियों में या किसी विशेषज्ञ चिकित्सक की सेवाएं उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में ही रोगी को रैफर करें। उन्होंने जिले में टीकाकरण का शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने के भी निर्देश दिए। साथ ही, कहा कि आईएचएमएस पोर्टल पर नियमित रूप से डेटा अपडेट किया जाए, तथा इस डेटा का विश्लेषण करते हुए स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाया जाए। निरीक्षण के दौरान शासन सचिव चिकित्सा शिक्षा अम्बरीष कुमार, राजस्थान स्टेट हैल्थ एश्योरेंस एजेंसी की मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रियंका गोस्वामी, निदेशक आईईसी शाहीन अली खान, निदेशक जनस्वास्थ्य डॉ. रवि प्रकाश माथुर, निदेशक आरसीएच डॉ.सुनीत सिंह राणावत,अस्पताल अधीक्षक डॉ. नागेन्द्र सिंह भदौरिया सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

तम्बाकू कैम्पेन और दीपावली पर सावधानी विषय पर प्रेस वार्ता आयोजित

सीएमएचओ डॉ. विजय सिंह फौजदार ने दी जानकारी

बढ़ता राजस्थान

जयपुर प्रथम। मंगलवार को सीएमएचओ कार्यालय मे प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। इसमे सीएमएचओ डॉ. विजय सिंह फौजदार ने मीडिया को सम्बोधित करते हुए तम्बाकू कैम्पेन और दीपावली पर सावधानी विषय पर जानकारी दी। उन्होंने कहा कि दीपावली एक खूबसूरत त्यौहार है जो हमारे जीवन में खुशियांलेकर आता है। इस त्योहार को दोस्तों और परिवार के साथ मिलकर मनाने का अलग ही आनंद है, लेकिन इस त्योहार के मौसम में प्रदूषण, धूल और धुंध का स्तर भी बहुत ज्यादा होता है, जो हमारे स्वास्थ्य के लिए बहुत ही हानिकारक हो सकता है। दिवाली के समय होने वाले वायु प्रदूषण से अस्थमा, ब्रोंकाइटिस और सीओपीडी जैसी सांस की बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। इसके अलावा आंखों में जलन, खुजली, लालपन, आंखों में पानी और आंखों में संक्रमण होने का खतरा रहता है। इसलिए थोड़ा सावधानी बरतते हुए हम त्यौहार मनाने का आनंद ले सकते हैँ। बच्चों को भी आतिशबाजी के समय बड़ों का साथ रहना आवश्यक है, जिससे वे सुरक्षित रूप से त्योहार का आनंद ले सकें। साथ ही खान पान मे भी सावधानी रखनी आवश्यक है। खासतौर से ब्लड प्रेशर और शूगर के मरीजों को। ब्लड शुगर कंट्रोल में रखना चाहते हैं तो रोजाना नियमित तौर पर एक्सरसाइज जरूर करें। त्योहार के समय में इस रूटीन को जरा भी नजरअंदाज न करें। अच्छी और पर्याप्त नींद जरूर लें। दिवाली के समय में खुद को हाइड्रेटेड जरूर रखें। दिनभर में ढेर सारा पानी पिएं, आप हर्बल टी और जूस आदि का भी प्रयोग कर सकते हैं। इससे आपका स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा। यदि फिर भी किसी भी प्रकार की स्वास्थ्य समस्या होती है तो चिकित्सक से परामर्श लेने मे कोताही नहीं करें। तम्बाकू कैम्पेन के बारे मे जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि जिले में चिकित्सा विभाग की ओर से 'तम्बाकू फ्री यूथ कैम्पेन' 2.0 चलाया जा रहा है। गत 24 सितंबर से प्रारम्भ हुआ अभियान आगामी 23 नवंबर तक चलेगा। कैम्पेन के 60 दिवसीय कार्ययोजना के विभिन्न कार्यक्रमों के अंतर्गत जिले में ब्लॉक व ग्रामपंचायत स्तर पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर आमजन को तम्बाकू सेवन के खतरों के बारे में जागरूक किया रहा है। कार्य योजना के तहत जनप्रतिनिधियों के सहयोग से बैठकों में तम्बाकू मुक्त ग्राम पंचायत का प्रस्ताव लिए गए है। प्रत्येक पंचायत में रोल मॉडल बनाए जा रहे हैँ, जोकि आमजन को तंबाकू उत्पादों का सेवन नही करने हेतु प्रेरित करेंगे। अभियान के अंतर्गत जिला व ब्लॉक स्तर पर कार्यशालाओ का आयोजन किया गया है। तम्बाकू निषेध के प्रति जागरुकता हेतु मैराथन दौड़ आयोजित की गई है। हस्ताक्षर अभियान का आयोजन किया जा रहा है। जिले मे सेल्फी कॉन्टेस्ट भी चलाया जा रहा है, जिसमे युवावर्ग बढ़- चढ़कर भाग ले रहा है। साथ ही अभियान के अंतर्गत शिक्षण संस्थाओं, चिकित्सा संस्थानों, आंगनबाड़ियों को तंबाकू मुक्त करना, तंबाकू उपभोगियों की पहचान कर परामर्श व उपचार उपलब्ध कराना, डोर टू डोर सर्वे, चालान कार्यवाही और कम्युनिटी मोबलाइजेशन आदि गतिविधियां की जा रही हैँ।

हर्षोल्लास के साथ मनाई धनतेरस, बाजारों में रही भीड़

बढ़ता राजस्थान

फुलेरा (नि.स)। कस्बे एवं आस-पास के गांवों में मंगलवार को धनतेरस हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। पूरे दिन बाजारो में ग्राहकों की भीड़ रही। लोगों ने बर्तनों, इलेक्ट्रॉनिक्स और वाहनों की खरीदारी की। खरीददारी के लिए धनतेरस का पर्व सबसे शुभ माना जाता हैं। लोगों ने तरह-तरह की खरीदारी करी विशेषकर आभूषणों एवं बर्तनों की जमकर खरीदारी की। इसके अलावा मिट्टी के दीए की भी काफी खरीदारी हुई धनतेरस के दिन मान्यताओं के अनुसार विभिन्न प्रकार के बर्तनों सोने चांदी की खरीददारी करने से घर में सुख समृद्धि आती है और वर्ष पर्यंत धन आगमन के स्रोत बने रहते हैं और मां लक्ष्मी की कृपा सब पर बनी रहती हैं।

निर्माणाधीन भवन की 8वीं मंजिल से गिरने से युवक की मौत

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। एयरपोर्ट थाना इलाके में एक निर्माणाधीन भवन की 8वीं मंजिल से गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक बिल्डिंग की 8वीं मंजिल पर लोहा बांधने का काम कर रहा था। अनियंत्रित होने से ग्राउंड फ्लोर पर आकर गिरने से उसकी मौत हो गई। पुलिस ने रविवार को पोस्टमॉर्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। मृतक के बेटे ने लापरवाही के चलते पिता की मौत का आरोप लगाकर मामला दर्ज करवाया है।

जांच अधिकारी एएसआई रामलाल ने बताया कि हादसे में कुच बिहार पश्चिम बंगाल निवासी उत्तम (47) की मौत हो गई। वह विवेक विहार श्याम नगर में किराए से परिवार सहित रहते थे। वह पिछले तीन साल से ठेकेदार सुभाष दास के पास छत का लोहा बांधने का काम कर रहे थे। पिछले काफी समय से वह एयरपोर्ट इलाके में प्रेम निकेतन के पास बन रही बिल्डिंग में लोहा बांधने का काम कर रहे थे। शनिवार दोपहर को निर्माणाधीन बिल्डिंग की 8वीं मंजिल पर छत का लोहा बांधने का काम कर रहे थे। दोपहर करीब 4 बजे लोहा बांधते समय अनियंत्रित होकर नीचे ग्राउंड फ्लोर पर आकर गिरने से गंभीर घायल हो गए। गंभीर हालत में साथी मजदूरों ने उत्तम को एसएमएस हॉस्पिटल में एडमिट करवाया। डॉक्टर्स ने इलाज के दौरान उत्तम को मृत घोषित कर दिया।

मेडिकल सूचना पर एयरपोर्ट थाना पुलिस एसएमएस हॉस्पिटल पहुंची। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। मृतक के बेटे शुभूजीत दास ने ठेकेदार की लापरवाही के चलते पिता उत्तम की मौत का आरोप लगाकर रिपोर्ट दर्ज करवाई है।

जेडीए ने अवैध व्यावसायिक गोदाम को किया सील

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोन-08 कुषल नगर सांगानेर में आवासीय भूखण्ड संख्या 118, 121 में जेडीए की बिना अनुमति व स्वीकृति के व्यावसायिक प्रयोजनार्थ बने अवैध टीनषेडनुमा गोदामों की नियमानुसार पुख्ता सीलिंग की कार्यवाही की गई। उप महानिरीक्षक पुलिस श्री कैलाष चन्द्र विष्नोई ने बताया कि जोन-08 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित कुषल नगर सांगानेर, जिला जयपुर के आवासीय भूखण्ड संख्या 118 में जेडीए की बिना अनुमति व स्वीकृति के व्यावसायिक प्रयोजनार्थ अवैध टीनषेडनुमा निर्माण कर पार्सल की व्यावसायिक गतिविधियां किये जाने पर निर्माणकर्ता को धारा 32 जेडीए एक्ट के तहत नोटिस जारी कर अवैध निर्माण हटाने एवं व्यावसायिक गतिविधियां बन्द करने हेतु पाबंद किया गया था। परन्तु निर्माणकर्ता द्वारा अवैध निर्माण नहीं हटाने एवं व्यावसायिक गतिविधि बंद नहीं करने पर सक्षम स्तर से स्वीकृति प्राप्त कर धारा 34 (क) नोटिस जारी कर आज दिनांक 29.10.2024 को उक्त अवैध व्यावसायिक गोदाम के प्रवेष द्वारों इत्यादि को इंजीनियरिंग शाखा की मदद से ईंटों की दीवारों से चुनवाकर गेटों, शटरों पर ताले सील चपडी लगाकर नियमानुसार पुख्ता सीलिंग की कार्यवाही की गई। जविप्रा द्वारा सीलिंग में हुए व्यय-खर्च की नियमानुसार संबंधित से वसूली की जायेगी। जेडीए द्वारा जोन-08 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित कुषल नगर, सांगानेर, जिला जयपुर कें आवासीय भूखण्ड संख्या 121 में जेडीए की बिना अनुमति व स्वीकृति के व्यावसायिक प्रयोजनार्थ अवैध टीनषेडनुमा निर्माण कर पार्सल की व्यावसायिक गतिविधियां किये जाने पर निर्माणकर्ता को धारा 32 जेडीए एक्ट के तहत नोटिस जारी कर अवैध निर्माण हटाने एवं व्यावसायिक गतिविधियां बन्द करने हेतु पाबंद किया गया था। परन्तु निर्माणकर्ता द्वारा अवैध निर्माण नहीं हटाने एवं व्यावसायिक गतिविधि बंद नहीं करने पर सक्षम स्तर से स्वीकृति प्राप्त कर धारा 34 (क) नोटिस जारी कर आज दिनांक 29.10.2024 को उक्त अवैध व्यावसायिक गोदाम के प्रवेष द्वारों इत्यादि को इंजीनियरिंग शाखा की मदद से ईंटों की दीवारों से चुनवाकर गेटों, शटरों पर ताले सील चपडी लगाकर नियमानुसार पुख्ता सीलिंग की कार्यवाही की गई। जविप्रा द्वारा सीलिंग में हुए व्यय-खर्च की नियमानुसार संबंधित से वसूली की जायेगी। उक्त कार्यवाहियां मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन आदर्ष चौधरी के पर्यवेक्षण में उपनियंत्रक प्रवर्तन-प्रथम, प्रवर्तन अधिकारी जोन-08 तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई। उप महानिरीक्षक पुलिस जविप्रा जयपुर श्री कैलाष चन्द बिष्नोई ने समस्त नागरिकों से अपील है कि प्रवर्तन संबंधित षिकायतों को हेल्पलाईन नं. 0141 2565800, 0141 2575252, 0141 2575151 पर 24 7 सम्पर्क कर अवैध अतिक्रमणों के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे।

पत्रकार कॉलोनी विकास समिति ने किया मुहाना थाना अधिकारी का अभिनंदन

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। पत्रकार कॉलोनी क्षेत्रीय महासंघ और पत्रकार कॉलोनी विकास समिति की ओर से मुहाना थाना अधिकारी मदन कड़वासरा और उनकी टीम का माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर अभिनंदन किया गया। यह अभिनंदन मुहाना क्षेत्र में पुलिस की तत्पर सेवाओं और बेहतरीन उपलब्धियों के लिए किया गया। इस अवसर पर पत्रकार कॉलोनी विकास समिति अध्यक्ष अजय शुक्ला ने सवा करोड़ की डकैती को 72 घंटे में हल करने पर टीम मुहाना का सम्मान कर उत्साह वर्धन किया।

समिति अध्यक्ष अजय शुक्ला ने बताया कि समारोह में वरिष्ठ पत्रकार अजय शर्मा, पूर्व पार्षद एवं पूर्व बिजली बोर्ड चेयरमैन धर्म सिंह सिंघानिया, डॉक्टर अखिलेश जैन और अरुण शर्मा, लव शर्मा, धीरज मिश्रा और अनिल टिलवानी आदि ने माल्यार्पण कर पुलिस टीम का स्वागत किया और बधाई प्रेषित की।

पुलिस मुख्यालय में राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में

डीजीपी साहू ने पुलिस अधिकारियों और कार्मिकों को दिलाई एकता की शपथ

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) उत्कल रंजन साहू ने मंगलवार को पुलिस मुख्यालय में लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती (राष्ट्रीय एकता दिवस) के उपलक्ष्य में पुलिस अधिकारियों और पुलिसकर्मियों को राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा में स्वयं को समर्पित करने की शपथ दिलाई। डीजीपी साहू ने पुलिस मुख्यालय के एडीजी, आईजी, डीआईजी और एसपी स्तर के ऑफिसर्स सहित अन्य अधिकारियों और कार्मिकों को शपथ दिलाते हुए देश वासियों के बीच भी राष्ट्रीय एकता के संदेश के प्रसार का आह्वान किया।

क्रिटिकल केयर ब्लाक्स में मिलेगी विश्वस्तरीय सुविधाएं : उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी

बढ़ता राजस्थान

करौली (शुभम तिवाड़ी) । नवें आयुर्वेद दिवस के उपलक्ष पर आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से मंगलवार को प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के करकमलों द्वारा करौली जिला मेडिकल कॉलेज सहित राजस्थान के आठ जिलों में 'क्रिटिकल केयर ब्लॉक' का शिलान्यास किया गया।

इस ब्लाक का निर्माण 23.75 करोड़ की लागत से किया जाएगा। जिसमें गंभीर बीमारियों से ग्रसित लोगो व दुर्घटना में घायलों स्थानीय स्तर पर ही विश्व स्तरीय चिकित्सा सुविधाओं का लाभ मिल सकेगा और उन्हें रेफर करने से निजात मिलेगी। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री द्वारा विभिन्न राज्यों में मेडिकल कॉलेज एवं क्रिटीकल केयर यूनिट का लोकार्पण एवं शिलन्यास किया गया, इसके अलावा सीनियर सिटीजन के लिए चिकित्सीय योजना का शुभारंभ भी किया गया। करौली में कार्यक्रम की मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि धनतेरस के अवसर पर माननीय प्रधानमंत्री के द्वारा वीसी के माध्यम देशभर में विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं का शुभारंभ किया गया है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि आधुनिक सुविधाओं से युक्त 23.75 करोड़ की लागत से बनने जा रहे 'क्रिटिकल केयर ब्लॉक' से करौली सहित आसपास के क्षेत्र के लोगों को बेहतर चिकित्सा सेवाएं प्रदान कर प्रदेश के स्वास्थ्य ढाँचे को और अधिक मज़बूती देगा व आदरणीय प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन और माननीय मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक उत्तम स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने की हमारी डबल इंजन सरकार की परिकल्पना को साकार करेगा। उप मुख्यमंत्री ने बताया कि जिले में क्रिटीकल केयर यूनिट में वर्ल्ड क्लास सुविधाएं मिलेगी तथा ब्लॉक्स में सभी प्रकार के उपकरण, विशेषज्ञ डॉक्टर तथा स्टाफ आपातकालीन सुविधाओं के लिए उपस्थित रहेंगे, जिससे की मरीजों को समय पर हर संभव उपचार मिलेगा ।

जिला स्तर पर सुविधाऐं मिलने पर उपचार के लिए उन्हे जिले से बाहर जाना नही पडेगा। इस अवसर पर सांसद करौली-धौलपुर भजनलाल जाटव, विधायक करौली दर्शन सिंह गुर्जर, विधायक सपोटरा हंसराज मीणा, जिला प्रभारी सचिव आशुतोष एटी पेडनेकर, जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना, पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय, पूर्व विधायक रोहिणी कुमारी, राजकुमारी जाटव सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

फर्जी थानेदार चढ़ी पुलिस के हत्थे

साहवा पुलिस ने 12वीं पास दिल्ली पुलिस की 24 वर्षीय फर्जी महिला उप निरीक्षक को किया गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

साहवा (नि.स.)। साहवा थानाधिकारी अलका विश्नोई ने जानकारी देते हुए बताया कि फर्जी महिला थानेदार ने फर्जी पुलिस कार्ड, पुलिस की वर्दी कैप, बैल्ट पहनकर टोल, मन्दिरो पार्किंग का दिल्ली जयपुर, हरियाणा मे तीन साल से वी.आई.पी सुविधा का फायदा उठा रही थी । वाछित अपराधियो एंव सदिग्ध गतिविधियो में लिप्त व्यक्तियो की धरपकड हेतु चलाये गये विशेष अभियान के तहत पुलिस ने इस फर्जीवाड़े का भंडाफोड़ किया। थानाधिकारी अल्का बिश्नोई ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली की देवगढ़ गांव की महिला अन्जु शर्मा द्वारा पिछले काफी समय से दिल्ली पुलिस की महिला उप निरीक्षक बताकर वीआईपी सुविधा लेना व बेरोजगार युवक व युवतीयो को सरकारी नौकरी मे भर्ती कराने के एवज मे लाखो रूपये एंठ चुकी है जिस पर महिला अन्जु शर्मा के बारे में गोपनीय रूप से जानकारी ली गई तथा संदिग्ध महिला अन्जु शर्मा को दस्तयाब कर दिल्ली पुलिस उप निरीक्षक से सबधित दस्तावेज व पदस्थापन के सबधं मे पुछताछ की गई तो अन्जु शर्मा ने स्वयं को दिल्ली पुलिस में फर्जी थानेदार बनकर पिछले तीन साल से दिल्ली मे रहकर अपने रिस्तेदारो ,परिवारजन और पडौसीयो को दिल्ली पुलिस मे थानेदार बताकर लोगो को नौकरी लगाने का झांसा देकर लाखो रूपये एठने की बात सामने आई। फर्जी महिला थानेदार से पुलिस द्वारा पुछताछ करने पर थाना ईलाका के कई लोगो ने अन्जु शर्मा द्वारा सरकारी नौकरी के नाम पर ठगी करने की सुचना प्राप्त होने पर थानाधिकारी द्वारा टीम का गठन किया गया ।

हैड कांस्टेबल की नौकरी लगवाने के नाम पर लिए 12.93 लाख : दिल्ली पुलिस की फर्जी थानेदार बनकर युवक युवतियों से कथित करोड़ों रुपए वसूलने वाली फर्जी थानेदार पुलिस के हत्थे चढ़ गई। इस संबंध में अर्जुन लाल पुत्र श्री महावीर सिह जाति नाई उम्र 25 साल निवासी बनडा पुलिस थाना साहवा ने अन्जु शर्मा पुत्री रामचन्द जाति ब्राहमण निवासी देवगढ पुलिस थाना साहवा द्वारा स्वंय को दिल्ली पुलिस मे उप निरीक्षक पद पर पदस्थापित होने व परिवादी को दिल्ली पुलिस में हैड कानिस्टेबल के पद पर नौकरी लगवाने के नाम पर 12.93 लाख रूपये एठने की रिपोर्ट दी। जिस पर पुलिस ने अभियोग दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस ने फर्जी उपनिरीक्षक अन्जु शर्मा से पुछताछ कर उसे गिरफतार कर लिया।

धनतेरस के साथ ही पांच दिवसीय दीपावली पर्व शुरू सोजतिया ज्वैलर्स पर उमड़ी भीड़, 153 लोगों को टोकन दिये

बढ़ता राजस्थान

उदयपुर (दिनेश गोठवाल)। धनतेरस के साथ ही आज से पांच दिवसीय दीपावली पर्व प्रारम्भ हुआ। धनतेरस पर साजतिया ज्वैलर्स पर भीड़ उमड़ पड़ी। बाजार में त्यौहारी खरीद को लेकर रौनक रही। सवेरे से ही सोजतिया ज्वैलर्स पर सोने-चांदी के सिक्कें खरीदने वालों की भीड़ रही। जिस कारण 153 ग्राहकों को टोकन दिये गये और उन्होंने अपनी बारी की प्रतिक्षा की।

सोजतिया ज्वैलर्स के निदेशक डॉ. महेन्द्र सोजतिया ने बताया कि इन दिनों सोने-चांदी के भावों में तेजी है लेकिन ग्राहकों के उत्साह में कोई कमी देखने को नही मिल रही है। उन्होंने बताया कि सोजतिया ज्वैलर्स पर लाईट वैट ज्वैलरी लॉन्च की गई जिस कारण ग्राहकों के बजट पर कोई प्रभाव नही पड़ा है। सोजतिया ज्वैलर्स के संस्थापक प्रो. रणजीतसिंह सोजतिया ने बताया कि धनतेरस पर रीजनेबल तथा फिक्स्ड मेकिंग चार्ज चार्ज के चलते सोजतिया ज्वेलर्स की तीनों मंजिलों पर पांव रखने की जगह नहीं बची। आज धनतेरस के शुभ मुहूर्त में ग्राहको ने अपनी पहले से बुकिंग ज्वेलरी की डिलीवरी ली, वही अन्य ग्राहकों ने जमकर खरीदारी की। इस बार खरीदारी में विशेष बात यह रही कि युवा वर्ग ने भी पूरे उत्साह के साथ खरीदारी की। कहा जाता है की धनतेरस पर सोने और चांदी की खरीद को मां लक्ष्मी को साक्षात घर ले जाने के समान माना गया है। उन्होंने बताया कि पिछले दिनों सोने के भावों आयी तेजी के बावजूद ग्राहकों में खरीदारी के प्रति उत्साह है तथा उन्होंने धनतेरस की भरपूर खरीदी की है। डॉ ध्रुव सोजतिया ने बताया कि सोजतिया ब्रांड के शुद्ध 999 चांदी के सभी वजन में सिक्के खुब बिके। उन्होंने कहा कि हॉलमार्क युक्त पायल ,बर्तन तथा मूर्तियों का एक बेहतरीन कलेक्शन ग्राहकों ने खरीदा। उन्होंने कहा की सोजतिया पर सबसे रीजनेबल तथा फिक्स्ड मेकिंग चार्ज के कांसेप्ट से ग्राहक विश्वास के साथ बिना बारगेनिंग किए अपनी मनपसंद ज्वेलरी की खरीद रहा है। भारत का विश्वसनीय रिटेल ज्वेलर्स पुरस्कार से सम्मानित सोजतिया ज्वेलर्स के निदेशक डॉ.ध्रुव सोजतिया ने बताया कि इस वर्ष दीपावली पर लोगों का उत्साह देखते देखने लायक था। उन्होंने कहा कि सोजतिया ज्वेलर्स पर 916 हॉलमार्क ज्वेलरी, कोलकाता, कुंदन ,मीना में एक से एक नयी डिजाइन ग्राहकों के लिए चुन चुन कर निर्मित की गई है तथा भारत के बड़े शहरों से ज्वेलरी खरीदी गई है। नेहल सोजतिया ने बताया कि आड , माथा पट्टी ,बाजू, कांकण, पोंहुंच पहुंच राव तुसी चंद बली हथ फूल आदि की शानदार कारीगरी ग्राहकों के लिए तैयार की गई है।

किशन वंदे उदयपुर डिस्ट्रिक्ट कराटे एसोसिएशन के चेयरमैन बनें

बढ़ता राजस्थान

उदयपुर (दिनेश गोठवाल)। डिस्ट्रिक्ट कराटे एसोसिएशन के सचिव संजू सिंह के नेतृत्व में उदयपुर डिस्ट्रिक्ट कराटे एसोसिएशन की बैठक आयोजित की गई। जिसमें कार्यक्रम में कराटे एसोसिएशन के पद दायित्व की घोषणा की गई। संजूसिंह ने बताया कि सेन्साई किशन वंदे को उदयपुर डिस्ट्रिक्ट कराटे एसोसिएशन के चेयरमैन पद पर मनोनीत किया गया। इस कार्यक्रम में कराटे एसोसिएशन के सचिव संजू सिंह, कोषाध्यक्ष पंकज चौधरी, तकनीकी निदेशक ललित वैरागी, एवं सदस्य और मुख्य अतिथि उपस्थित थे। अतिथियों में मुख्य रूप से सीडलिंग स्कूल के चेयरमैन और स्कूल के प्रधानाचार्य एवं विशेष गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

समाधि लगाने की बात को लेकर दो पक्षों में विवाद प्रशासन की समझाइश के बाद मृतक को समाधि दी गई

बढ़ता राजस्थान

चाकसू (गिरिराज प्रसाद शर्मा)। चाकसू उपखंड की छांदेल पंचायत के आदर्श ग्राम केशव पुरा में गोस्वामी समाज के एक वयोवृद्ध व्यक्ति की मृत्यु होने पर शव की समाधि लगाने के स्थान को लेकर गांव वालों ने विरोध किया। विवाद के दौरान ही विरोध करने वालो ने मृतक के भतीजे लक्ष्मीनारायण पुरी पर अचानक हमला कर घायल कर दिया सिर पर गहरी चोट लगने के कारण चाकसू अस्पताल लाया गया। मरीज की गंभीर हालत देखते हुए चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद जयपुर रैफर कर दिया ,वहां भी हालत गंभीर बताई जा रही है, घायल आईसीयू में एडमिट है। विवाद की सूचना पर चाकसू थानाप्रभारी राजू राम बामनिया एवं कोटखावदा थानाप्रभारी अब्दुल वहीद दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे। विधायक चाकसू रामावतार बैरवा एवं विधायक सिविल लाइंस गोपाल शर्मा द्वारा प्रशासनिक अधिकारियों, जिला कलेक्टर एवं एसडीएम को तत्काल कार्यवाही कर मामले को हल करने के निर्देश मिलने पर अधिकारी सक्रिय हुए एवं दौनो पक्षों को समझाइश के बाद मृतक को सम्मानित विधिविधान पूर्वक समाधि दी गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार छांदेल निवासी वयोवृद्ध गजानंद पुरी गोस्वामी का निधन हो गया , निकटवर्ती ग्राम केशव पुरा में ही बड़े-बुजुर्गों की समाधियां लगी हुई है, वहां पर ग्रामवासियों का पूर्व से ही विरोध चला आ रहा है। हल्का पटवारी के अनुसार यह सरकारी भूमि है एवं सार्वजनिक श्मशान के लिए आवंटित की गई है। गोस्वामी समाज की समाधियां पहले भी लगी हुई है। ग्रामवासियों की भी आपत्ति चली आ रही है। बार बार विवाद के बाद भी स्थाई समाधान नहीं निकला। संभवत: इस बार समाधिस्थल एवं श्मशान का अलग-अलग डिमार्केशन हो जाने पर सर्वमान्य हल निकल सकेगा। समाज के सभी लोगों ने जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ साथ थानाधिकारी चाकसू राजूराम बामनिया एवं कोटखावदा थानाप्रभारी अब्दुल वहीद की सक्रियता एवं विवाद का तात्कालिक हल निकालने के लिए सराहना की है।

दीपावली पर्व पर राशन सामग्री पा कर ग्रामीणों के चेहरों पर छायी खुशियां

बढ़ता राजस्थान

उदयपुर (दिनेश गोठवाल)। कॉलेज के समय युवाओं के बनें संगठन सर्व सेवा संगठन ने मंगलवार को बड़गांव पंचायत समिति के निकटवर्ती तीन गांवों बड़ंगा,धार,बनाध्या के 200 से अधिक लोगों को सरपंच शांतिलाल गमेती की अनुशंसा पर राशन सामग्री के किट वितरीत कर उन लोगों के घरों में उजाला किया। संगठन के अध्यक्ष हितार्थ गोठवाल ने बताया कि संगठन के सदस्यों अर्चित चित्तौड़ा,निशेध व्यास, युवराजजीतसिंह,समरप्रीतसिंह,आर्यन जैन,करण अरोड़ा,अमित दशोरा,चिराग करणपुरिया,विराट संचेती,सीया तेजवानी, ऋतिक कोठारी,रानू नागौरी आदि सदस्य पिछले 4 वर्षो से उदयपुर के आस-पास के गांवों में जा कर दीपावली पर्व पर जरूरतमंदों को सामग्री का वितरण करते है। इस बार भी सभी जरूरतमंदो को आटा,चावल दाल, नमक,कम्बल व चप्पल,बच्चों को नाश्ते व मिठाइ के पैकेट वितरीत किये। अर्चित चित्तौड़ा एवं निशेध व्यास ने बताया कि कॉलेज के समय ही सभी दोस्तों ने एक संगठन बनाया और उसके माध्यम से अलग-अलग क्षेत्रों में जा कर दीपावली के पर्व पर उनकी जरूरतों को पूरा करनें का प्रयास करते है। इस बार यह अब तक का सबसे बड़ा फूड ड्राईव था। समरप्रीतसिंह ने बताया कि इसके पीछे मुख्य उद्देश्य समाज के जरूरतमंद वर्ग की दीपावली के त्यौहार पर मदद करना है क्योंकि उन्हें भी दीपावली त्यौहार मनानें का पूरा अधिकार है। इस संगठन की शुरूआत बहुत कम लोगों के साथ ही की गई थी लेकिन आज 4 वर्षो में इसके कार्यो को देखते हुए इससे काफी सदस्य जुड़ गये,जो इस बार की ओर इंगित करते है कि उनमें भी समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी की निर्वहन करने की ईच्छा है।

चाबी बनाने के बहाने अलमारी से दो बदमाश ले गए नगदी-जेवरात

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। मालवीय नगर थाना इलाके में अलमारी की चाबी बनाने वाले दो बदमाशों ने लूट की वारदात को अंजाम दिया। पीड़ित को जब खुद के साथ लूट होने की जानकारी मिली तो वह पुलिस के पास पहुंचा। शिकायत दर्ज कराई पुलिस ने पीड़ित की रिपोर्ट पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ शिकायत दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जांच अधिकारी एएसआई जगराम ने बताया कि आसन दास पोपतानी (78) निवासी 1/264 मालवीय नगर ने मामला दर्ज करवाया कि उनकी अलमारी की चाबी खो गई थी। इस पर रास्ते में जा रहे दो चाबी बनाने वाले युवकों को उन्होंने घर बुलाया। अलमारी दिखाई जिस पर दोनों युवक अलमारी की चाबी बनाने लगे। कई समय तक वह उनके सामने ही रहे, लेकिन उस दौरान अलमारी नहीं खुली उस के बाद दोनों युवक यह कहते हुए चले गए कि हम दोनों थोड़ी देर में वापस आते हैं। फिर से प्रयास करेंगे और अलमारी को खोल देंगे। काफी समय तक दोनों युवक नहीं आई।

आसन दान ने अलमारी को चैक किया तो अलमारी खुली हुई मिली। इस पर अलमारी का लॉकर चैक किया। उसमें से एक बैग गायब मिला। इसमें नगदी और जेवरात थे। जो दोनों बदमाशों ने लॉक ठीक करने के दौरान उसे गायब कर किया। पुलिस ने रिपोर्ट के आधार पर एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं।

लोकतंत्र के सशक्तीकरण में मीडिया की भूमिका अहम : सुराणा

फोटोयुक्त मतदाता सूचियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2025 को लेकर जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने ली राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक, प्रेस वार्ता में दी जानकारी

बढ़ता राजस्थान

चूरू,(नि.स.)। भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली तथा निर्वाचन विभाग राजस्थान की ओर से अर्हता तिथि 1 जनवरी 2025 के संदर्भ में फोटोयुक्त मतदाता सूचियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के सिलसिले में मंगलवार को जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक ली तथा प्रेस वार्ता का आयोजन कर इससे संबंधित जानकारी प्रदान की। इस दौरान एडीएम अर्पिता सोनी, एडीपीआर कुमार अजय, डीडीआईटी नरेश कुमार छिंपी, एपीआरओ मनीष कुमार, भू-अभिलेख निरीक्षक शिवप्रकाश शर्मा सहित अधिकारीगण, राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि एवं मीडियाकर्मी मौजूद रहे।

इस मौके पर जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने कहा कि मतदाता सूचियों का शुद्ध और अद्यतन होना चुनाव के लिहाज से अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। निर्वाचन आयोग की यह कोशिश रहती है कि प्रत्येक पात्र वयस्क मतदाता सूची में शामिल हो तथा प्रत्येक मतदाता अपने वोट के अधिकार का उपयोग करे। उन्होंने मीडिया प्रतिनिधियों से अनुरोध किया कि लोकतंत्र के सशक्तीकरण में मीडिया की अहम भूमिका है।

सभी मीडियाकर्मी इस विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करें ताकि कोई भी पात्र वयस्क फोटोयुक्त मतदाता सूची में आने से वंचित नहीं रहे।

10 तथा 24 नवंबर को विशेष अभियान की तिथियां : इस मौके पर जिला कलक्टर ने बताया कि 29 अक्टूबर, 2024 को मतदाता सूचियों का प्रारूप प्रकाशन कर दिया गया है। 28 नवंबर 2024 तक दावे व आपत्तियां प्राप्त किए जाएंगे। संबंधित भाग की प्रविष्टियों का ग्राम सभा, स्थानीय निकाय तथा आवासीय वेलफेयर सोसायटी के साथ बैठक आयोजित कर 9 तथा 23 नवंबर को पठन किया जाएगा। राजनैतिक दलों तथा बूथ स्तरीय अभिकर्ताओं के साथ 10 तथा 24 नवंबर को विशेष अभियान आयोजित कर दावे व आपत्तियां ली जाएंगी। 24 दिसंबर तक दावे व आपत्तियों का निस्तारण किया जाएगा तथा 6 जनवरी को मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। विशेष अभियान की तिथियों को बीएलओ अपने-अपने मतदान केन्द्रों पर उपस्थित रहकर दावे एवं आक्षेप प्राप्त करेंगे।

चूरू जिले में 1565 मतदान केंद्रों पर 16,56,765 मतदाता पंजीकृत : जिले में वर्तमान में मतदान केंद्रों की संख्या 1565 है तथा 16,56,765 मतदाताओं की फोटोयुक्त मतदाता सूचियों का प्रारूप प्रकाशन किया गया है।

उन्होंने बताया कि जिले में वर्तमान में सादुलपुर विधानसभा में 250135, तारानगर विधानसभा में 263951, सरदारशहर विधानसभा क्षेत्र में 308816, चूरू विधानसभा क्षेत्र में 258402, रतनगढ़ विधानसभा क्षेत्र में 280736 तथा सुजानगढ़ विधानसभा क्षेत्र में 294725 मतदाता हैं।

जिले में दिनांक 1 जनवरी 2025 की अनुमानित जनसंख्या के अनुसार लिंगानुपात 923 है जिसके विरूद्ध प्रारूप मतदाता सूची में 29 अक्टूबर को लिंगानुपात 919 है। जिले में 1 जनवरी 2025 को अनुमानित जनसंख्या में 18-19 आयु वर्ग की जनसंख्या 3.58 प्रतिशत है, जिसके विरूद्ध जिले में 18-19 आयु वर्ग के पंजीकृत मतदाताओं का प्रतिशत 1.12 है।

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को यह सूचित किया जाता है, कि राजनीतिक दल हिंदुस्तान लिबरल फ्रंट (पैसिफिक) नाम से रजिस्ट्रीकृत होना प्रस्तावित है, पार्टी कार्यालय पता : 72, 6 D इंजीनियर कॉलोनी, भंवर नगर, मान्यावास, मानसरोवर, जयपुर -302020

इस दल ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 29क के अधीन राजनीतिक दल के रूप में रजिस्ट्रीकरण के लिए भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली को आवेदन प्रस्तुत किया है, पार्टी के पदाधिकारियों के नाम / पता नीचे दिए गए है, अध्यक्ष संदीप सिंह पता : 19 A , कुमावत बाड़ी, खातीपुरा जयपुर;
महासचिव- प्रताप सिंह, पता : बी 26 , नित्यानंद नगर, वैशाली नगर, जयपुर
कोषाध्यक्ष आकांक्षा शर्मा पता : 75, शालीमार बाग एक्सटेंशन, हीरापुरा, वैशाली नगर, जयपुर 302021, राजस्थान । यदि किसी को राजनीतिक दल हिंदुस्तान लिबरल फ्रंट (पैसिफिक) के पंजीकरण पर कोई आपत्ति है तो वे इस नोटिस के प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर सचिव (राजनीतिक दल) भारतीय निर्वाचन आयोग, निर्वाचन सदन, अशोक रोड, नई दिल्ली-110001 को अपनी आपत्ति भेज सकते है।

सम्पादकीय

चांद पर इंसान भेजेगा भारत

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) आज भारत का गौरव है। इसरो की स्थापना 1962 में हुई थी। तब तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू ने अंतरिक्ष कार्यक्रमों में भारत की भागीदारी का स्वप्न देखा था। उस समय प्रमुख वैज्ञानिक डॉक्टर विक्रम साराभाई को इसकी कमान दी गई थी। उस समय भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष अनुसंधान समिति की स्थापना हुई। बाद में व्यापक दृष्टिकोण के साथ इसका स्थान इसरो ने ले लिया। भारत की इस अग्रदूत संस्था ने विगत आधी सदी में अंतरिक्ष के क्षेत्र में एक के बाद एक कीर्तिमान स्थापित किए और सबसे बड़ी बात यह है कि अपने सीमित साधनों और सस्ती स्वदेशी तकनीक के साथ इसने विश्व की चोटी की अंतरिक्ष संस्थाओं की बराबरी कर ली। एक समय ऐसा भी था जब संसाधनों की कमी की वजह से रॉकेटों को बैलगाड़ी से ले जाया जाता था। इसके अलावा भारतीय वैज्ञानिक हर रोज दोपहर का खाना रेलवे स्टेशन पर खाया करते थे।

इसरो ने राष्ट्र और आम जनता की सेवा के लिए अंतरिक्ष विज्ञान को एक नई पहचान दी है। इसरो के पास संचार उपग्रह तथा सुदूर संवेदन उपग्रहों का बृहत्तम समूह है जो द्रुत तथा विश्वसनीय संचार एवं भू-प्रेक्षण की बढ़ती मांग को पूरा करता है। इसरो राष्ट्र के उपयोग के लिए विशिष्ट उपग्रह उत्पाद एवं उपकरणों को प्रदान करता है जैसे कि प्रसारण, संचार, मौसम पूर्वानुमान, आपदा प्रबंधन उपकरण, भौगोलिक सूचना प्रणाली, मानचित्रकला, नौवहन, दूर-चिकित्सा आदि। इन उपयोगों के कारण, विश्वसनीय प्रमोचक प्रणालियां विकसित करना आवश्यक था इससे संपूर्ण आत्मनिर्भता हासिल हुई और ध्रुवीय उपग्रह राकेट (पी.एस.एल.वी.) के रूप में उभरी। प्रतिष्ठित पी.एस.एल.वी. विभिन्न देशों के उपग्रहों का सबसे प्रिय वाहक बन गया, अपनी विश्वसनीयता एवं लागत प्रभावी होने के कारण जिससे अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा मिला। इसरो के चन्द्रयान-1 और चन्द्रयान-3 सफलतापूर्वक लांच कर पूरी दुनिया को दांतों तले उंगलियां दबाने को मजबूर कर दिया। कोई कल्पना नहीं कर सकता था कि इसरो दुनिया की एक अंतरिक्ष ताकत बन जाएगा। हर भारतीय नागरिक के लिए यह खुशी की बात है कि इसरो ने अब अपने अंतरिक्ष मिशनों की तारीखों की घोषणा कर दी है। इसरो प्रमुख एस. सोमनाथ ने घोषणा कर दी है कि मानव युक्त अंतरिक्ष मिशन गगनयान 2026 में लांच होने की सम्भावना है। साथ ही चांद से सैंपल लेकर आने वाले मिशन चन्द्रयान-4 को वर्ष 2028 में लांच किया जाएगा। भारत और अमेरिका के संयुक्त अभियान को 2025 में लांच किया जाएगा जबकि चन्द्रयान-5 मिशन जापान की अंतरिक्ष एजैंसी के साथ मिलकर पूरा किया जाएगा। चन्द्रयान-5 मिशन के तहत जो रोवर भेजा जाएगा वो करीब 350 किलो का होगा। इसरो की योजना वर्ष 2040 में चांद पर इंसानी मिशन भेजने की है। इसमें कोई संदेह नहीं कि विगत वर्षों में इसरो ने अनेक उपलब्धियां अपने नाम की हैं और अविश्वसनीय कीर्तिमान बनाए हैं। फिलहाल कुछ चुनौतियां भी सामने हैं, जैसे- लांच वाहनों को उन्नत तकनीक से युक्त करना, अंतरिक्ष यात्रियों को प्रशिक्षण देने के लिए दक्ष ट्रेनिंग सेंटर्स का निर्माण, जीवन रक्षा प्रणालियों और उन्नत स्पेस सूट का विकास आदि। हमारे देश के समर्पित वैज्ञानिक इस दिशा में निरंतर कार्य कर रहे हैं।

पूरा विश्व दीपावली की रोशनी व दियों की जगमगाहट से सराबोर होगा

पिछले वर्षों की परंपरा को जारी रखते हुए, राष्ट्रपति अपनी स्पीच से पहले ब्लू रूम में दीया जलाए,इसके बाद वह भारतीय अमेरिकियों के एक ग्रुप को संबोधित किए ,जिनके लिए वह एक रिसेप्शन आयोजित किए।पिछले साल भी उन्होंने दिया जलाकर दिवाली की बधाई सभी को दी थी, यह आखिरी मौका होगा जब वो व्हाइट हाउस में दिवाली मनाएंगे क्योंकि उन्होंने खुद को राष्ट्रपति पद की रेस से इस बार बाहर कर लिया है। राष्ट्रपति पद के लिए मुकाबला अब पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और कमला हैरिस के बीच है जो चुनाव 5 नवंबर 2024 को होगा।

एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र

व्हाइट हाउस अमेरिका में दिवाली

वैश्विक स्तरपर दुनियाँ में भारत एक ऐसाअकेला देश है जो सदियों से अपनी रीति रिवाजो, मान्यताओं अपने पूर्वजों की संस्कृतियों से चलने वाला देश है।हालांकि दुनियां में भारत ही एक अकेला ऐसा देश है, जहां हजारों, लाखों जाति समाज धर्म समुदाय सेसारोबार हैं, जहां एकता में अनेकता का भाव है।यही कारण है कि हर धर्म समाज जाति समुदाय के मानुषी जीव अपनेअपने धर्म समुदायों के त्यौहार बड़े धूमधाम से मनाते हैं, परंतु इतिहास में सदियों से चल रहा एक पर्व दीपावली को मनाने का अगर हम अध्ययन करेंगे तो सभी धर्मो जातियों समुदायों के लोग इस पर्व को धूमधामसे मनाते हैं,हालांकि कुछ अपवाद से इनकार नहीं किया जा सकता फिर भी बड़ी मात्रा में यह पर्व सभी मिलकर मनाते हैं, जो इस वर्ष 31 अक्टूबर 2024 को है।परंतु इसका आगाज़ 29अक्टूबर 2024 को धनतेरस के दिन से 5 दिन के उत्सव के रूप में हो गया है, जिसका इंतजार लोग लंबे समय से कर रहे थे। धनतेरस, पहले दिन का उत्सव मनाया गया इस दिन खरीदी करना शुभ माना जाता है जिसमें लोग भीड़ के रूप में उमड़ पड़े जो कि शुभ मुहूर्त में खरीदी किए। इस दिन मां लक्ष्मी,भगवान धन्वंतरि और कुबेर देव की पूजा की गई व घर में 5 दिन के लिए दिए जलाने का शुभ क्रम शुरू हो गया, इसके माध्यम से सुख समृद्धि को अपने घर में न्योता दिया जाता है। कहा जाता है कि धनतेरस के दिन लक्ष्मी भगवान धन्वंतरि और कुबेर देव की पूजा करने से साल भर घर में धन की वर्षा होती है। धनतेरस के दिन हर किसी के जीवन में कई अनेक खुशियां और समृद्धि लेकर आता है,जो लोगों ने श्रद्धा के साथ किए।कहते हैं यह आस्था भारत में ही अधिक है पाश्चात्य देश इससे अछूते हैं। परंतु बता दें दीपावली एक ऐसा पर्व है जो पूरे विश्व के हर देश में मनाया जाता है अमेरिका ऑस्ट्रेलिया इंग्लैंड जैसे विकसित देशों से लेकर सिंगापुर मॉरीशस मलेशिया श्रीलंका शहर अनेक देशों में मनाया जाता है। अमेरिका में टाइम्स स्क्वायर पर 20 अक्टूबर 2024 को दिवाली पर्व बड़े धूमधाम से मनाया गया तो दिनांक 28 अक्टूबर 2024 को व्हाइट हाउस में राष्ट्रपति जो बिडेन और उपराष्ट्रपति कमला हैरिस की उपस्थिति में दीए जलाकर दीपावली मनाई गई जिसकी शुरुआत जो बायडेन द्वारा 2021 से की गई थी जो अब प्रतिवर्ष मनाया जाता है, जिसकी चर्चा हम नीचे पर में करेंगे। पूरी दुनियाँ दीपावली की रोशनी दियों की जगमगाहट से सराबोर होगा,इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,पूरी दुनियाँ में बसे मूल भारतीय दियों की जगमगाहट व आतिशबाजी कर भारतमय में सराबोर होते हैं।साथियों बात अगर हम 28 अक्टूबर 2024 को अमेरिका के वॉशिंगटन डीसी में स्थित व्हाइट हाउस में दीपावली मनाने की करें तो,भारत में इस साल कई लोगों को दिवाली की तारीख को लेकर कंफ्यूजन है लेकिन बता दें कि इस वर्ष दीपावली का पर्व 31 अक्टूबर 2024 को मनायाजा रहा है।प्रतिष्ठित विद्वानों, ज्योतिषाचार्यों और धर्मशास्त्राचार्यों ने ज्योतिषीय गणनाओं के आधार पर यह फैसला लिया है ऐसा मीडिया में आया है।अमेरिका के मौजूदा राष्ट्रपति जो बाइडेन को दिवाली का त्योहार कितना पसंद है, ये दुनिया देख चुकी है। हर साल वो दिवाली का त्योहार बड़े धूमधाम से मनाते हैं। इस बार भी आज यांने सोमवार को राष्ट्रपति बाइडेन व्हाइट हाउस में देशभर से बड़ी संख्या में आए भारतीय अमेरिकियों के साथ दिवाली मनाई। राष्ट्रपति के भाषण के दौरान लोगों को अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा की प्रतिष्ठित अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स का एक वीडियो संदेश भी सुनाया। कार्यक्रम में शास्त्रीय दक्षिण एशियाई नृत्य और संगीत समूह नूताना और मरीन कॉर्प्स बैंड मेहमानों का मनोरंजन किया। हम अमेरिका न्यूयॉर्क के टाइम्स स्क्वायर पर 20 अक्टूबर 2024 कोदीपावली मनाने की करें तो, मूल भारतीयों नें टाइम्स स्क्वायर पर दिखा दिवाली का जश्न,भारतवंशियों संग नजर आए अमेरिकी दोस्त,इस कार्यक्रम में अलग अलग सांस्कृतिक समुदाय के लोगों ने अपनी-2 परफॉर्मेंस दी,इस दौरान मेयर एरिक एडम्स, न्यूयॉर्क राज्य विधानसभा सदस्य जेनिफर राजकुमार, सीनेटर चक शूमर और न्यूयॉर्क में भारत की बिनया प्रधान वहां मौजूद थीं। राजकुमार ने पूरे अमेरिका में दिवाली के दिन स्कूलों में छुट्टी दिलाने में अहम भूमिका निभाई है।इस कार्यक्रम के बाद मेयर एडम्स ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कुछ तस्वीरें साझा की।पोस्ट में उन्होंने लिखा आज टाइम्स स्क्वायर पर वार्षिकदिवाली समारोह के लिए अपने हिंदू भाइयों और बहनों के साथ होने पर गर्व है, क्योंकि हम अंधेरे को दूर भगा रहे हैं और अपने पूरे शहर में रोशनी का स्वागत कर रहे हैं,पोस्ट में उन्होंने लिखाआज टाइम्स स्क्वायर पर वार्षिक दिवाली समारोह के लिए अपने हिंदू भाइयों और बहनों के साथ होने पर गर्व है, क्योंकि हम अंधेरे को दूर भगा रहे हैं और अपने पूरे शहर में रोशनी का स्वागत कर रहे हैं। टाइम्स स्क्वायर पर दिवाली की संस्थापक नीता भसीन ने भी समारोह के दौरान अहम भूमिका निभाई। उत्सव का समापन दीये जलाने के औपचारिक समारोह के साथ हुआ।बताया जाता है कि न्यूयॉर्क में साल 2013 से दिवाली मनाई जाती रही है।पिछले साल न्यूयॉर्क शहर में दिवाली को आधिकारिक तौर पर स्कूल की छुट्टी के रूप में भी मान्यता दी गई थी।मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका में लगभग 4.4 मिलियन भारतीय मूल के लोग रहते हैं, जिनमें से भारतीय मूल के लोग अमेरिका में तीसरा सबसे बड़ा एशियाई जातीय समूह हैं।

साथियों बात अगर हम भारत अमेरिका सहित पूरी दुनियाँ में दीपावली महोत्सव मनाने की करें तो,कई अन्य देशों में भी इस त्योहार का उतना ही महत्व है? नेपाल, बाली, सिंगापुर समेत कई देशों में दिवाली पर खूब रौनक रहती है।अमेरिका के कुछ स्टेट्स में भी दिवाली की सरकारी छुट्टी रहती है। इससे हम समझ सकते हैं कि सिर्फ भारत ही नहीं, बल्कि अमेरिका व अन्य कई देशों में भी दिवाली की छुट्टी रही।अमेरिका में बड़ी संख्या में भारतीय रहते हैं।अमेरिका के राष्ट्रपति दिवाली के खास अवसर पर व्हाइट हाउस में दीप भी प्रज्वलित करते हैं। इस बार 5 नवंबर 2024 को राष्ट्रपति चुनाव को देखते हुए दिवाली को बहुत महत्व है,लाखों मूल भारतीय वहां रहते हैं और दीपावली उनका सबसे बड़ा पर्व है इसलिए दीपावली का महत्व और भी बढ़ गया ह।संयुक्त राष्ट्र अमेरिका के पेनसिल्वेनिया प्रांत ने दिवाली पर्व के मौके पर ऑफिशियल छुट्टी घोषित करने वाला एक कानून पास किया है।इस विधेयक को पेनसिल्वेनिया सीनेट ने 50-0 से पास किया।बता दें कि पेनसिल्वेनिया में करीब 2 लाख साउथ एशियंस रहते हैं और उनके लिए रोशनी का उत्सव एक खुशी का मौका होता है।पिछले साल न्यूयॉर्क के मेयर एरिक एडम्स ने 2023 से न्यूयॉर्क सिटी में स्थित स्कूलों में दिवाली के दिन सार्वजनिक छुट्टी की घोषणा की थी। यहां ईद पर भी छुट्टी रहती है।बता दें कि दिवाली का त्योहार सिर्फ भारत के ही नहीं, बल्कि दुनियाभर में बसे हिंदू, सिख, बौद्ध और जैन लोग हंसी-खुशी के साथ मनाते हैं। भारत के अलावा भी कई देशों में दिवाली परआतिशबाजी की जाती है।मलेशियाऱ्यहाँ सरकारी छुट्टियों वाली लिस्ट में दिवाली भी शामिल है. वहां इसे हरी दिवाली कहा जाता है, इस अवसर पर ऑयल बाथ का चलन है। मॉरिशियस में हिंदू आबादी को देखते हुए दिवाली पर सरकारी छुट्टी का प्रावधान है. इस द्वीप पर दीपावली के खास अवसर पर लैंप जलाए जाते हैं और घरों को भी सजाया जाता है।नेपालऱ्यहाँ दिवाली को तिहार या स्वन्ति कहा जाता है. वहां इस पर्व को 5 दिनों तक मनाया जाता हैहालांकि वहां इसका राष्ट्रीय अवकाश नहीं होता है।नेपाल, यहाँ में दिवाली को तिहार या स्वन्ति कहा जाता है. वहां इस पर्व को 5 दिनों तक मनाया जाता है, हालांकि वहां इसका राष्ट्रीय अवकाश नहीं होता है। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि पूरा विश्व दीपावली की रोशनी व दियों की जगमगाहट से सराबोर होगा।पूरी दुनियाँ में बसे मूल भारतीय दियों की जगमगाहट व आतिशबाजी कर भारतमय में सराबोर होते हैं।दीपावली पर्व पर अमेरिका सिंगापुर मॉरीशस मलेशिया सहित अनेक देशों में सरकारी छुट्टी घोषित है,जो इसपर्व को भव्यता प्रदान करती है।

आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहा आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

मेष

किसी बात की चिंता से आज शरीर भी शिथिल रहेगा। माता का भी स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। परिजनों के साथ विवाद हो सकता है। धन हानि के भी योग हैं। पानी से संभलकर चलें। यात्रा न करें। संतान के स्वास्थ्य की चिंता रह सकती है।

वृष

मन में भय और सुस्ती के कारण आप निराशा का अनुभव करेंगे। परिवार में संघर्ष और निकटस्थ लोगों के साथ मतभेद हो सकता है। सार्वजनिक रूप से सम्मान को हानि न पहुंचे, इसका ध्यान रखें।

मिथुन

आपको मानसिक भय और उलझन रहेगी, जिसके कारण आप को योग्य निर्णय नहीं ले सकेंगे। महत्वपूर्ण निर्णय लेने के लिए आज का दिन अनुकूल नहीं है। संतान की चिंता हो सकती है। काम में सफलता नहीं मिलने से निराशा हो सकती है।

कर्क

खर्च में वृद्धि होगी। अनैतिक तथा नेगेटिव काम से आज दूर रहें। प्रभु की भक्ति और ध्यान से मन को शांति मिलेगी। किसी तरह का आर्थिक लाभ आपको हो सकता है। व्यापार करने वालों के लिए आज का दिन लाभदायी है। आज नए काम की शुरुआत कर सकेंगे।

सिंह

आज गलत जगह पूंजी निवेश न हो, इसका ध्यान रखें। आज आपकी आय और व्यापार में वृद्धि होने के योग हैं। व्यापार में नए लाभदायक संपर्क होंगे। परिजनों और मित्रों के साथ हंसी-खुशी के पल बिताने का अवसर मिलेगा।

कन्या

काम की सफलता के कारण पदोन्नति और यश मिलेगा। दोपहर के बाद आप मनोरंजन के लिए कहीं बाहर जा सकते हैं। परिवार के साथ अच्छे भोजन का लुत्फ उठा पाएंगे। व्यापार में भागीदारों के साथ लाभदायी विचार-विमर्श होगा। व्यापार में वातावरण अनुकूल रहेगा।

तुला

आप किसी भी प्रकार से संकट में ना पड़ें। व्यवसाय में आज पार्टनर के साथ वाणी संयमित रखें। आज भाग्य आपका साथ नहीं देगा। पदोन्नति होने की भी संभावना है। योजनानुसार काम करने से आर्थिक लाभ भी मिलेगा।

वृश्चिक

आज आप कुछ ज्यादा ही भावुक रहेंगे। शारीरिक स्वास्थ्य पर भी इसका नकारात्मक असर पड़ सकता है। आज नए काम शुरू ना करें। वाणी में संयम बरतें। खान-पान में ध्यान रखें। व्यवसाय के क्षेत्र में विघ्न आ सकता हैं।

धनु

साहित्य-कला के प्रति आज आप में रुचि रहेगी। पेट से सम्बंधित परेशानी से शरीर अस्वस्थ रह सकता है। दोपहर के बाद आर्थिक संकट मिट सकता है। घर का वातावरण आनंदमय रहेगा। व्यापार में आपको लाभ होगा।

मकर

पेट सम्बंधी तकलीफ रहेगी। प्रवास के लिए आज का दिन अनुकूल नहीं है। आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। घर-परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। आपके विरोधियों की कोई भी चाल आपके खिलाफ सफल नहीं हो सकेगी।

कुंभ

आज आपको अचानक आर्थिक लाभ होने की संभावना है। धार्मिक कामों और उसमें सफलता प्राप्ति के लिए समय उत्तम है। आपको अभी नए काम नहीं शुरू करना चाहिए। आपके विरोधी आपकी तकलीफ बढ़ा सकते हैं।

मीन

मनोरंजक प्रवृत्ति में खोए रहेंगे। दोस्तों के साथ बाहर जाने का कार्यक्रम बनेगा। अच्छे खान-पान और अच्छे वस्त्र खरीदने में आपकी रुचि रहेगी। दोपहर के बाद आप कुछ अधिक ही इमोशनल बने रहेंगे। इससे मन की व्यथा और बढ़ सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

शख्सियत

बढ़ता राजस्थान

धमेन्द्र अद्लखा
(समाजसेवी)

नमस्कार मित्रों हमारे आज की शख्सियत कॉलम के स्टार हैं जाने माने पत्रकार व लेखक धमेन्द्र अदलखा। 6 दिसम्बर को ये धरती पर आए और कम उम्र में ही कलम से मित्रता करते हुए सन 1989 में पत्रकारिता के फिल्ड़ में चले गए। बड़े हुए तो सरकारी नौकरी उस समय आसानी से मिल सकती थी लेकिन सरकारी नौकरी नहीं की बल्कि समाज सुधारने व प्रशासन व जनता के बीच सेतू बनकर उनकी समस्या का हल करवाने के लिए पत्रकार बन गए। कई बड़े संस्थानों में काम किया और अलवर में एक पहचान के रूप में सामने आए। यहीं नहीं जहां भी पुण्य कमाने का मौका मिलता है उसे धमेन्द्र भैया छोडते ही नहीं हैं। मुझे भी इनके साथ काम करने का मौका मिला। समाज में पत्रकारिता के माध्यम से सकारात्मक संदेश किसे दिया जाए इनकी हमेशा एक ही इच्छा रहती है। अभिषेक तनेजा भैया के साथ कदम से कदम बढ़ाकर इन्होंने अब नेक कमाई फाउण्डेशन के माध्यम से गरीब व असहाय बच्चियों की शादी का बीड़ा उठाया है। लगातार अच्छे कार्य करना इनकी पहचान बन गई है। पूरी जोश व खरोश के साथ नेक कार्य में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेते हैं। हंसता हुआ इनका नूरानी चहेरा इनकी खुबसूरती और ओर चार चाँद लगाता है। इनके चेहरे पर हमेशा एक मुस्कान और पॉजिटिव भाव बन ही रहता है। दैनिक बढ़ता राजस्थान इनके उज्जवल भविष्य की कामना करता है। सबकों साथ लेकर चलना इनका सबसे अहम किरदार है जबकि आज के दौर में लोग मंच और कुर्सियों के भूखे नजर आते हैं। दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम इनके उज्जवल भविष्य की कामना करती है।

रूपक शर्मा

आज का इतिहास

30 अक्टूबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- गुस्टॉफ द्वितीय एडोल्फ 1611 को 17 साल की उम्र में स्वीडन का राजा बना।
- रूसी शासक जार निकोलस द्वितीय ने पहले रूसी संविधान को 1905 में स्वीकृती दी।
- बेनिटो मुसोलिनी ने 1922 को इटली में सरकार बनाई।
- पहली बार लंदन में 1925 को टेलिविजन ट्रांसमिशन हुआ।
- तुर्की तथा यूनान ने 1930 में मित्रता संधि पर हस्ताक्षर किये।
- भारत संयुक्त राष्ट्र में 1945 को शामिल हुआ।
- भारत का पहला पांच सितारा होटल 'अशोक' 1956 में खुला।
- ब्रिटेन में 1960 को पहली बार सफलतापूर्वक किडनी ट्रांसप्लांट की गई।
- जोसेफ स्तालिन की कब्र को 1961 में मास्को के रेड स्क्वायर स्थित लेनिन के मकबरे से निकालकर क्रेमलिन वाल के पास दफनाया गया।
- अफ्रीकी देश मोरक्को तथा अल्जीरिया ने 1963 में युद्ध विराम संधि पर हस्ताक्षर किए।
- तुर्की में 1973 को इस्तांबुल में यूरोप और एशिया को जोड़ने वाला बॉस्पोरस ब्रिज बनकर तैयार हुआ।
- स्पेन में किंग जुआन कारलोस ने 1975 में सत्ता संभाली।
- मध्य अमेरिकी देशों होंडुरस तथा अल सल्वाडोर ने 1980 में सीमा विवाद हल किया।
- बाल्कन देश मेसिडोनिया के संसदीय चुनाव में 1994 को वामपंथी गठबंधन की जीत।
- लादेन के सम्पर्क में रहने के आरोपी 3 परमाणु वैज्ञानिकों को 2001 में पाकिस्तान ने अमेरिका को सौंपा।
- ब्रिटेन के राजकुमार प्रिंस चार्ल्स का भारत दौरा 2003 को प्रारम्भ।
- अमेरिकी विदेश मंत्री कोलिन पावेल ने 2003 में पाकिस्तान को भारत के साथ शांति वार्ता करने को कहा।
- पाकिस्तान के राष्ट्रपति जनरल परवेज मुशर्रफ़ ने 2003 में लोकतंत्र की बहाली के लिए अपनी कटिबद्धता घोषित की।
- उक्रेन ने 2004 में फ्रांस को 3-1 से पराजित कर 39.5 अंक के साथ ओलंपियाड का स्वर्ण जीता।
- असम (भारत)की राजधानी गुवाहाटी और 13 अन्य स्थानों पर 2008 में श्रेणिबद्ध धमाके हुए। इसमें 66 से अधिक व्यक्तियों की मृत्यु हो गई थी।
- स्टेट बैंक आफ बीकानेर एवं जयपुर ने 2008 में फिक्स डिपोजिट की व्याज़ दरों में एक प्रतिशत की कमी की।
- गुवाहाटी सहित असम के कई हिस्सों में 2008 को कम से कम 18 धमाके हुए जिनमें 81 से अधिक व्यक्तियों की मौत हो गई और 400 से अधिक लोग घायल हो गए थे।
- तेलंगाना के महबूबनगर में 2013 को बस में आग लगने से 44 लोगों की मौत।

30 अक्टूबर को जन्मे व्यक्ति

- भाजपा के प्रसिद्ध नेता तथा मध्य प्रदेश के भूतपूर्व राज्यपाल भाई महावीर का जन्म 1922 में हुआ।
- प्रसिद्ध इतिहासकार बरुन डे का जन्म 1932 में हुआ।
- प्रसिद्ध राजनीतिज्ञ प्रमोद महाजन का जन्म 1949 में हुआ।
- भारत की महिला पिस्टल निशानेबाज राही सरनोबत का जन्म 1990 में हुआ।
- रेस्टोरेशन कॉमेडी के लिए प्रसिद्ध रिचर्ड शेरेगन का जन्म 1751 में हुआ।
- प्रसिद्ध रूसी लेखक थ्योडो दोस्तोवस्की का जन्म 1821 में हुआ।

विशेष आलेख

अब शायद शुद्ध भोजन की गारंटी भी नहीं रह गई है

अशोक भाटिया

मेरा एक मित्र है जो होटल मैनजमेंट का कोर्स करता था। अब वह एक शानदार दिल्ली के किसी होटल में काम करता है। बातों बातों में उसी से पता लगा कि वो अक्सर खाना खुद ही बनाता है। मैंने उस से पूछा क्यों तुम्हें तो खाना होटल में मिल ही जाता होगा। उसने कहा मिल तो जाता है। तो मैने उस से कहा कि तुम खुद क्यों बना कर परेशान होते हो।उसने मुझ से कहा कि अरे पागल हो मरना है क्या वो खाना खाकर। कभी कभी चल जाता है, हररोज नहीं।मैंने कहा क्यों - ऐसा क्यों कह रहे हो। जवाब में उसने कहा कि ये सब्जियां और बाकी चीजें पता नहीं कब की बनाई हुई होती हैं, इन्हें हम कई दिनों तक बड़े बड़े फ्रीजर में रख के रखते हैं और दोबारा गर्म कर कर के परोसते हैं। घर पर तो हर रोज ताजा बनता है। कितना भी खराब कुछ भी होता है बस मसाले डाल कर उन्हें ठीक किया जाता है। और ये जानते हुए भी भला हम ये खाना कैसे खा सकते हैं, बताओ । हम तो इस से अच्छा खुद ही बना ले वो ही बेहतर है।

इस एक प्रकरण को पढ़कर आपको लग गया होगा कि अब शायद बाहर शुद्ध भोजन की गारंटी भी नहीं रह गई है। जब बाजार में बिकने वाली खाद्य सामग्री मिलावटी हो सकती है तो फिर घर में पहुंचाए जाने वाले बने-बनाए भोजन की शुद्धता की गारंटी का भरोसा भला कैसे किया जा सकता है! आजकल, सोशल मीडिया पर, इस संबंध में सचेत करने वीडियो और दावे प्रसारित होते रहते हैं। मगर कमोबेश पूरे देश में लुभावनी वस्तुओं के प्रति क्या बच्चे, क्या बड़े, क्या बूढ़े सभी आकर्षित हो जाते हैं। ऐसी चीजें उत्सवों, सैर-सपाटे की जगहों, मेलों आदि में खूब लोकप्रिय होती हैं। लगता है कि घर से लेकर आम दावतों, पार्टियों, चौपाटियों या चाट-पकौड़े, आईसक्रीम या ठंडाई के नाम पर बिना किसी स्वीकृति के कुछ भी उपयोग की इजाजत हमारे देश में मिली हुई है। हद तो तब होती है जब कहीं भी कोई अपनी मर्जी से स्वाद या आकर्षण बढ़ाने के लिए किसी प्रतिबंधित और घातक सामग्री, मसालों, रसायनों आदि का गलत अनुपात में खाने-पीने की चीजों में उपयोग करता दिखता है। यों तो खाद्य अपमिश्रण रोकने के लिए देश और हर प्रदेश में कड़े कानून हैं। इसके लिए अच्छा-खासा अमला भी तैनात है, जिसकी जिम्मेदारी मिलावटी और प्रतिबंधित खाद्य सामग्री की नियमित जांच करने की है। मगर कहां, कितनी और कब-कब जांच हुई, शायद ही किसी को याद हो? इन अधिकारियों-कर्मचारियों की सरकारी फाइलें इतनी चुस्त-दुरुस्त होती हैं कि अगर कोई पढ़ ले तो उसे लगे कि इससे सटीक व्यवस्था हो ही नहीं सकती। इस भ्रम में पड़ जाए कि ऐसे नियमों के चलते गलत खाद्य सामग्री बाजार में आ ही नहीं सकती। मगर होता ठीक इसके उलट है। अब तो घरों में मसाला तैयार करना लगभग बंद-सा हो गया है। सभी की निर्भरता बाजार पर हो गई है। पूरे देश में, चाहे गांव, कस्बा, महानगर हो, हर कहीं बाजार में तैयार भोजन या डिब्बाबंद मसालों का चलन बहुत तेजी से बढ़ा है। वहीं छोटे-बड़े शहरों, कस्बों और गांवों तक में रेस्तरां, होटल और ढाबों में शौकिया खाने जाना भी एक तरह से शान की बात हो गई है। बाहर खाने के चलन ने 'आनलाइन फूड' को एक बड़े कारोबार का रूप दे दिया है। मगर यह सवाल अपनी जगह है कि आखिर बाजार में बिकने वाला तैयार खाना या खाद्य सामग्री, स्वास्थ्य के लिहाज कितनी सुरक्षित है? क्या इनको तैयार करने वालों और बेचने वालों तक पहुंचने से पहले गुणवत्ता की पूरी जांच हो पाती है? इसका जवाब ज्यादातर नहीं है। ऐसे में गुणवत्ता से समझौते या स्तरहीनता को परखने का तंत्र और प्रणाली किस काम की? यह क्यों जरूरी नहीं कि बाजार में आने वाली हर खाद्य सामग्री जांच से गुजरे। इसी का फायदा निर्माता से लेकर खुदरा विक्रेता और घर-घर पहुंचाने वालों की पूरी शृंखला उठाती है। निश्चित रूप से खाद्य अपमिश्रण को लेकर भारत में जब-तब मामले और सवाल भी उठते हैं। चाहे सड़क के किनारे, बजबजाती नालियों पर लगे ठेले या रेहड़ी वाले हों या दूर-दराज स्थित ढाबे या फिर बीच शहर के होटल या 'स्ट्रीट फूड' की जगहें। शायद ही कभी वहां नियमित जांच होती हो, जबकि इनकी निगरानी की जिम्मेदारी जिला प्रशासन या स्थानीय प्रशासन की होती है। मिलावट के खेल में, मिलावट रोकने वालों की, बेचने वालों से मिलीभगत के चलते ही नियमित रूप से मिलावट की जांच नहीं हो पाती है। दरअसल, इसके लिए अब एक आनलाइन सार्वजनिक डेटाबेस होना चाहिए। चाहे घर से चलने वाली 'टिफिन कैटरिंग' हो या बाजार में बनाकर बेचने या पैक करने का धंधा हो, सब जगह खाने की गुणवत्ता को लेकर सख्ती होनी चाहिए। इतना ही नहीं, परोस कर बेचे जाने वाले हर उस जगह की रसोई कैमरों की निगरानी में हो, जहां बाहर चमकती कुर्सी-टेबल पर बैठकर खाने वालों को भी दिखे कि खाना कैसे बनाया और परोसा जा रहा है। आनलाइन आपूर्ति करने वाले की रसोई भी निगरानी तंत्र पर रहें। ऐसा होने पर ही मिलावट के धंधे रुक पाएंगे और डिब्बाबंद अमानक खाद्य सामग्री या प्रतिबंधित अखाद्य पदार्थों पर लापरवाही रुकेगी। जब तक इसे लेकर नियम कठोर और सख्त नहीं होंगे तथा कानून का भय नहीं होगा, तब तक मिलावट या खाने की सामग्री में कुछ भी मिला देने पर रोक लग नहीं सकती। परचून की दुकानों, माल या बाजारों में उस क्षेत्र के स्थानीय नियंत्रणकर्ता एजेंसी की जानकारी तथा संपर्क सूची अनिवार्यतः लगे, जहां गुणवत्ता में कमी या किसी दोष की शिकायत की जा सके। खाने में अखाद्य तत्त्व मिलने या खाकर बीमार पड़ने की शिकायतें तो सामने आती हैं, मगर कभी कोई नजीर बनने वाली कार्रवाई नहीं होती। ऐसे गंभीर मामले या तो पुलिस के पास पहुंचते हैं या फिर हीला-हवाली में अनदेखे या ढीले पड़ जाते हैं। अभी कुछ मसालों में कैंसर पैदा करने वाले तत्त्वों को लेकर सुर्खियां बनीं।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक फोन नं.01432-244881 निवाई 01438-222201,202,203 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.9414823448 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

दुष्प्रभाव रहित है आयुर्वेद चिकित्सा, श्रद्धापूर्वक मनाई धन्वंतरि जयंती

बढ़ता राजस्थान

सवाई माधोपुर (नि.स.)। आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति के जनक एवं आरोग्य देव भगवान धन्वंतरि के प्राकृट्य दिवस धन्वन्तरि जयन्ती (नवें राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस) स्थानीय आयुर्वेद चिकित्सा इकाई सामान्य चिकित्सालय में हर्ष एवं उल्लास के साथ मनाई गई । कार्यक्रम में भगवान धन्वंतरि का विधिवत पूजन किया गया !कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि आयुर्वेद विभाग के पूर्व अतिरिक्त निदेशक डॉक्टर बृजवल्लभ शर्मा रहे । वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी एवं आयुर्वेद चिकित्सा इकाई प्रभारी डॉक्टर पुरुषोत्तम गौतम ने इस अवसर पर आरोग्य सप्ताह में किए गए विभागीय कार्यक्रमों की जानकारी दी! साथ ही अनियमित जीवन शैली से होने वाले रोगों के बारे में बताया। उन्होंने आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति में बताए गए रोगों प्रतिबंधात्मक उपाय एवं उपचार की जानकारी दी। डॉक्टर गौतम ने इस अवसर पर कहा कि अनेक रोगों का उपचार नियमित संतुलित खानपान और जीवन शैली में सुधार कर काफी हद तक किया जा सकता है। विशिष्ट अतिथि डॉ.बृजबल्लभ शर्मा ने जन-जन में लोकप्रिय हो रही आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति के बारे में बताते हुए इस आयुर्वेद पद्धति को दुष्प्रभाव रहित बताया। इस अवसर पर कई गणमान्य लोग आरोग्य समिति के सदस्य एवं विभागीय कार्मिक मौजूद रहे । अंत में भगवान धन्वंतरि की सामूहिक आरती कर विश्व कल्याण की कामना करते हुए प्रसाद वितरण किया गया।

भगवान धनन्तरी की हुई पूजा

बढ़ता राजस्थान

मालपुरा (नि.स.)। शहर के पुरानी तहसील स्थित राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय में धनवन्तरी दिवस के मौके पर भगवान धनवन्तरी की पूजा अर्चना हुई। मंगलवार को धनवन्तरी दिवस के मौके पर राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय प्रभारी डॉ. ललिता वर्मा के नेतृत्व में चिकित्सालय के सभी कर्मचारियो व स्टाफ सदस्यो ने भगवान घनवन्तरी की विशेष पूजा की। इस दोरान नगरपालिका के मनोनीत सदस्य रहे नरेन्द्र फुलवारिया सहित अन्य मौजुद प्रबुद्धजनो ने भगवान धनवन्तरी की पूजा अर्चना कर आरती की।

विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2025

मतदाता सूची के प्रारूप प्रकाशन के संबंध में बैठक

राकेश शर्मा

सवाई माधोपुर (बढ़ता राजस्थान)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के अर्हता 1 जनवरी, 2025 के आधार पर विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के लिए निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जिला निर्वाचन अधिकारी शुभम चौधरी की अध्यक्षता में मंगलवार को उनके कक्ष में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित कर जिले के चारों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूचियों का प्रारूप प्रकाशन किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदाता सूची की प्रति आमजन के अवलोकनार्थ निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी के कार्यालय में तथा मतदान केन्द्र पर नियुक्त बीएलओ के पास उपलब्ध है। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदाता सूची में नाम जोडने, हटाने तथा संशोधन सम्बन्धी दावे तथा आपत्तियां 28 नवंबर, 2024 तक प्रस्तुत की जा सकेगी। 9 व 23 नवम्बर को ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम सभा तथा नगरीय क्षेत्रों में वार्डसभाओं का आयोजन कर सम्बन्धित भाग की मतदाता सूची का पठन किया जाएगा। 10 व 24 नवम्बर, 2024 रविवार को मतदान केन्द्रों पर विशेष अभियान की तिथियां निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम प्रारंभ होने से पूर्व मतदान केन्द्रों का पुनर्गठन किया गया है तथा जिले में कुल 18 नवीन मतदान केन्द्र सृजित किये गये है और 6 मतदान केन्द्रों के भवन परिवर्तन किये गये है।

उन्होनें बताया कि मतदाता सूची के अर्हता 1 जनवरी, 2024 के आधार पर विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के अन्तर्गत मतदाता सूची के अन्तिम प्रकाशन के बाद निरन्तर अद्यतन की प्रकिया के दौरान जिले में 7250 पुरूष तथा 9203 महिला कुल 16453 मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जोडे गये है तथा 4371 पुरुष एवं 4793 महिला कुल 9164 मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से विलोपित किये गये है। इनमें से 3833 मतदाताओं के नाम मृत्यु होने के कारण, 4357 मतदाताओं के नाम स्थाई रूप से अन्यत्र स्थानान्तरित होने के कारण तथा 974 मतदाताओं के नाम दोहरी प्रविष्टि होने के कारण मतदाता सूची से विलोपित किये गये है। प्रारूप प्रकाशन की तिथि को जिले में कुल मतदाताओं की संख्या 1026333 है, जिनमें से 546583 पुरूष तथा 479750 महिला मतदाता है। बैठक के दौरान मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को जिले के चारों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की प्रारूप मतदाता सूची की एक सोफ्ट कॉपी (सी.डी. फोरमेट में) तथा एक हार्ड कॉपी उपलब्ध कराई गई। बैठक में निर्वाचन कार्यालय की ओर उप जिला निर्वाचन अधिकारी जगदीश आर्य एवं सहायक प्रशासनिक अधिकारी हनुमान प्रसाद जैन सहित भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री बलवीर सिंह, इंडियन नेशनल कांग्रेस के जिलाध्यक्ष गिर्राज सिंह गूर्जर, बहुजन समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष अशोक कुमार मीना तथा मार्क्सवादी कम्यूनिस्ट पार्टी के जिला सचिव रामगोपाल गुणसारिया उपस्थित रहे।

साम्प्रदायिक सौहार्द, शांति एवं कानून व्यवस्था के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त

बढ़ता राजस्थान

सवाई माधोपुर (नि.स.)। जिले में 31 अक्टूबर को दीपावली, 2 नवंबर को गोवर्धन पूजा एवं 3 नवंबर को भैया दूज का त्यौहार मनाया जाएगा। जिला मजिस्ट्रेट शुभम चौधरी ने उक्त त्यौहार के अवसर पर समस्त उपखण्ड मजिस्ट्रेट को उनके क्षेत्र के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त कर निर्देशित किया कि वे उनके क्षेत्र के तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं स्थानीय पुलिस अधिकारियों के माध्यम से क्षेत्र की सम्पूर्ण गतिविधियों पर पूर्ण सतर्कता एवं निगरानी रखते हुए साम्प्रदायिक सौहार्द, शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखना सुनिश्चित करें तथा किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना घटित होने की सम्भावना पर सतर्क रहते हुए जिला मजिस्ट्रेट को तत्काल सूचित करें।

छः दिवसीय दीपोत्सव का रहा शानदासर आगाज

धनतेरस पर हुई धन की बारिश होने से रोशन हुए बाजार, दिन भर बाजारो में रही भारी भीड़

कृष्णचन्द्र विजय

पुलिस जवानो को व्यवस्था बनाने के लिए मुस्तेद रहकर करनी पड़ी भारी मशक्कत, अस्थाई दुकानदारो ने रोकी सड़के

मालपुरा (बढ़ता राजस्थान)। मालपुरा उपखण्ड क्षैत्र में पहली बार छ दिवसीय दीपोत्सव का शानदार व जोरदार आगाज धनतेरस पर धन की बारिश के साथ हुआ। इस बार दो अमावस्या होने के चलते प्रथम बार छ दिवसीय दीपोत्सव की शुरूआत धनतेरस से हुई। मंगलवार को बाजारो की हर दुकान पर ग्राहको की भारी भीड़ जमा रही। बाजारो में खरीददारो की भीड़ उमड़ने के चलते कई बार जाम की स्थिति रही। बाजारो में जाम की स्थित रहने का मुख्य कारण बाजारो के दोनो ओर दुकानदारो ने पुटपाथ छोड़कर सड़को पर ही अपना सामान लगा लिया। जिसमें विशेषकर शहर में लगी आर्तिशबाजी व पटाको की अस्थाई दुकानो के दुकानदारो ने तो सडको को ही जाम कर दिया। साथ ही अस्थायी दुकानदारो द्वारा दुकान के काफी आगे तक सामान जमा देने के बाद स्थायी दुकानदारो ने भी अपना सामान सड़क पर ही लगा लिया। स्थिति ऐसी बनी रही कि यदि दो छोटे चार पहिया एक साथ निकलने भी भारी परेशानी रही। कार जैसे दो छोटे वाहन आने के साथ ही बाजारो में जाम की स्थिति बनी। यह सब पुलिस वाले भी देखते रहे लेकिन इस बाबत पुलिस की चुप्पी पूरे कस्बे में चर्चा क विषय बनी रही। इधर दीपोत्सव के प्रथम दिन धनतेरस पर बाजारो के दुकानो में भारी भीड़ रहने व हर आवश्यकता का सामान खरीदने के चलते दुकानदारो के यहां धन की बारिश हुई। वेसे इस बार सोने चांदी के भाव आसमान छूने और अन्य आवश्यकता के सामानो की कीमतो में भी भारी उछाल रहने के चलते लोगो ने केवल बहुत आवश्यकता का सामान ही खरीदा। ज्वैलर्स की दुकानो पर भीड़ कम रही।

छ दिवसीय दीपोत्सव की श्रृखंला में बुधवार को छोटी दिपावली होगी और 31 अक्टूबर व 1 नवम्बर को धन व यृश की देवी लक्ष्मी माता का पूजन होगा। बाद में 2 नवम्बर को गोवर्धन पूजा व ठकुर जी के अन्नकूट प्रसादी का भोग लगेगा। इसके अगले दिन भैया दूज के बाद छ दिवसीय दीपोत्सव का समापन होगा। इस बार शहर में सजावट का काम नगरपालिका नहीं करवा कर एक नीजि भामाशाह द्वारा नि:शुल्क करवाई गई है। वहीं हिन्दु समरसता मंच की ओर से 30 व 31 अक्टूबर को अलगोजा वादन, मशकबाजा वादन, सुन्दरकांड पठन व भंजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा 1 नवम्बर को शहर के व्यापारिक, सामाजिक स्वयंसेवी संस्थाओ, व महिला मंडलो के संयुक्त तत्वावधान में 21 हजार दीपको से दीपौत्सव का आयोजन किया जाएगा। साथ ही तीनो दिन शहर में प्रभात फेरी के कार्यक्रम भी आयोजित होगें। इन सभी कार्यक्रमो के लिए आवश्यक व्यवस्थाऐं करवाने की मांग रखी गई। मंच के कृष्णकांत जैन ने बताया कि इस बार सुभाष सर्किल पर गुप्ता इवेंन्ट व गुप्ता टेन्ट एण्ड डेकोरेशन के सहयोग से 30 व 31 अक्टूबर भगवान राम व राधा कृष्ण के सजीव झाकियां भी देखने को मिलेगी।

रोटरी पक्षी विला का हुआ भूमि पूजन

बढ़ता राजस्थान

मालपुरा (नि.स.)। रोटरी क्लब मालपुरा ग्रीन के तत्वावधान में बम्ब तालाब मध्य स्थित अति प्राचीन श्री छतरेश्वर महादेव मन्दिर में बनने वाले पक्षी विला का भूमि पूजन सम्पन्न हुआ। मंगलवार को रोटरी क्लब मालपुरा ग्रीन, इन्हरव्हील क्लब की सभी सदस्यो व श्री छतरेश्वर महादेव मन्दिर विकास समिति के सदस्यो की मौजुदगी में पक्षी विला का भूमि हुआ। क्लब के पवन जैन संगम ने बताया कि जन सहयोग से मन्दिर परिसर में एक पक्षी विला का निर्माण कराया जा रहा है। इसका मुख्य उद्धेश्य बेजुबान पक्षीयो के आवस की व्यवस्था करना है। उन्होंने बताया कि क्लब ने जीव दया भाव की नीति को साकार करने के उद्धेश्य से पक्षी विला निर्माण करवाने का निर्णय लिया था। निर्णय के अनुसार भूमि पूजन हुआ और अब आगे पक्षी विला का पूर्ण निर्माण कराया जाएगा। इस दौरान क्लब अध्यक्ष अमित विजय, मधुपारीक, अरूण काबरा, राकेश जैन, सीताराम स्वामी, महेश गुप्ता, मनोज जैन सुमेर बड़जात्या, इन्हरव्हील क्लब की सुरभि विजय, इन्द्रा जैन सहित अन्य कई सदस्य मौजुद रहे।

आयुर्वेद दिवस एवं धन्वंतरि जयंती समारोह आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति के साथ स्वस्थ जीवन शैली का भी आधार : चौधरी

बढ़ता राजस्थान

सवाई माधोपुर (नि.स.)। जिला प्रशासन एवं आयुर्वेद विभाग द्वारा नवम राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस धन्वन्तरि जयंती समारोह का आयोजन मंगलवार को जिला कलक्टर शुभम चौधरी के मुख्य आतिथ्य में राजकीय योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान केन्द्र में हुआ। जिला कलक्टर ने कहा कि आयुर्वेद मात्र एक चिकित्सा पद्धति नहीं है, बल्कि स्वस्थ जीवन शैली का आधार भी है। उन्होंने कहा कि आधुनिक एवं पारम्परिक चिकित्सा पद्धतियों के अपने फायदे एवं नुकसान हैं इनकी उपयोगिता के बारे में जन-जन को बताए। एक बेहतर चिकित्सक के साथ-साथ एक बेहतर इंसान के रूप में पूरे लगन से मरीज की सेवा करें। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि आयुर्वेद विभाग के पूर्व अतिरिक्त निदेशक डॉ. ब्रजवल्लभ शर्मा ने कहा कि इस वर्ष की थीम 'वैश्विक स्वास्थ्य के लिए आयुर्वेद नवाचार' के अनुसार भारतीय चिकित्सा पद्धति आयुर्वेद को विश्व पटल पर स्थापित करने के लिए इस क्षेत्र में नवाचार एवं अनुसंधान करने की परम आवश्यकता है। उप निदेशक सूचना एवं जनसम्पर्क हेमन्त सिंह ने कहा कि आयुर्वेद के क्षेत्र में हमे अनुसंधान करने के साथ-साथ इस चिकित्सा पद्धति को जन-जन तक ले जाने की आवश्यकता है। वहीं हमें आमजन में इस चिकित्सा पद्धति के प्रति जो भरोसा व विश्वास आदिकाल से चल रहा है उसे बनाए रखने की आवश्यकता है। आयुर्वेद हमारे सभी घरों की रसोई में है। प्राचीन काल से ही हमारी दादी-नानी इन रसोईयों से ही हमारे परिजनों के बीमार होने पर उनका उपचार करती आ रही है। इस वैश्विक काल में हमें इस चिकित्सा पद्धति को पुन: जनमानस के ह्दय में स्थापित करते हुए विश्व पटल पर स्थापित करना है। उप निदेशक आयुर्वेद विभाग डॉ. राजेन्द्र कुमार शर्मा ने विभागीय प्रतिवेदन प्रस्तुत किया एवं विशिष्ट केन्द्र पंचकर्म, जरावस्था, आंचल प्रसूता, क्षार शूत्र शल्य चिकित्सा एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिर के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की।

डॉ. पुरूषोत्तम गौतम ने बताया कि आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति में 8 प्रकार की विधाओं काय, बाल, उध्दर्वांग, शल्य, विष, जरा, वाजीकरण, ग्रह चिकित्सा से सभी रोगों का ईलाज किया जाता है। आयुर्वेद चिकित्सक डॉ. विजय शंकर बैरवा ने योग एवं आयर्वुद के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। इस दौरान पंतजलि योग प्रशिक्षक मोहन लाल कोशिक, डॉ. अंजली मीणा, डॉ. विजय शंकर गौतम, डॉ. बालकृष्ण शर्मा, डॉ. हंसराज शर्मा सहित अन्य आयुर्वेद चिकित्सक उपस्थित रहे।

यूनानी मेडिकल कॉलेज में सिकल सेल एनीमिया रोग पर भव्य सेमिनार का आयोजन

सिकल सेल रोग का कार्य लाल रक्त कोशिकाओं को प्रभावित करना : डॉ. संजय गंजू

बढ़ता राजस्थान

Year Lecture Hall

टोंक, (का.स.)। शहर के समीप ग्राम चराई स्थित यूनानी कॉलेज में मंगलवार को यूसुफपुरा चराई टोंक में मुनाफेऊल आज़ा (फिजियोलॉजी) सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में एसो. प्रो. मुनाफेऊल आज़ा एवं डॉ. संजय गंजू ने सिकल सेल एनीमिया रोग के बारे में व्याख्यान दिया। सेमिनार में फेकल्टी आफ यूनानी मेडिसिन के पूर्व डीन प्रो. अब्दुल शकूर खान भी मौजूद रहे। इस अवसर पर डॉ. संजय गंजू ने बताया कि सिकल सेल रोग आम वंशानुगत रक्त विकार है जो लाल रक्त कोशिकाओं को प्रभावित करता है। उन्होंने हीमोग्लोबिन के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इसमें लाल रक्त कोशिकाओं के भीतर स्थित हीमोग्लोबिन नामक प्रोटीन असामान्य होता है। हीमोग्लोबिन वह अणु है जो रक्त और पूरे शरीर में ऑक्सीजन ले जाता है। प्रधानमंत्री ने मध्य प्रदेश से सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन की शुरुआत की पूर्व डीन प्रो. अब्दुल शकूर खान ने बताया की प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने मध्य प्रदेश के शहडोल से वर्ष-2047 तक सिकल सेल रोग को समाप्त करने की दिशा में सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन की शुरुआत की थी। यूनानी चिकित्सालय के अधीक्षक डॉ. मोहम्मद अकमल एवं डॉ. सरफराज अहमद ने भी सिकल सेल एनीमिया रोग में यूनानी चिकित्सा में कारण एवं उपचार के बारे में जानकारी की।

प्राचार्य एवं उप प्राचार्य ने अतिथियों का जताया आभार : यूनानी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मो. इरशाद खान एवं उप प्राचार्य तथा बग्गी खाना चिकित्सालय की पूर्व प्रभारी डॉ. नाजिया शमशाद ने प्रोग्राम के सफल आयोजन के लिए अतिथियों, छात्र-छात्राओं एवं कॉलेज के समस्त कार्मिकों का आभार जताया। मीडिया प्रभारी डॉ. सरफराज ने बताया कि सेमिनार का संचालन डॉ. सैयद अब्दुल मुजीब एसो. प्रो. विभाग तशरीहुल बदन (एनाटमी) ने किया। उन्होंने बताया कि इस दौरान डॉ. शाहिद अली खान, डॉ. राशिद अली खान, डॉ. खालिद अली खान, डॉ. फिरोज खान, डॉ. आसिफ अली खान, डॉ. खतीब अहमद, डॉ. शाहिद हसन, डॉ. अनिसुर रहमान, डॉ. मरगूब खान, डॉ. साएमा नसीम, डॉ. मुश्ताक अहमद, डॉ. अमजद सैफी समेत पैरामेडिकल स्टॉफ की अदीबा जुबेरी, अमरीन, फायजा सुल्ताना, दीप्ति, हंसराज, भवानी सैनी, फैज खान, मोहम्मद आसिम, रिजवान, फारूक अली एवं लोकेश साहू समेत चिकित्सालय एवं कॉलेज के अन्य कार्मिक मौजूद रहे।

राष्ट्रीय एकता दिवस पर जिला कलक्टर ने दिलाई शपथ

देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने में सहयोग करें : शुभम

राकेश शर्मा

सवाई माधोपुर (बढ़ता राजस्थान)। जिला कलक्टर शुभम चौधरी ने राष्ट्रीय एकता दिवस के पुनीत अवसर पर मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों एवं कार्मिकों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। उन्होंने जिला स्तरीय अधिकारियों एवं कार्मिकों से इस शपथ की मूल भावना को आत्मसात करने राष्ट्रीय एकता दिवस (लौहपुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्मदिवस) के संदेश को जन-जन तक फैलाने में सदैव समर्पित रहने का आह्वान किया। मुख्यालय के साथ-साथ सभी ब्लॉक कार्यालयों में भी लौहपुरूष सरदार पटेल के जन्मदिवस को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया गया और सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिये अपना योगदान करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलक्टर जगदीश आर्य, नायब तहसीलदार विनोद कुमार शर्मा सहित विभिन्न अनुभागों में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने राष्ट्र की एकता, अखण्डता और सुरक्षा बनाये रखने के लिए स्वयं को समर्पित रखने की शपथ ली।

कलेक्ट्रेट में दिलाई राष्ट्रीय एकता की शपथ

बढ़ता राजस्थान

टोंक, (का.स.)। भारत के प्रथम गृहमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्म दिवस 31 अक्टूबर को दीपावली पर्व होने के कारण मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर में अतिरिक्त जिला कलेक्टर रामरतन सौकरिया ने कलेक्ट्रेट सभागार में राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। इस दौरान कलेक्ट्रेट कार्यालय के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। इसके साथ ही, पशुपालन विभाग परिसर में संयुक्त निदेशक डॉ. छोटू लाल बैरवा ने विभाग के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर संयुक्त निदेशक डॉ. बैरवा ने कहा कि राष्ट्रीय एकता और अखंडता के अग्रदूत लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के जीवन से हमें प्रेरणा लेनी चाहिए और उनकी कर्तव्य निष्ठा और राष्ट्रभक्ति हमारा सदैव मार्गदर्शन करती रहेगी। इस दौरान डॉ. चंद्रशेखर अरोड़ा, पशुधन सहायक नेहा चौधरी, टीना सैनी, रूपवति वर्मा, कैलाश चौधरी, वरिष्ठ सहायक संदीप तसेरा, घनश्याम नायक, ताराचंद पारोचिया, मोहम्मद सालिक खान एवं सौरभ शर्मा समेत अन्य विभागीय कार्मिक मौजूद रहे।

जिला कलक्टर चौधरी ने जिले वासियों को दी दीपावली की शुभकामनाएं

दीपोत्सव पर मिट्टी के दीपक खरीदें,ग्रीन पटाखों का उपयोग करें : शुभम चौधरी

राकेश शर्मा

सवाई माधोपुर(बढ़ता राजस्थान)। जिले में 31 अक्टूबर को दीपावली, 2 नवंबर को गोवर्धन पूजा एवं 3 नवंबर को भैया दूज का त्यौहार मनाया जाएगा। इस अवसर पर जिला कलक्टर शुभम चौधरी ने समस्त जिलेवासियों को दीपोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएँ दी है। उन्होंने कहा कि दीपावली का पावन पर्व सभी जीवन में सुख , शांति और समृद्धि लेकर आए। रोशनी का यह पर्व सभी के जीवन को ज्ञान, ऊर्जा और आरोग्य से आलोकित करे। यह उत्सव सभी घर-परिवारों को खुशियों से रोशन करे और सभी के कार्य सफल हों। जिला कलक्टर ने इस दीपावली पर त्रिनेत्र गणेश जी एवं चौथ माता की धरा पर सभी जिलेवासियों से मिट्टी के दीपकों का उपयोग करने और ध्वनि-वायु प्रदूषण से बचने के लिए परंपरागत, कम धुए वाले ग्रीन पटाखों का उपयोग कर एक सुरक्षित और पर्यावरण-अनुकूल दीपावली मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि इससे स्थानीय कुम्हारों को भी आर्थिक संबंल मिलेगा और प्रदूषण भी कम होगा। उन्होने कहा कि हम सब मिलकर इस पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाएँ और जिले में स्वच्छता, शांति, और भाईचारे का संकल्प लें। सभी जिलेवासियों के लिए दीपावली का यह पर्व मंगलमय हो।

खेत से लकड़ी काटने के विवाद में महिलाओं में झगड़ा

तीन महिलाओं ने एक महिला पर चलाए जमकर लाठी-डंडे, मामला दर्ज

बढ़ता राजस्थान

भरतपुर /बयाना (सत्य प्रकाश अग्रवाल)। कोतवाली थाना इलाके के गांव लहचोरा खुर्द में खेत से लकड़ी काटने के विवाद में महिलाओं के बीच जमकर झगड़ा हो गया। झगड़े में जमकर लाठियां चलीं। एक परिवार की तीन महिलाओं ने लकड़ी काटने वाली महिला पर रास्ते में रोककर लाठी डंडों से हमला कर दिया। शोर शराबा सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे और झगड़ा शांत कराया। महिला को परिजनों ने उपचार के लिए बयाना अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां से उपचार के बाद उसे छुट्टी दे दी गई। वहीं महिला के देवर की ओर से पुलिस में नामजद लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया है। झगड़े का वीडियो भी सामने आया है।

जिसमें तीन महिलाएं एक महिला पर लाठी डंडों से हमला करती दिख रही हैं। थाने पहुंचे महिला के देवर उमेश कुमार ने बताया कि सोमवार शाम करीब 6 बजे उसकी भाभी पूनम अपने खेत पर लगी बाड़ से लकड़ी काटकर ला रही थी। लकड़ी काटने से नाराज पड़ोस के खेत करने वाले परिवार की महिलाओं तारा पत्नी चन्नी, उषा पत्नी जितेंद्र और एक अन्य ने उसकी भाभी पर लाठी डंडों से हमला कर दिया महिलाओं ने उसकी भाभी पर लाठी डंडों से ताबड़तोड वार कर दिए। जिससे उसके भाभी के शरीर में चोट आईं हैं। रिपोर्ट में आरोप लगाया कि हमला करने वाली महिलाओं के परिवार के पुरुष परिजन चन्नी पुत्र सामंता और सुभाष पुत्र चन्नी भी मौके पर मौजूद रहकर गाली गलौज कर रहे थे। एसएचओ बाबूलाल गुर्जर ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ उद्घाटन

बढ़ता राजस्थान

बानसूर(धीरज मौर्य)। ग्राम पंचायत खोरी में श्री श्याम क्रिकेट क्लब के तत्वाधान में 21वी क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ शुभारम्भ।क्रिकेट प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 7100, द्वितीय पुरस्कार 3100 रुपए है। इस प्रतियोगिता में विभिन्न जगहों की लगभग 35 टीमें भाग लेंगी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्रीराम यादव सरपंच, विकास सिसोटिया, एंकर यादराम यादव, विक्की यादव,आवेश सुरेला, मोहित खंडेलवाल,मोहरसिंह डीपी सहित ग्रामीण व खिलाड़ी मौजूद रहे।

हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास व पचास हज़ार के अर्थ दंड की सुनाई सजा

बढ़ता राजस्थान

भरतपुर/भुसावर/वैर (यतेन्द्र पाण्डेय)। एडीजे मोहित द्विवेदी ने आरोपी पुष्पेंद्र उर्फ परमा पुत्र ध्रुव सिंह निवासी कमालपुरा को एक जने की हत्या करने के मामले में आजीवन कारावास व 50 हजार रुपए के अर्थ दंड से दंडित किया है । मृतक गोविंद के रिश्तेदार ने 27 जनवरी 2019 को मामला दर्ज कराया था। लोक अभियोजक गुटयारी सिंह गुर्जर के अनुसार मृतक के जीजा मुकेश पुत्र फतेह सिंह जाट निवासी खेड़ा (अलवर) ने मामला दर्ज करवाया था कि 26 जनवरी 2019 को वह मिलने के लिए अपनी ससुराल कमालपुरा आया हुआ था दिन के करीब 12:00 बजे की बात है कि वह अपने ससुर खेम सिंह से मकान के अंदर बैठकर बातचीत कर रहा था तभी बाहर से झगड़ा होने की आवाज सुनाई दी जिसे सुनकर वह बाहर आए और देखा कि समंदर सिंह की बैठक व धूजी जाट के मकान के बीच खाली जगह में पुष्पेंद्र पुत्र धूजी जाट, धूजी पुत्र प्यारेलाल, सीमा पत्नी पुष्पेंद्र, लच्छो पत्नी धूजी जाट उसके साले गोविंद पुत्र खेम सिंह को जमीन में पटक कर मारपीट कर रहे थे। परिजन गोविंद को घायल अवस्था में भुसावर अस्पताल लाये जहां डॉक्टरों ने गोविंद की मौत हो जाना बताया। इसका मामला भुसावर थाने में दर्ज किया गया था!

सोते समय बदमाश ने तोड़ी बुजुर्ग के कानों से मुरकी, जाग होने पर भागा बदमाश

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। करधनी थाना इलाके में सोते समय एक बदमाश ने बुजुर्ग के कान से मुरकी तोड़ ली। दूसरी तोड़ने के दौरान उसकी नींद खुल गई। इस पर बदमाश मौका पाकर भाग निकला। मामले की जांच एएसआई प्रहलाद सिंह कर रहे है। पुलिस के अनुसार चांदयाबाड़ी हरनाथपुरा निवासी हजारी लुहार ने मामला दर्ज करवाया कि वह रात को घर पर सो रहा था इसी दौरान एक बदमाश आया और उसने एक कान से सोने की मुरकी निकाल ली। दूसरी मुरकी निकालने के दौरान उसकी नींद खुल गई। उसने हल्ला मचाया तो बदमाश वहां से मौका देखकर भाग निकला। घटना 28 अक्टूबर की रात करीब एक बजे की है। इस पर पीडित ने स्थानीय लोगों के साथ मिलकर आस-पास बदमाश को तलाश किया, लेकिन वह नहीं मिला। इस पर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचक र बदमाश को पकड़ने के लिए सर्च अभियान चलाया, लेकिन बदमाश का पता नहीं चला। इस पर पीडित ने थाने पहुंच कर मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर घटना स्थल और उसके आस-पास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

यू.डी.आई.डी. को जनाधार में जुड़वा सकते हैं दिव्यांगजन

बढ़ता राजस्थान

कोटा,(का.स.)। जिले के ऐसे दिव्यांगजन जिनके द्वारा 1 अप्रेल 2024 के बाद डिजिटल दिव्यांग प्रमाण पत्र (यू.डी.आई.डी.) के लिए स्वावलम्बन पोर्टल पर आवेदन किया गया था, उन दिव्यांगजनों के यूडीआईडी कार्ड जारी होने के बाद जन-आधार में नहीं जुड़ने के कारण राज्य सरकार की जन कल्याण कारी योजनाओं से वंचित हो रहे थे, उन दिव्यांगजनों के लिए जन-आधार में अपडेट, लिंक, जुड़वाने आदि की सुविधा प्रारम्भ हो चुकी है। संयुक्त निदेषक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग सविता कृष्णिया ने बताया कि स्वावलम्बन पोर्टल पर बनाए गए डिजिटल दिव्यांग प्रमाण पत्र एवं यू.डी.आई.डी. कार्ड को नजदीकी ई-मित्र पर जाकर जन-आधार में अपडेट, लिंक, जुड़वाकर राज्य सरकार की योजनाओं में लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

देश में स्वास्थ्य क्षेत्र की 12 हजार 850 करोड़ की परियोजनाओं का शुभारंभ एवं शिलान्यास

‘विकसित और निरामया भारत’ का सपना पूरा करने के लिए हम संकल्पित : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

आपणो स्वस्थ राजस्थान बनाने की दिशा में अग्रसर राज्य सरकार : मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

बढ़ता राजस्थान

भरतपुर (नि.स.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को 9वें आयुर्वेद दिवस पर नई दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान से देश को स्वास्थ्य क्षेत्र संबंधी 12 हजार 850 करोड़ रुपए की परियोजनाओं की सौगात दी। साथ ही, आयुष्मान भारत योजना के तहत 70 वर्ष एवं इससे अधिक के वरिष्ठ नागरिकों को अब 5 लाख तक का नि:शुल्क इलाज मिलेगा। कार्यक्रम में पीएम आयुष्मान भारत हैल्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर मिशन के तहत राजस्थान में भी 8 क्रिटिकल केयर ब्लॉक्स का वर्चुअल शिलान्यास किया गया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा इस कार्यक्रम से भरतपुर के आरबीएम अस्पताल से वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जुड़े प्रधानमंत्री ने इस दौरान देशवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि केन्द्र सरकार राष्ट्रीय चरित्र और सामाजिक ताने-बाने की आत्मा ‘सर्वे सन्तु निरामय’ को आधार मानते हुए सबका साथ-सबका विकास की संकल्पना के साथ काम कर रही है। उन्होंने कहा कि बीते 10 वर्षों में स्वास्थ्य क्षेत्र को विकसित करने के लिए अथक प्रयास किए गए हैं तथा आगामी 25 वर्षों में भी सुदृढ स्वास्थ्य क्षेत्र विकसित भारत का मजबूत आधार बनेगा। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार विकसित एवं निरामय भारत के सपने को पूरा करने के लिए संकल्पित है।‘आयुष’ देश के सर्वाधिक तीव्र गति से वृद्धि करने वाले सेक्टर में शामिल मोदी ने कहा कि देश के नागरिक जितने स्वस्थ होंगे, देश की प्रगति की गति भी उतनी ही तेज होगी। इसी सोच के साथ केन्द्र सरकार द्वारा स्वास्थ्य क्षेत्र के कायाकल्प के लिए अनेक काम किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि बीते 10 वर्षों में देश में आयुर्वेद के ज्ञान को आधुनिक चिकित्सा के साथ जोड़कर स्वास्थ्य क्षेत्र में एक नया अध्याय जोड़ा गया है। 150 से ज्यादा देश आयुर्वेद दिवस मना रहे हैं। यह इस बात का प्रमाण है कि आयुर्वेद के माध्यम से भारत पूरे विश्व में अपनी अनूठी पहचान बना रहा है। वर्तमान में ‘आयुष’ देश के सर्वाधिक तीव्र गति से वृद्धि करने वाले सेक्टर में शामिल हुआ है।

वृद्धजनों को मिलेगा नि:शुल्क इलाज, जी सकेंगे स्वाभिमानपूर्ण जीवन प्रधानमंत्री ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के तहत अब 70 वर्ष तथा इससे अधिक के बुजुर्गों को 5 लाख तक का नि:शुल्क इलाज मिलेगा। इससे वे स्वाभिमान के साथ अपना जीवन जी सकेंगे। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार स्वास्थ्य के क्षेत्र में तकनीक के उपयोग पर भी जोर दे रही है। इसी का परिणाम है कि ई-संजीवनी प्लेटफॉर्म के माध्यम से 30 करोड़ लोग ऑनलाइन परामर्श ले चुके हैं। उन्होंने कहा कि दुनियाभर में भारत मेडिकल एवं वैलनेस टूरिज्म के क्षेत्र में एक बड़े केन्द्र के रूप में देखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि 70 वर्ष से अधिक के वरिष्ठ नागरिकों को स्वास्थ्य कवरेज मिलने से नि:शुल्क इलाज प्राप्त हो सकेगा। जिससे हमारे बुजुर्ग इलाज के लिए अब किसी पर निर्भर नहीं रहेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बड़ी संख्या में बुजुर्गों को इस योजना का लाभ मिलेगा।

प्रदेश में 8 क्रिटिकल केयर ब्लॉक्स का वर्चुअल शिलान्यास

क्रिटिकल केयर ब्लॉक्स के शिलान्यास से चिकित्सा सुविधाएं होंगी सुदृढ़ : शर्मा ने कहा कि पीएम आयुष्मान भारत हैल्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर मिशन के तहत आज प्रदेश में भरतपुर, धौलपुर, चूरू, बूंदी, चित्तौड़गढ़, सिरोही, करौली तथा हनुमानगढ़ में क्रिटिकल केयर ब्लॉक्स का शिलान्यास किया गया है। इनकी स्थापना जिला अस्पताल एवं मेडिकल कॉलेजों में की जा रही है। उन्होंने कहा कि आईसीयू बैड, ऑक्सीजन, वेंटीलेशन,ऑपरेशन थियेटर सहित अन्य इमरजेंसी सुविधाओं से लैस इन ब्लॉक्स से प्रदेश में आपातकालीन चिकित्सकीय सुविधाएं सुदृढ होंगी।

हर जरूरतमंद को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देना हमारा लक्ष्य : मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार चिकित्सा सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण तथा हर जरूरतमंद को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देने के लक्ष्य के साथ कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना के तहत कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के लिए 73 डे केयर पैकेज शामिल किए गए हैं। साथ ही,अन्य राज्यों की सर्वोत्तम पद्धतियों को योजनांतर्गत शामिल किया गया है जिससे यह योजना आमजन के लिए अधिक लाभदायक तथा प्रभावी बनी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 11 हजार 500 से अधिक स्वास्थ्य कल्याण केन्द्रों को आयुष्मान आरोग्य केन्द्रों में परिवर्तित किया गया है। साथ ही, बुजुर्गों को सम्मान के साथ उपचार उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार ने 49 जिला चिकित्सालयों में ‘रामाश्रय’ वार्ड शुरू किए हैं। इस दौरान शर्मा ने प्रदेशवासियों को धनतेरस की बधाई देते हुए कहा कि यह पर्व हमें सिखाता है कि स्वास्थ्य ही सबसे बड़ा धन है। भौतिक समृद्धि के साथ उत्तम स्वास्थ्य होना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि धन्वंतरि जी ने समाज को आयुर्वेद के महत्व के बारे में बताया।

इस अवसर पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर, विधायक डॉ. शैलेश सिंह, बहादुर सिंह कोली, डॉ. सुभाष गर्ग, डॉ. ऋतु बनावत, प्रमुख शासन सचिव चिकित्सा एंव स्वास्थ्य गायत्री राठौड़ सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधिगण, वरिष्ठ अधिकारी एवं आमजन उपस्थित रहे।

लायंस क्लब अलवर मत्स्य सदस्यों ने मुरझाये मासूम चेहरों पर दी खुशियों भरी मुस्कान

बढ़ता राजस्थान

LIONS CLUB ALWAR MATSYA
ACTIVITY

अलवर (का.स.)। लायंस क्लब अलवर मत्स्य के पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा दीपावली उत्सव के मौके पर मंगलवार 29 अक्टूबर 2024 को माधव सेवा संस्थान द्वारा चलाये जा रहे केशव आदर्श अध्ययन संस्थान एवं संस्कार केन्द्र , चमेली बाग़ अखैपुरा मोहल्ला तथा केशव आदर्श विद्यामंदिर ,बुधविहार, अलवर के बच्चो के मध्य जाकर दीपोत्सव मनाया गया ! बच्चो ने स्वयं के हाथो से बनाये ग्रीटिंग कार्ड्स लायन मेम्बर्स को बाँटे और लायंस क्लब अलवर मत्स्य के मेम्बर्स द्वारा तकरीबन 300 पैकेट्स मिठाई दोनों स्कूल के बच्चो में वितरित की गयी ।

लायंस क्लब अलवर मत्स्य की अध्यक्ष एम.जे.एफ. लायन मंजू अग्रवाल ने बताया कि दीपावली के पवन पर्व की शुरुआत इसे बच्चो के मध्य जाकर करी जिनके मासूम चेहरे बिना मिठाई के मुरझाये हुए थे किसी तरह की ख़ुशी दीपावली की उनके चेहरे से कोसो दूर नजर आ रही थी क्योकि उन्हें पता था कि गरीबी के चलते उनके माता-पिता कैसे उनका पालन पोषण करने के साथ उनको पढ़ा रहे है ! आज जब लायंस क्लब अलवर मत्स्य के सदस्यों ने माधव सेवा संस्थान द्वारा चलाये जा रहे केशव आदर्श अध्ययन संस्थान एवं संस्कार केन्द्र , चमेली बाग़ अखैपुरा मोहल्ला तथा केशव आदर्श विद्यामंदिर , बुध विहार, अलवर के बच्चो के मध्य जाकर दीपोत्सव मनाया और सभी बच्चो को मिठाई का डब्बा थमाया उसी पल मानो हजारो वाट के बल्ब की सी रोशनी लिए बच्चो के चेहरे खिल उठे खुशियाँ चहरे पर साफ़ नजर आ रहे थी । सीनियर लायन मेम्बर एम.जे.एफ. लायन चन्द्रप्रकाश गुप्ता ने अपने उद्बोधन में दीपावली की हार्दिक शुभकामनाये देते हुए कहा कि आने वाले समय में आप सभी देश का भविष्य हो अभी से पढ़-लिखकर अच्छी पोस्ट पर नौकरी करने का अभी से अपना लक्ष्य निर्धारित करके आगे बढ़े । लायंस क्लब इंटरनेशनल के डिस्ट्रिक्ट 3233 ई 1 के रीजन 2 सांवरियाँ के रीजन चेयरपर्सन लायन गिरीश गुप्ता द्वारा उद्बोधन में बच्चो एवं टीचर्स को दीपावली की हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि माधव सेवा समिति के द्वारा संचालित इन स्कूलों में विमल जैन जी एवं अध्यापको द्वारा दी जा रही शिक्षा एवं संस्कार वाकई बेहद प्रशंसनीय है हर बच्चा नहाया हुआ , अच्छे वस्त्र पहने हुए , शिष्टाचार के साथ बात करते हुए , अपनों से बड़ो के पैर चुना इत्यादि गुणों से परिपक्व है और ये सब तभी संभव है जबकि स्कूल में दी जा रही शिक्षा उच्च मापदंडो की हो ! दीपावली के पवन पर्व पर दोनों ही स्कूलों के तकरीबन 300 बच्चो को 1-1 किलो मिठाई वितरित करवाई गयी जिसको पाकर बच्चो के मुरझाये चेहरे खिल उठे । कार्यक्रम में रीजन चेयरपर्सन लायन गिरीश गुप्ता , अध्यक्ष एम.जे.एफ. लायन मंजू अग्रवाल , एम.जे.एफ. लायन चन्द्रप्रकाश गुप्ता, लायन लोकेश यादव , लायन सत्यनारायण अग्रवाल, लायन अनिल बंसल, लायन कुनाल गुप्ता इत्यादि ने बढ़-चढ़कर भाग लिया ।

बयाना में स्वीप कायक्रम के तहत निकाली मतदाता जागरूकता रैली

बढ़ता राजस्थान

भरतपुर /बयाना (सत्य प्रकाश अग्रवाल)। बयाना में स्वीप कार्यक्रम के तहत मंगलवार को धनतेरस के पर्व पर विशेष मतदाता जागरूकता रैली निकालकर विशेष मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम का भी शुभारंभ किया गया।

रैली व कार्यक्रम का शुभारंभ नायब तहसीलदार अंकुर जैन ने हरी झंडी दिखाकर किया। इस मौके पर नायब तहसीलदार रणवीर सिंह, आर पी सुरेश तंवर , निर्वाचन विभाग प्रभारी भरत खटाना, पुष्पेंद्र तिवारी, युवराज धाकड़, राजेंद्र खटाना सहित निर्वाचन विभाग के अन्य कर्मचारी व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका आदि भी मौजूद रहे। नायब तहसीलदार अंकुर जैन ने बताया कि स्वीप कार्यक्रम के तहत विशेष मतदाता जागरूकता व पुनरीक्षण अभियान एक माह तक जारी रहेगा।

इस अभियान के तहत जहां सभी नागरिकों को मताधिकार के प्रति जागरूक किया जाएगा वहीं नए मतदाताओं व अन्य वंचित मतदाताओं को भी अपने नाम मतदाता सूचियों में जुड़वाने व मतदाता सूचियों को अपडेट करने में सहयोग करने के लिए भी जागरूक किया जाएगा। उन्होंने बताया की संबंधित मतदाता अपने नाम मतदाता सूचियों में जुड़वाने या अयोग्य मतदाताओं के नाम कटवाने एवं अन्य संशोधन और मतदाता सूचियां को अपडेट करवाने के लिए अपने क्षेत्र के संबंधित बीएलओ से संपर्क कर सकते हैं।

समता आंदोलन का आव्हान आओ मिल कर करें देश का नवनिर्माण : केदारनाथ पाराशर

बढ़ता राजस्थान

भरतपुर (यतेन्द्र पाण्डेय)। समता आंदोलन की बैठक डीग के जलमहलों में वयोवृद्ध दुर्गा प्रसाद गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित हुई।

जिसमें समता आंदोलन भरतपुर के जिलाध्यक्ष केदार नाथ पाराशर ने समतावादी व राष्ट्रवादी लोगों से आव्हान किया कि समता आंदोलन एक राष्ट्रवादी व समतावादी संगठन है जो देश को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए भ्रष्टाचार मुक्त ,जातिवाद मुक्त भारत बनाने लिए यह बहुत जरूरी है कि ऐसे लोग आगे आएं जो देश को विश्व गुरू बनता देखना चाहते हैं। इसके लिए जातिवाद क्षेत्रवाद से ऊपर उठकर सोचना होगा। और योग्यता का का सम्मान होना चाहिए जातिगत आरक्षण के नाम पर अयोग्य का चयन न हो। शोषित वंचित पीडित किसी भी वर्ग का हो उसकी लड़ाई समता आंदोलन लड रहा है।समता आंदोलन शैक्षिक प्रकोष्ठ अध्यक्ष सतीश कुमार गुप्ता ने कहा कि शिक्षक वर्ग इस कार्य में महती भूमिका रखता है उन्हे इस मुहिम में शामिल होकर आंदोलन को सफल बनाए। जातिवाद की राजनीति करने वाले क्षेत्रीय दल देश के सौहार्द को बिगाड रहे हैं। समता आंदोलन जातिगत आरक्षण का पुरजोर विरोध करता है।

इस अवसर पर समता आंदोलन के जिलाध्यक्ष केदारनाथ पाराशर,शैक्षिक प्रकोष्ठ अध्यक्ष सतीश कुमार गुप्ता मंगतू राम।शर्मा दुर्गा प्रसाद गुप्ता हरिओम शर्मा पुनीत शांडिल्य अशोक शर्मा सारस राकेश शर्मा भरतपुर गायत्री परिवार के ताराचन्द शर्मा जयनारायण व्यास खेडा ब्राह्मण लक्ष्मीकांत शर्मा ललित कुमार सेवानिवृत्त व्याख्याता सीताराम शर्मा हरि ओम गोड आदि अनेक गणमान्य लोग उपस्थित हुए और अपने विचार व्यक्त किए। ताराचन्द ने सभी का आभार व्यक्त किया।

आयुर्वेद से हीं संभव है स्वस्थ भारत का निर्माण

बढ़ता राजस्थान

भरतपुर (यतेन्द्र पाण्डेय्)। धन्वंतरि जयंती एवं नवमे आयुर्वेद दिवस के कार्यक्रम में भरतपुर आयुर्वेद विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक विभागीय संघ संचालक भागीरथ शर्मा विशिष्ट अतिथि अतिरिक्त निदेशक आयुर्वेद विभाग डॉ हरवीर सिंह , पूर्व उपनिदेशक डॉ सतीश पाराशर एवं उपनिदेशक आयुर्वेद विभाग डॉ इंदु शर्मा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। आयुर्वेद दिवस के कार्यक्रम में बोलते हुए मुख्य अतिथि भागीरथ शर्मा ने बताया कि आज विश्व आयुर्वेद की ओर देख रहा है और आयुर्वेद से हीं स्वस्थ भारत का निर्माण संभव है आयुर्वेद मात्र चिकित्सा पद्धति ही नहीं जीवन का विज्ञान है जिसे प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए और आज प्रचलित खान-पान जैसे पाश्चात्य संस्कृति का फास्ट-फूड को छोड़कर आयुर्वेद में वर्णित भोजन शैली को अपनाया जाना चाहिए जिससे स्वस्थ भारत का निर्माण हो सके। कार्यक्रम में भरतपुर के समस्त आयुर्वेद चिकित्सक कंपाउंडर एवं परिचारक मौजूद रहे कार्यक्रम का संचालन डॉ कुलदीप शर्मा एवं डॉ राजकुमार शर्मा ने किया, कार्यक्रम में आयुर्वेद के क्षेत्र में विशेष कार्य करने वाले चिकित्सकों एवं कर्मचारियों को सम्मानित किया गया जिसमें डॉ प्रेम सिंह, डॉ ललित व्यास, डॉ राजवीर, डॉ नरेन्द्र पाराशर , डॉ नेहा कुशवाह, रामेश्वर शर्मा, घनश्याम जाट, उमाशंकर शर्मा को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया , डॉ सुशील पाराशर ने आयुर्वेद दिवस और धन्वंतरि जयंती के महत्व पर विचार व्यक्त किए, कार्यक्रम के अंत में सभी ने सामूहिक धन्वंतरि वंदना और डॉ इंदु शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया आयुर्वेद शपथ ली कार्यक्रम के दौरान डॉ मोहन स्वरूप शर्मा, डॉ चंद्रदेव पांडे, डॉ धनेश शर्मा, डॉ प्रताप सिंह, डॉ राजकुमार, डॉ नुपुर सिंह, डॉ निर्मल शर्मा, डॉ ताराचंद शर्मा, डॉ मुकुट शर्मा, डॉ वीरेंद्र, डॉ प्रीति के साथ साथ शहर के सैकड़ों चिकित्सक कंपाउंडर मौजूद रहे।

गांव मोठुका में 2 नवंबर को होगा खेल महोत्सव का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

बानसूर(धीरज मौर्य)।गांव मोठुका में नव युवक मंडल के तत्वधान में खेल महोत्सव का आयोजन 2 नवंबर गोवर्धन पर्व के दिन होगा। इस खेल महोत्सव में विभिन्न प्रकार के 11 खेलों का आयोजन किया जाएगा। इन खेलों में प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहने वाले खिलाड़ियों को विभिन्न प्रकार के ईनाम भी पुरस्कार स्वरूप प्रदान किए जाएंगे। खेलों का शुभारंभ दिनांक 2 नवंबर 2024 को सुबह 9:00 होगा। इस खेल महोत्सव की अध्यक्षता सरपंच हंसा देवेंद्र चौधरी करेंगे। खेल महोत्सव के संयोजक जगवंत सिंह सभी खिलाड़ियों को समय से खेल मैदान में पहुँचने की अपील की हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया बूंदी के क्रिटिकल केयर ब्लॉक्स का वर्चुअल शिलान्यास

आयुष्मान भारत देश में चिकित्सा क्षेत्र की सबसे बडी योजना : ऊर्जा राज्यमंत्री

बढ़ता राजस्थान

बूंदी,(नि.स.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को धन्वंतरि जयंती और 9वें आयुर्वेद दिवस पर दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान में आयोजित हेल्थ प्रोजेक्ट के उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान पीएम-आयुष्मान भारत हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन के तहत बूंदी के सामान्य चिकित्सालय में 16.63 करोड की लागत से निर्मित होने वाले क्रिटिकल केयर ब्लॉक्स का वर्चुअल शिलान्यास किया। इस अवसर पर सामान्य चिकित्सालय में आयोजित शिलान्यास कार्यक्रम में ऊर्जा राज्यमंत्री व बूंदी जिला प्रभारी मंत्री हीरालाल नागर ने शिरकत की और कार्यक्रम से वर्चुअल जुडे। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जिला प्रभारी मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू की गई आयुष्मान भारत योजना देश में चिकित्सा के क्षेत्र की सबसे बडी योजना है। इसमें गरीब व्यक्तियों को गंभीर बीमारी के इलाज की बेहतरीन सुविधा मिल रही है और यह योजना गरीबों के इलाज में संजीवनी साबित हो रही है। देश के किसी भी क्षेत्र में योजना की सुविधा का लाभ दिए जाने का प्रावधान है। श्री नागर ने क.हा कि बूंदी में 16 करोड़ 63 लाख रुपए लागत से बनने वाले क्रिटिकल केयर ब्लॉक्स से बूंदी जिले एवं आस पास के क्षेत्र के लोगों के लिए इलाज की बेहतर सुविधा मिल सकेगी और इलाज के लिए बाहर नहीं जाना पडेगा। उन्होंने बताया कि आयुष्मान भारत योजना के तहत प्रदेश में 33 क्रिटिकल केयर ब्लॉक स्वीकत किए गए है, इसके लिए 867 करोड़ का प्रावधान किया गया है। इसी के तहत प्रदेश 8 जिले में आज क्रिटकल केयर ब्लॉक का शुभारंभ हुआ है।

मजबूत संस्कृति की प्रतीक दीपावली : ऊर्जा राज्यमंत्री ने कहा दीपावली का पर्व भारत देश की मजबूत और समृद्धशाली संस्कृति का प्रतीक है। इसमें स्वच्छता का संदेश समाहित है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता से समृद्धि का आगमन होता है, इसलिए हम सभी संकल्प लें कि हमारे घर, गली, मोहल्ले और हर क्षेत्र को स्वच्छ रखेंगे। उन्होंने कहा कि सभी के समन्वित प्रयासों से 2047 तक भारत विकसित राष्ट्र बनेगा। इस अवसर पर राज्यमंत्री ने जिला चिकित्सालय परिसर में बनने वाले क्रिटकल केयर ब्लॉक भवन का विधि विधानपूर्वक भूमि पूजन किया। शिलान्यास कार्यक्रम में जिला प्रभारी सचिव कुंजीलाल मीणा, जिला कलक्टर अक्षय गोदारा, नगर परिषद सभापति सरोज अग्रवाल, बूंदी विधायक हरिमोहन शर्मा, पुलिस अधीक्षक राजेन्द्र कुमार मीणा, अतिरिक्त जिला कलक्टर सुदर्शन सिंह तोमर, जिलाध्यक्ष सुरेश अग्रवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमा शर्मा, मेडीकल कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. श्योजीराम मीणा, नुपुर मालव, निर्मल मालव, अशोक जैन, रामेश्वर मीणा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ओपी सामर, प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रभाकर विजय, पार्षदगण, जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन लोकेश वशिष्ठ ने किया।

टेल क्षेत्र तक हो पानी की पहुंच : जिला प्रभारी मंत्री ने बूंदी प्रवास के दौरान सर्किट हाऊस में जिला कलक्टर अक्षय गोदारा से नहरों में हो रहे जल प्रवाह की स्थिति तथा बिजली आपूर्ति व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि नहरों में जल प्रवाह के दौरान टेल क्षेत्र के किसानों को भी नहरी पानी मिले। साथ ही जिले में आमजन को निर्बाध विद्युत आपूर्ति रहे, इसका विशेष ध्यान रखा जाए।

बूंदी जिले को मिली सौगात

बूंदी जिले को चिकित्सा क्षेत्र में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने आयुष्मान भारत योजना के तहत बडी सौगात दी है। आरएसआरडीसी लि. यूनिट कोटा के परियोजना निदेशक खेमचंद मीणा ने बताया कि आयुष्मान भारत योजना के तहत सामान्य चिकित्सालय परिसर में क्रिटिकल केयर ब्लॉक का निर्माण करवाया जा रहा है। इसके भूतल पर प्लास्टर रूम, अल्ट्रासाउंड रूम, एमसीएच व एलडीआर, न्यू बोर्न केयर कार्नर होगा। वहीं प्रथम तल पर 24 बेड का आइसोलेशन वार्ड, स्टॉफ रूम, चिकित्सक कक्ष, नर्स डयूटी रूम, डायलेसिस क्षेत्र, नर्सिंग स्टेशन, द्वितीय तल परचडीयू 6 बेड वार्ड, 10 बेड का आइसीयू, आइसोलेशन कक्ष संख्या 2, नर्सिंग स्टेशन तथा तीसरे तल पर ऑपरेशन थियेटर नंबर 2, ऑटोक्लेव रूम, काउसलिंग रूम, इंचार्ज रूम व स्टोरेज क्षेत्र होगा।

डॉ. हरिशंकर मीणा को प्रदेश स्तरीय समारोह जयपुर में किया पुरुस्कृत

बढ़ता राजस्थान

अंता (शफीक मंसूरी)। बारां शहर के सत्संग भवन मार्ग स्थित राजकीय आयुर्वेद चल चिकित्सालय में नियुक्त वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ हरिशंकर मीणा को मंगलवार को जयपुर में आयोजित हुए राज्य स्तरीय धन्वंतरि जयंती नवम आयुर्वेद दिवस समारोह 2024 में श्रेष्ठ चिकित्सक के रूप में प्रशंननीय सेवा एवं कुशल कार्यनिष्पादन के लिए सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि आयुष विभाग के प्रमुख शासन सचिव भवानी सिंह देथा द्वारा दिया गया। समारोह में गलगोटियाज यूनिवर्सिटी के डीन प्रो. अभिमन्यु सिंह, आयुर्वेद विभाग के निर्देशक डॉ. आनंद शर्मा, अजमेर संभाग की अतिरिक्त निदेशक मेघना चौधरी, शासन सचिवालय के सावन कुमार चॉयल विशेष अतिथि थे। पाइल्स, फिशर ,फिस्टुला एवं चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ मीणा को पिछले 3 वर्षो से उनके द्वारा लगातार राजकीय आयुर्वेदिक चल इकाई एवं अन्यात्र स्थानों पर निशुल्क स्वर्ण प्राशन एवं चिकित्सा शिविर लगातार आमजन को लाभान्वित करने पर किया गया। डॉ. मीणा को प्रशस्ति पत्र एवं भगवान धन्वंतरी का मोमेंटो दिया गया। समारोह में राजस्थान में से 11 चिकित्सकों को सर्वश्रेष्ठ चिकित्सा का अवार्ड दिया गया था। विभिन्न पद अनुसार चिकित्सा वर्ग में डॉ हरिशंकर मीणा को ही श्रेष्ठ चिकित्सा का सम्मान दिया गया है।

उल्लेखनीय है कि डॉ. मीणा ने अंडर ग्रेजुएट बीएएमएस उदयपुर से किया हुआ है और पोस्ट ग्रेजुएशन एमडी राष्ट्रीय संस्थान जयपुर से किया हुआ है।

लूट के आरोपियों ने अंता पुलिस के नाक में कर रखा था दम पुलिस कर रही चोरी के खुलासे पर खुलासे

व्यापारी से पिस्टल के दम पर हुई लूट का खुलासा : 3 आरोपियों को किया गिरफ्तार, वारदात में काम ली गई 2 बाइक जब्त

लूट के तीनों आरोपियों को पुलिस ने अंता के बाजारों में घुमाया लोगों ने की सराहना

बढ़ता राजस्थान

अंता (शफीक मंसूरी)। जिले की अंता थाना पुलिस ने सर्राफा व्यापारी के साथ पिस्टल की नोक पर हुई लूट के मामले का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में काम ली गई 2 बाइक जब्त की है। एसपी राजकुमार चौधरी ने ने बताया कि 17 अक्टूबर को फरियादी अंता निवासी अजय कुमार सोनी ने अंता थाने में मामला दर्ज कराया था। रिपोर्ट में बताया कि उसकी पलायथा में सोने-चांदी के गहनों की दुकान है। रोजाना वह अंता से पलायथा आते-जाते हैं। रोज की तरह 17 अक्टूबर को वह दुकान बंद कर सोने-चांदी के गहने लेकर बाइक से वापस अंता लौट रहा था। तभी शाम करीब साढ़े 6 बजे अंधेरे का फायदा उठाते हुए बाइक सवार तीन बदमाशों ने ने उसे एनएच-27 पर बडे कुंआ वाला बाग के पास रोक लिया। जहां बदमाशों ने उसे पिस्टल दिखा कर डराया धमकाया ओर उसके पास से करीब 50 ग्राम सोना व चांदी के आभूषण करीब 10 किलो वजनी, 3500 रुपए नकदी और मोबाइल लूट कर ले गए।मामले की गम्भीरता को देखते हुए घटनास्थल पर एसपी राजकुमार चौधरी, एएसपी राजेश चौधरी ओर डीएसपी ने घटना स्थल का निरीक्षण किया। एसपी ने थानाधिकारी अन्ता को वारदात का शीघ्र खुलासा करने के निर्देश दिए। वारदात

के खुलासा करने के लिए एएसपी राजेश चौधरी व डीएसपी सोजीलाल मीणा के सुपरविजन व अंता थानाधिकारी के नेतृत्व में साइबर सेल प्रभारी व थाने की विशेष टीम गठित की गई। टीम ने तकनीकी अनुसंधान और मुखबिरों की सूचना आदि आधार पर जांच की गई। मौके से कई साक्ष्य जुटाए गए। पुलिस टीम ने प्रारंभिक जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर दो संदिग्धों पलायथा निवासी आरिश व शोकीन को डिटेन कर गहनता से पूछताछ की गई। पुलिस पूछताछ के दौरान दोनों आरोपियों ने उनके साथी कोटा निवासी मेहरान खान, सोनू सरदार, आबिद उर्फ काका और सोएब उर्फ गमोरी के साथ मिलकर लूट की वारदात को अंजाम देने की बात कबूल करली। इस पर पुलिस ने वारदात में शामिल तीन आरोपियों डीसीएम कोटा निवासी मेहरान खान पुत्र समीर खान, पलायथा निवासी आरिश पुत्र मुन्ना अली पठान,पलायथा निवासी शौकीन मोहम्मद पुत्र नन्नू खान को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त दो बाइक भी बरामद की हैं।

पुलिस थाना अन्ता
जिला-बारां राज.

प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि पलायथा निवासी आरिश पठान, शौकीन मोहम्मद ने कई दिनों तक ज्वेलर की रेकी की। इसके बाद उन्होंने 17 अक्टूबर को वारदात को अंजाम देने के लिए कोटा निवासी मेहरान खान, सोनू सरदार, आबिद उर्फ काका और सोएब उर्फ गमोरी को पलायथा बुलाया।

आरिश ओर शौकीन ने ज्वेलर के रवाना होने की सूचना अन्य कोटा निवासी चारों बदमाशों को दी। चारों बदमाशों ने ज्वेलर को एनएच 27 पर बड़े कुआं वाला बाग के पास घुमाव का फायदा उठाकर पिस्टल दिखाकर लूट की वारदात को अंजाम दिया। पुलिस अन्य खुलासों को लेकर आरोपियों से गहनता से पूछताछ कर रही है। वहीं, वारदात में शामिल अन्य आरोपी सोनू सरदार उर्फ कुलदीप सिंह, आबिद उर्फ काका, तथा सोएब उर्फ गमोरी निवासी कोटा फरार चल रहे है। जिनकी तलाश जारी है। फरार आरोपी कोटा के शातिर अपराधी है।

पालिका अध्यक्ष रामेश्वर खंडेलवाल ने रात्रि कालीन सफाई व्यवस्था का लिया जायजा

बढ़ता राजस्थान

अंता (शफीक मंसूरी)। नगर को स्वच्छ सुंदर एवं आकर्षक बनाने के लिए पालिका अध्यक्ष रामेश्वर खंडेलवाल कस्बे के जनप्रतिनिधि भाजपा कार्यकर्त्ता एवं नगरपालिका सफाई कर्मचारियों के साथ मिलकर शहर के प्रमुख मार्गो सहित प्रत्येक वार्डो ने जाकर निरिक्षण कर रहे है सूत्रों से प्राप्त जानकारी के लिए कस्बे मे पिछले कई दिनों से सफाई एवं बिजली की व्यवस्था बिगड़ी नज़र आई जिसके पश्चात पालिका अध्यक्ष ने नगर मे सफर एवं बिजली व्यवस्था सुधार हेतु योजना बनाई जिसके रात्रि मे भी नगर की साफ सफाई कराने की मांग की गई जानकारी के लिए आपको बता दे की दीपावली के पर्व को देखते हुऐ नगर को स्वछ सुंदर बनाने के लिए यह अभियान चलाया गया 7इसी के अंतर्गत पालिका अध्यक्ष रामेश्वर खंडेलवाल के साथ साथ पार्षद कुलदीप शाक्य, मुरलीधर गहलौत, भाजपा नगर महामंत्री मोहित कालरा,भारत गालव, गोविंद शर्मा, हम्पी नामा, रोहित राठौर, रविंद्र शर्मा महावीर वैष्णव,सहित अन्य कार्यकर्त्ता ने रात्रि कालीन सफाई एवं बिजली व्यवस्था का निरिक्षण किया।

अवैध पिस्टल व 2 जिंदा कारतूस के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार,आर्म्स एक्ट में प्रकरण किया दर्ज

बढ़ता राजस्थान

चौमहला(नि.स.)। झालावाड़ जिले के गंगधार में पुलिस ने अवैध फायर आर्म्स पिस्टल व दो जिंदा कारतूस के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी अमरनाथ जोगी ने बताया कि जिला पुलिस द्वारा अवैध हथियार रखने वाले बदमाशों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत पुलिस टीम ने हथियार तस्करों पर शिकंजा कसते हुए जेताखेड़ी रोड के पास सरकारी गर्ल्स स्कूल खेल का मैदान गंगधार से एक व्यक्ति युवराज सिंह पुत्र अमर सिंह जाति राजपूत उम्र 19 वर्ष निवासी गणेश गली थाना गंगाधर को गिरफ्तार कर युवक के कब्जे से एक पिस्टल व दो जिंदा कारतूस बरामद किए है। आरोपी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज न्यायालय में पेश किया गया जहां न्यायालय द्वारा आरोपी को पुलिस रिमांड दिया गया। आरोपी युवक के विरुद्ध पूर्व में भी हत्या के प्रयास व आर्म्स एक्ट के प्रकरण दर्ज हैं।

गायत्री शक्तिपीठ पर स्वागत किया

बढ़ता राजस्थान

चौमहला(आबिद हुसैन)। झालावाड़ जिले के चौमहला कस्बे में नदियों की स्वच्छता व पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए चंबल नदी की पैदल परिक्रमा कर रहे तीन सदस्यों की टीम का गायत्री शक्तिपीठ पर स्वागत किया गया।शक्तिपीठ के मुख्यट्रस्टी गोविंद राम अग्रवाल ने बताया कि चंबल नदी की पैदल परिक्रमा कर रहे इटावा उत्तरप्रदेश निवासी रोबिन सिंह परिहार,संत तेजोमयानंदवंद व राम धीरज की टीम सोमवार रात्रि को गायत्री शक्तिपीठ पँहुची।

शक्तिपीठ पर उनका स्वागत किया गया।यंहा आयोजित गोष्ठी में रोबिन सिंह ने कहा कि नदियां हमारी जीवन रेखा है इन्हें नहीं बचाया गया तो हमारा धन और संपत्ति भी हमारे काम नहीं आएगी। पानी के लिए हमें जल युद्ध करना पड़ेगा। रोबिन सिंह ने बताया कि देश की सबसे स्वच्छ नदियों में शुमार मां चंबल नदी एक स्वच्छ नदी है इसी तर्ज पर देश की अन्य नदियों एवं जल स्त्रोतों को प्रदूषण मुक्त करने की आवश्यकता है द्य देश में नदियों,तालाबों,झीलों आदि जल स्त्रोतों पर अतिक्रमण करने पर रोक लगाने पर गंभीरता से विचार करना होगा। नहीं तो भविष्य में जल संकट का सामना करना पड़ेगा। जन जागृति लाने के उद्देश्य से तीनो सदस्यों के दल ने चंबल-यमुना संगम पर बसे गांव शेरगढ़-कचहरी जिला-इटावा उत्तर प्रदेश से 2अक्टूबर को पदयात्रा शुरू की थी।वे कोटा, रावतभाटा, गांधी सागर होते हुए सोमवार को चौमहला कस्बे में आयेद्यमंगलवार सुबह 6 बजे सन्देश देते हुए गायत्री परिवार के माध्यम से कस्बे में प्रभात फेरी निकाली गई।इसके बाद पदयात्रियों की टीम आगे प्रस्थान कर गई द्य इस दौरान ईश्वर राठौर ,संतोष कुमार शर्मा ,राजेंद्र सोनी, हुकुमचंद टेलर,सुभाष भावसार,पवन सेन, कालूराम टेलर सहित कई महिला व पुरुष उपस्थित थे।

पंजाबी धर्मशाला अयोध्यापुरी में रसोई का निर्माण शुरू, पंच समाजों ने मिलकर की पूजा अर्चना

बढ़ता राजस्थान

रावतभाटा(संजय जैन)। रावतभाटा पंजाबी समाज अध्यक्ष बालकिशन गुलाटी ने बताया कि बाजार क्षेत्र के वार्ड नंबर 8 में स्थित पंजाबी धर्मशाला अयोध्यापुरी में मंदिर और हाल की छत का ढांचा तैयार हो चुका है और मंगलवार धनतेरस के मौके पर उसमें रसोई घर का शुभारंभ किया गया रसोई का निर्माण मनासा के गुलाटी परिवार के सहयोग से किया जा रहा है इसमें सद्भावना की मिसाल पेश करते हुए पांच समाजों के प्रतिनिधियों ने पूजा अर्चना में भाग लिया रसोई घर का निर्माण पूरा होने के बाद पंजाबी धर्मशाला को सभी समाजों के लिए रियायती दर पर किराए पर दिया जाएगा पूजा अर्चना के बाद समाज की महिलाओं ने सभी का मुंह मीठा कराया गया गुड़ चना का प्रसाद वितरण किया गया इस मौके पर पंजाबी समाज अध्यक्ष बालकिशन गुलाटी संजय सेंगर भीमसेन अरोड़ा रमेश कुमार गुलाटी रामलाल मलिक सचिव जगदीश छाबड़ा अशोक ऐलामादी तरुण छाबड़ा ओमप्रकाश वधवा नीरज कक्कड़ विकास माटा पंकज नकरा चंद्र मलिक कमला शर्मा सुनीता मानिक गीता अरोड़ा ललिता दुआ शिल्पा गुलाटी नीलू छाबड़ा बीना अरोड़ा निशा जाम रेखा अरोड़ा नेहा वधवा सुरेखा एलामदी रिंका मानिक पुष्पा गुलाटी चांदनी मलिक और पांच समाजों के प्रतिनिधि के रूप में कल्याणमल जैन ग्यारसी लाल ट्रेलर पहलाद जगम दिनेश सेन विक्रम गोरे आदि लोग मौजूद थे।

रावतभाटा वार्ड नंबर 8 में सीसी रोड के कार्य शुरू

बढ़ता राजस्थान

रावतभाटा(संजय जैन)। नगर पालिका रावतभाटा द्वारा वार्ड नंबर 8 की गलियों व रोड पर सीसी रोड का कार्य शुरू किया गया पार्षद प्रतिनिधि हर्ष जैन ने बताया कि नगर पालिका रावतभाटा द्वारा पिछले कुछ दिनों में लाखों रुपए के काम वार्ड नंबर 8 के विकास कार्य हेतु निकल गए आरसीसी रोड का कार्य शुरू होने पर सभी वार्ड वासियों में खुशी थी वार्ड वासियों को गली में रह रहे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था जैसे ही काम शुरू हुआ सभी लोगों में उत्सुकता व खुशी देखने को मिली कार्य का शुभराम्भ नारियल बदार कर और सभी मौजूद लोगों ने और वार्ड वासियों ने एक दूसरे का मुंह मीठा कराया सभी वार्ड वासियों ने सांसद सीपी जोशी, विधायक डॉक्टर सुरेश धाकड़, नगरपालिका अध्यक्ष मधु कँवर हाडा,पार्षद प्रेरणा जैन, का आभार जताया मौके पर मौजूद अध्यक्ष प्रतिनिधि हाडा जी ने ठेकेदार को उच्च क्वलिटी का काम के निर्देश दिए साथ ही पार्षद प्रतिनिधि हर्ष जैन वार्ड की और भी समस्याओं से अवगत कराया जिस पर नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि हाडा जी ने वार्ड में आ रही को देख सभी समस्याओं का जल्द ही समाधान किया जाएगा उनके द्वारा कई बात पर सभी वार्ड वासियों ने विश्वास जताया नहर किनारे डेम रोड पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय गार्डन के कार्य को हो रहे सभी वार्ड वासियों ने आभार जताया । शुभारंभ के दौरान शामिल नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि कमलेंद्र सिंह हाडा,पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राजकुमार वाधवा पूर्व महामंत्री हरीश राठौर पार्षद प्रतिनिधि हर्ष जैन, गजेंद्र सिंह जगपुरा, कैलाश सेन,राहुल नायक,मिथिलेश सिंह, मयंक शर्मा आदि मौजूद रहे।

बालिका जन्मोत्सव कार्यक्रम

बढ़ता राजस्थान

कोटा,(का.स.)। महिला अधिकारिता विभाग द्वारा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजनान्तर्गत बालिका जन्मोत्सव कार्यक्रम न्यू मेडिकल कॉलेज एवं सेटेलाइट मिनी चिकित्सालय रामपुरा में आयोजित किया गया। उप निदेशक महिला अधिकारिता मनोज कुमार मीणा ने बताया कि योजनान्तर्गत चिकित्सालायों में जन्मी नवजात बालिकाओं के लिए बेबी किट एवं माताओं को ब्लेंकेट भेंट किए। इस दौरान महिला अधिकारिता विभाग के कर्मचारियों के साथ चिकित्सालयों के कर्मचारी भी उपस्थित रहे एवं विभागीय योजनाओं की जानकारी दी।

देश में स्वास्थ्य क्षेत्र की 12 हजार 850 करोड़ की परियोजनाओं का शुभारंभ एवं शिलान्यास

विकसित और निरामया भारत का सपना पूरा करने के लिए हम संकल्पित : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

आपणो स्वस्थ राजस्थान बनाने की दिशा में अग्रसर राज्य सरकार -मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा

प्रदेश में 8 क्रिटिकल केयर ब्लॉक्स का वर्चुअल शिलान्यास, 70 वर्ष एवं इससे अधिक के वरिष्ठ नागरिकों को अब 5 लाख तक का निशुल्क इलाज

बढ़ता राजस्थान

धौलपुर, (नि.स.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को 9वें आयुर्वेद दिवस पर नई दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान से देश को स्वास्थ्य क्षेत्र संबंधी 12 हजार 850 करोड़ रुपए की परियोजनाओं की सौगात दी। आयुष्मान भारत योजना के तहत 70 वर्ष एवं इससे अधिक के वरिष्ठ नागरिकों को अब 5 लाख तक का नि:शुल्क इलाज मिलेगा। कार्यक्रम में पीएम आयुष्मान भारत हैल्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर मिशन के तहत राजस्थान में भी 8 क्रिटिकल केयर ब्लॉक्स का वर्चुअल शिलान्यास किया गया। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा इस कार्यक्रम से भरतपुर के आरबीएम अस्पताल से वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जुड़े। जिला स्तरीय कार्यक्रम जिला चिकित्सालय धौलपुर के परिसर में आयोजित किया गया। जिले में मेडिकल कॉलेज से सम्बद्ध अस्पताल में भी 50 बेड के क्रिटिकल केयर ब्लॉक की आधारशिला रखी गई। जिला स्तरीय कार्यक्रम में प्रभारी सचिव पी रमेश, जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी, प्राचार्य मेडिकल कॉलेज दीपक दुबे, पीएमओ जिला अस्पताल विजय सिंह, सीएमएचओ डॉ. जयन्ती लाल मीना, भाजपा जिला अध्यक्ष सत्येन्द्र पाराशर, भाजपा नेता सुखराम कोली, डॉ. शिवचरण कुशवाह, विवेक बोहरा सहित गणमान्य नागरिक मौजूद थे। प्रधानमंत्री ने इस दौरान देशवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि केन्द्र सरकार राष्ट्रीय चरित्र और सामाजिक ताने-बाने की आत्मा 'सर्वे सन्तु निरामय' को आधार मानते हुए सबका साथ-सबका विकास की संकल्पना के साथ काम कर रही है। उन्होंने कहा कि बीते 10 वर्षों में स्वास्थ्य क्षेत्र को विकसित करने के लिए अथक प्रयास किए गए हैं तथा आगामी 25 वर्षों में भी सुदृढ स्वास्थ्य क्षेत्र विकसित भारत का मजबूत आधार बनेगा। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार विकसित एवं निरामय भारत के सपने को पूरा करने के लिए संकल्पित है।

आयुष देश के सर्वाधिक तीव्र गति से वृद्धि करने वाले सेक्टर में शामिल

श्री मोदी ने कहा कि देश के नागरिक जितने स्वस्थ होंगे, देश की प्रगति की गति भी उतनी ही तेज होगी। इसी सोच के साथ केन्द्र सरकार द्वारा स्वास्थ्य क्षेत्र के कायाकल्प के लिए अनेक काम किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि बीते 10 वर्षों में देश में आयुर्वेद के ज्ञान को आधुनिक चिकित्सा के साथ जोड़कर स्वास्थ्य क्षेत्र में एक नया अध्याय जोड़ा गया है। 150 से ज्यादा देश आयुर्वेद दिवस मना रहे हैं। यह इस बात का प्रमाण है कि आयुर्वेद के माध्यम से भारत पूरे विश्व में अपनी अनूठी पहचान बना रहा है। वर्तमान में 'आयुष' देश के सर्वाधिक तीव्र गति से वृद्धि करने वाले सेक्टर में शामिल हुआ है।

नि:शुल्क इलाज से प्रदेश में बड़ी संख्या में बुजुर्ग होंगे लाभान्वित

मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री के प्रयासों से देश में आयुर्वेद को आज एक नया मुकाम मिला है। उनका मानना है कि हर व्यक्ति को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं मिलें तथा इलाज का खर्च कम से कम हो। इसी सोच के साथ देश में स्वास्थ्य क्षेत्र में एक नई क्रांति की शुरुआत हुई है। उन्होंने कहा कि 70 वर्ष से अधिक के वरिष्ठ नागरिकों को स्वास्थ्य कवरेज मिलने से नि:शुल्क इलाज प्राप्त हो सकेगा। जिससे हमारे बुजुर्ग इलाज के लिए अब किसी पर निर्भर नहीं रहेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बड़ी संख्या में बुजुर्गों को इस योजना का लाभ मिलेगा।

वृद्धजनों को मिलेगा नि:शुल्क इलाज, जी सकेंगे स्वाभिमान पूर्ण जीवन

प्रधानमंत्री ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के तहत अब 70 वर्ष तथा इससे अधिक के बुजुर्गों को 5 लाख तक का नि :शुल्क इलाज मिलेगा। इससे वे स्वाभिमान के साथ अपना जीवन जी सकेंगे। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार स्वास्थ्य के क्षेत्र में तकनीक के उपयोग पर भी जोर दे रही है। इसी का परिणाम है कि ई-संजीवनी प्लेटफॉर्म के माध्यम से 30 करोड़ लोग ऑनलाइन परामर्श ले चुके हैं। उन्होंने कहा कि दुनियाभर में भारत मेडिकल एवं वैलनेस टूरिज्म के क्षेत्र में एक बड़े केन्द्र के रूप में देखा जा रहा है। आज योग, पंचकर्म सहित विभिन्न प्राकृतिक चिकित्सा पद्धतियों से इलाज के लिए विश्वभर से लोग भारत आते हैं। ऐसे में, इस क्षेत्र से संबंधित विशेषज्ञों को रोजगार के नए अवसर मिल रहे हैं।

हर जरूरतमंद को स्वास्थ्य सुविधाएं देना हमारा लक्ष्य

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार चिकित्सा सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण तथा हर जरूरतमंद को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देने के लक्ष्य के साथ कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना के तहत कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के लिए 73 डे केयर पैकेज शामिल किए गए हैं। साथ ही अन्य राज्यों की सर्वोत्तम पद्धतियों को योजना अंतर्गत शामिल किया गया है जिससे यह योजना आमजन के लिए अधिक लाभदायक तथा प्रभावी बनी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 11 हजार 500 से अधिक स्वास्थ्य कल्याण केन्द्रों को आयुष्मान आरोग्य केंद्रों में परिवर्तित किया गया है। बुजुर्गों को सम्मान के साथ उपचार उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार ने 49 जिला चिकित्सालयों में रामाश्रय वार्ड शुरू किए हैं।

ट्रेडिंग योजनाओं के जरिये धोखाधड़ी के संबंध में भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने जारी की एडवाइजरी

जयपुर (का.स.)। ट्रेडिंग योजनाओं के जरिये आमजन से धोखाधड़ी के संबंध में भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने एडवाइजरी जारी की है। एडवाइजरी के द्वारा धोखाधड़ी व्यवहारों की पहचान व निवेशकों के लिए स्पष्टीकरण देकर निवेशकों से ऑनलाइन ट्रेडिंग कोर्स, सेमिनार और शेयर बाजार में मेंटरशिप प्रोग्राम के जरिए लुभाने वाले सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से सावधानी बरतने की सलाह दी गई है।

महानिदेशक पुलिस, साइबर क्राइम हेमंत प्रियदर्शी द्वारा साइबर अपराधों पर अंकुश लगानें एवं आमजन में साइबर अपराधों के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से राज्य मे लगातार प्रयास किये जा रहे है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) को धोखाधड़ी वाली ट्रेडिंग प्लेटफॉर्मो के संबंध में अनेक शिकायतें प्राप्त हो रही है, जो सेबी-पंजीकृत विदेशी पोर्टफोलियों निवेशको के साथ संबद्धता का झुठा दावा करते है या सुझाव देते है तथा विशेषाधिकारो के साथ एफपीआई या विदेशी संस्थागत निवेशको (एफआईआई) के उप-खातो या संस्थागत खातो के माध्यम से ट्रेडिंग के अवसर प्रदान करने का दावा करते हैं।

ऑनलाईन ट्रेडिंग कोर्स, सेमीनार और शेयर बाजार में मेंटरशिप प्रोग्राम के जरिये ठगों द्वारा पीड़ितों को लुभाया जा रहा है। इसके लिए वे व्हाटसएप या टेलिग्राम जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के साथ-साथ लाइव प्रसारण का भी इस्तेमाल कर रहे है।

राष्ट्रीय एकता दिवस पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन

बढ़ता राजस्थान

धौलपुर,(नि.स.)। 31 अक्टूबर को दीपावली का पर्व होने के कारण राज्य सरकार के निर्देशानुसार सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयन्ती के अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाते हुए जिले भर में विभिन्न कार्यक्रमो का आयोजन किया गया। जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी के निर्देशन में गांधी पार्क से रन फॉर यूनिटी, एकता दौड़ का आयोजन किया गया। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एएन सोमनाथ ने हरी झण्डी दिखाकर रन फॉर यूनिटी रैली गांधी पार्क से रवाना किया। गांधी पार्क से प्रारम्भ होकर यह रैली गुलाबबाग चौराहा, मचकुण्ड रोड़ होते हुये नगर परिषद कार्यालय पर समाप्त हुई। जोश के साथ प्रतिभागियो ने रैली में भाग लिया। समापन के दौरान सीईओ जिला परिषद ने कहा कि सरदार पटेल को लौह पुरुष के नाम से जाना जाता है। देश की अखंडता बनाए रखने एवं राष्ट्रीय एकीकरण में सरदार वल्लभ भाई पटेल का महत्वपूर्ण योगदान रहा हैं। सरदार पटेल ने छोटी बड़ी रियासतों का विलय कर भारत को एकता के सूत्र में पिरोया था। उन्होंने आमजन से कहा चाहे किसी भी जाति, धर्म के हो किसी भी संस्था में जुड़े हो लेकिन सभी एकता और भाई चारे के साथ रहते हुए राष्ट्र के विकास में भागीदार बने, यही सरदार पटेल को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस दौरान उपखण्ड अधिकारी धौलपुर डॉ. साधना शर्मा ने कहा कि हिन्दुस्तान को आजादी मिलने के बाद सरदार वल्लभ भाई पटेल की पूरे राष्ट्र को एकता के सूत्र में पिरोने में महत्वपूर्ण भूमिका रही। यही कारण है कि वल्लभभाई पटेल की जयंती को देश में राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है। मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद ने नगर परिषद में एकता दौड़ के समस्त प्रतिभागियों, समस्त अधिकारी व कर्मचारीगण को राष्ट्रीय एकता एवं राष्ट्रीय संकल्प दिवस की शपथ दिलायी।

तन्वी सिंघल का सिविल जज कैडर में चयन, अग्रवाल युवा महासभा ने किया सम्मान

बढ़ता राजस्थान

भरतपुर(नि.स.)। राजस्थान न्यायायिक सेवा के सिविल जज कैडर की परीक्षा के जारी परिणाम में भरतपुर की तन्वी सिंघल पुत्री कृष्ण कुमार सिंघल का चयन होने पर भरतपुर अग्रवाल युवा महासभा के सदस्यों ने ओमप्रकाश सिंघल की अध्यक्षता में सम्मान किया एवं प्रतीक चिन्ह के रूप में एक महाराज श्री अग्रसेन जी की अग्र घड़ी एवं भगवान श्री राम की तस्वीर भेंट की एवं महासभा की तरफ से आगे उनके अच्छे कार्यकाल की शुभकामनाएं दें और कहा की हमेशा न्याय का साथ देने का संकल्प लेकर आप जोइनिंग लीजिए समाज का आशीर्वाद हमेशा आपके साथ है । उनके माता-पिता का भी सम्मान दुपट्टा एवं माला पहनाकर किया एवं उनको भी बहुत-बहुत शुभकामनाएं दी सम्मान कार्यक्रम में संस्था कोषाध्यक्ष राकेश मित्तल सदस्य प्रमोद अग्रवाल आशीष अग्रवाल कपिल बंसल पवन बिंदल एवं अन्य युवा महासभा के सदस्य मौजूद रहे ।

भरतपुर में लायंस क्लब ब्रज द्वारा निर्धन गाडिया लोहार परिवारों को सहायता वितरण

बढ़ता राजस्थान

भरतपुर(आशीष वर्मा)। दीपावली के उपलक्ष में प्रेरणा एवं लायंस क्लब इंटरनेशनल प्रांत 3233 ई-1 के प्रांतपाल पीएमजेएफ लायन सुनील अरोड़ा का प्रकल्प खुशियां बांटे उजियारा लाऐ के भरतपुर के लायंस क्लब ब्रज द्वारा दिनांक 28 अक्टूबर 2024 सोमवार को प्रात: 9.00 बजे कुम्हेर गेट, हीरा दास, गणेश मंदिर, काली बगीची एवं मल्टीपरपज स्कूल पर रहने वाले 51 निर्धन गाडिया लोहार परिवारों को मिठाई, खाद्य सामग्री, आतिशबाजी एवं पूजन हेतु गणेश लक्ष्मी वितरित की । इस कार्यक्रम में सहायक प्रांतपाल पीएमजेएफ लायन रामकुमार गुप्ता, अध्यक्ष एमजेएफ लायन सतीश मित्तल, कोषाध्यक्ष एमजेएफ लायन योगेश गोयल, पूर्व अध्यक्ष लायन राकेश मित्तल, सचिव लायन संजय गोयल, एमजेएफ लायन विनीत सिंह, लायन सुनील गुप्ता, लायन ओमप्रकाश गुप्ता, कृष्ण कुमार शर्मा, लायन ओम प्रकाश सिंघल, लायन प्रमेन्द्र गुप्ता, लायन राजेश्वर सिंह, लायन मुनेष गुप्ता, लायन शरद बंसल, लायन कृष्ण भगवान गोयल, लायन मुकुल गोयल आदि उपस्थित रहे ।

कीड़ी मोहल्ले में हुई बुजुर्ग महिला की हत्या के मामले में पुलिस का खुलासा

मृतका का पड़ोसी युवक ही निकला हत्यारा,पैरो की पाजेब के लिए कर दी हत्या

बढ़ता राजस्थान

बाड़ी (राजू शर्मा)। शहर की कीड़ी मोहल्ले में एबीएम स्कूल के पास कच्ची बस्ती में रहने वाली एक बुजुर्ग महिला की शनिवार की रात हत्या हुई थी। घटना के बाद परिजन और पड़ोसी महिला को लेकर अस्पताल पहुंचे। जहां पुलिस ने मृतका के शव का मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम कराया था। मृतका के भतीजे द्वारा पुलिस में हत्या की आशंका से रिपोर्ट दर्ज की गई। इस पर एडिशनल एसपी कमल कुमार जागिड़ और बाड़ी सीओ महेंद्र मीणा के सुपरविजन में कोतवाली एसएचओ शिवलहरी मीणा द्वारा विशेष टीम का गठन कर मामले की जांच की गई। 36 घंटे के अंदर ही पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। बाड़ी बएडिशनल एसपी कमल कुमार जागिड़ ने कोतवाली थाने में मंगलवार को प्रेस ब्रीफ आयोजित कर बताया कि बुजुर्ग महिला 70 वर्षीय लच्छो पत्नी रामपाल कोली की शनिवार की रात हत्या हुई थी। जिसका शव उसके घर मे उसकी चारपाई पर संदिग्ध अवस्था में मिला था। घटना के बाद पुलिस ने मृतका के शव का मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम कराया साथ में भरतपुर से एफएसएल टीम को बुलाकर साक्ष्य जुटाये। कोतवाली एसएचओ शिव लहरी मीणा द्वारा उक्त मामले में विशेष टीम का गठन करते हुए मामले की जांच की गई। जिसमें कांस्टेबल अनिल कुमार,आसाराम और सुमनप्रकाश ने तकनीकी साक्ष्य और लोगों से मिले इनपुट के आधार पर कुछ लोगों से पूछताछ की। जिसमे महिला के ही पड़ोस में रहने वाले युवक राकेश पुत्र गणपत कोली पर शक हुआ। जब राकेश के घर पहुंच कर उसकी तलाश की तो वह फरार मिला। इस पर पुलिस ने राकेश की तलाश की। जिसे सोमवार की रात कीड़ी मोहल्ले में नाले के पास पेड़ के पीछे से पकड़ा है। आरोपी को थाने पर लाकर जब पूछताछ की गई तो उसने अपना जुर्म कबूल किया है और बताया कि घटना की रात को उसने शराब पी रखी थी। जब वह महिला के घर के पास से निकला तो उसके मन में बुजुर्ग महिला जो अकेले अपने घर में रहती थी। उसके पैरों के पाजेब चुराने की आई। इस पर उसने जब जाकर महिला के पैरों से पाजेब निकाले तो महिला जाग गए। इस पर राकेश ने शराब के नशे में महिला की गला दबाकर हत्या कर दी।

मामले में पूछताछ जारी

आरोपी अकेला था या उसके साथ कुछ अन्य लोग भी शामिल थे। पूरे मामले को लेकर अभी पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। प्रेस ब्रीफ के दौरान सीओ महेंद्र कुमार, कोतवाली एसएचओ शिवलहरी मीना और पुलिस टीम मौजूद रही।

एबेनेज़र मिशन स्कूल में दीपावली महोत्सव का आयोजन, बच्चों ने बनाई आकर्षक रंगोलियां

बढ़ता राजस्थान

बाड़ी (राजू शर्मा)। एबेनेज़र मिशन स्कूल में दीपावली महोत्सव बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओ ने विविध रंगों से खूबसूरत और कलात्मक रंगोलियां बनाई। बच्चों की रचनात्मकता और मेहनत देखते ही बनती थी, और उनकी रंगोलियों ने सभी का मन मोह लिया। इस प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ रंगोली बनाने वाले बच्चों को स्कूल प्रबंधन की ओर से मेडल देकर सम्मानित किया गया, एवं बाकी की सभी छात्राओ को सांत्वना पुरस्कार दिए गए जिससे बच्चों में उत्साह का संचार हुआ। रंगोली के साथ-साथ बच्चों ने पटाखे भी जलाए और मिट्टी के दीपक जलाकर दीपावली का आनंद लिया। स्कूल डायरेक्टर राकेश गर्ग व अजय गर्ग ने बच्चों को दीपावली की शुभकामनाएं दीं और इस त्योहार के महत्व पर प्रकाश डाला। दीपावली महोत्सव का यह आयोजन बच्चों के लिए मनोरंजक और ज्ञानवर्धक अनुभव रहा, जिससे वे भारतीय संस्कृति और परंपराओं के प्रति और अधिक जागरूक हुए। इस दीपावली महोत्सव के अवसर पर एबेनेज़र स्कूल का समस्त स्टाफ पुनीत बंसल, शिवानी यादव, दीपिका शर्मा, भूपेंद्र, छगन गर्ग, मनोज शर्मा, , रक्षा, शशिकांत, जितेंद्र, पंकज गर्ग, सोनाली गर्ग, अपर्णा, अंशु , अंजलि, रुचि चंसोरिया, पवन शर्मा, शिवानी गौड़, संगीता, पूनम गौड़, डोली सेंन, नेहा, मुस्कान शिवहरे, योगेश, रशिता, गुंजन अग्रवाल, करिश्मा आदि उपस्थित रहा।

विश्व हिन्दू परिषद गौ रक्षा दल टीम के कार्यकर्ताओं द्वारा राजस्थान उत्तर प्रदेश बार्डर के पास गौ वंश से भरा कंटेनर पकड़ा

बढ़ता राजस्थान

बाड़ी (नि.स.)। विश्व हिन्दू परिषद गौ रक्षा प्रमुख चन्द्रप्रताप सिंह धाकरे(चंदू) ने बताया कि विगत कई दिनों से गौ रक्षा प्रमुख दीपक पचौरी, रविन्द्र बजरंगी को सूचना प्राप्त हो रही थीं की राजस्थान बॉर्डर से गौ वंश को एकत्रित कर के आगरा ज़िले के कागरोल थाना क्षेत्र से गौ तस्करी होंगी सूचना को सही मानते हुए गौ रक्षा दल धौलपुर के दीपक पचौरी रविन्द्र बजरंगी , लोकेश तिवारी कान्हा माहौर खेरागढ़ टीम से गौ रक्षक टीटू , कमल किरावली , भवानी ठाकुर द्वारा घेराबंदी करी गईं जहां गौ वंश भरने आये कंटेनर को खेत में भरते हुए आज रात्रि 10.30 बजे गौ रक्षा दल के द्वारा ह्लश्च 112 स्ह्लत्त कागरोल को सूचना दी गई मौके पर पुलिस के साथ मिलकर गौ रक्षा दल ने कंटेनर को खेत में भरा हुआ जप्त किया गौ तस्कर अंधेरे का फ़ायदा उठा कर भाग निकले मौके से बंद बॉडी कंटेनर जिसके अन्दर ठूस ठूस कर 21 गौ वंश भरे हुए थे । जिसे पुलिस प्रशासन के सहयोग से खेरागढ़ के चीत गौशाला में गौ वंश को सुपुर्द किया गया।

भरतपुर में व्यापारी पर जानलेवा हमलाः व्यापारिक संगठनों की आपात बैठक, सख्त कार्रवाई की मांग

बढ़ता राजस्थान

भरतपुर(आशीष वर्मा)। भरतपुर शहर के प्रमुख उद्योगपति एवं भिविन्न व्यापारिक संस्थाओं मे सदस्य दीनदयाल सिंगल फर्म श्री शंकर आयल मिल रीको, निवासी नई मंडी, भरतपुर के ऊपर दिनांक 28.10.24 को शहर के व्यस्ततम चौराहे मानसिंह सर्किल पर तीन लोगों द्वारा जानलेवा हमला किया गया जिसमें इनको गंभीर चोटें आई और वह भरतपुर के सरकारी हॉस्पिटल आरबीएम के आईसीयू वार्ड में भर्ती है।

उक्त अपराधिक घटना एवं हमले के विरोध में विभिन्न व्यापारिक संगठनों ने एक संयुक्त बैठक भरतपुर चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के आह्वान पर नई मंडी कार्यालय में की गई जिसमें भरतपुर ऑयल मिल्स एसोसिएशन, लघु उद्योग भारती, ब्रज औद्योगिक संघ एवं व्यापार मंडल संस्थाओं के अध्यक्ष मंत्री एवं पदाधिकारी शामिल हुए ।चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष कृष्ण कुमार अग्रवाल द्वारा सभी को घटना की विस्तृत जानकारी दी गई उनके द्वारा गठित घटना पर रोष प्रकट कर निंदा की गई । ऑयल मिल्स एसोसिएशन के अध्यक्ष कृष्ण कुमार अग्रवाल जी द्वारा घटना में दोषित अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही और कठोर दंड न मिलने तक आंदोलन करने के लिए कहा गया ।

लघु उद्योग भारती के अध्यक्ष संजय चौधरी द्वारा शहर पुलिस अधीक्षक से बात कर अपराधियों की जल्द गिरफ्तारी के लिए कहा गया जिसके लिए पुलिस अधीक्षक महोदय नए सीओ सिटी को घटना की तफ्तीश के लिए कहा गया।

ब्रज औद्योगिक संघ के अध्यक्ष विनीत अग्रवाल द्वारा ऐसी घटनाओं के गठित होने से मुख्यमंत्री महोदय की राइजिंग राजस्थान योजना एवं भरतपुर में निवेश आने पर शंका व्यक्त की उन्होंने कहा व्यापारी लोगों को सुरक्षा नहीं मिलेगी तो वह किस तरीके से यहाँ निवेश कर पाएंगे।

अन्य सदस्यो द्वारा सभी व्यापारी वर्ग से सभी व्यापारी वर्ग का रोष इस बात को लेकर भी है जहां घटना घटित हुई है वहां से कुछ ही दूरी पर पुलिस थाना है जिस सर्किल पर यह घटना घटी है वहां हमेशा 4 से 5 पुलिसकर्मी ड्यूटी पर तैनात रहते हैं शहर के बीचो-बीच, पुलिस के नाक के नीचे, खुले आम दिन के समय ,भीड़ भाड़ वाले इलाके में इस तरह की घटना होना अपराधियों में उत्साह आमजन में भय को दर्शाता है मीटिंग में रजत आर्य, राहुल बंसल, प्रमोद गुप्ता, रुपेश बंसल, योगेश बागपतिया, देवेंद्र गुप्ता, ब्रजेश अग्रवाल, गौरव अग्रवाल, विनीत अग्रवाल, अमित सिंघल, राकेश मित्तल आदि उपस्तिथ रहे।

पहले टक्कर मारी, फिर ई रिक्शा चालक ले गया युवक का बैग

बैग में कैमरा सहित अन्य कीमती सामान रखा था

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। आदर्श नगर थाना इलाके में एक ई रिक्शा चालक ने पहले बाइक को टक्कर मारी और फिर बाइक सवार युवक का बैग ले गया। बैग में कैमरा, लैंस, चार्जर सहित अन्य सामान रखा था। पुलिस के अनुसार सुमन विहार दयारामपुरा निवासी उत्कर्ष तिवारी ने मामला दर्ज करवाया कि वह बाइक लेकर घर जा रहा था इसी दौरान भगतसिंह पार्क के पास एक ई रिक्शा ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। इससे वह गिर गया। गिरने के बाद ई रिक्शा सवार उसका बैग उठाकर चलता बना। जब उसने खुद को संभाला और बैग चैक किया तो वह नहीं मिला। इस पर पीडित थाने पहुंच कर मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मोबाइल खोया, लौटाने के बहाने पासवर्ड पूछकर ऑनलाइन निकाले 48000

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। एक युवक का बस में सफर के दौरान मोबाइल खो गया। मोबाइल खोने पर उसने अपने फोन पर कॉल किया। कॉल उठाने वाले ने मोबाइल पर लोकेशन भेजने के नाम पर उससे फोन का पासवर्ड पूछ लिया और फिर उसके खाते से 48000 रुपए निकाल लिए। इस पर पीडित ने सोडाला थाने में मामला दर्ज करवाया है। पुलिस के अनुसार बामनवास निवासी दिनेश गुर्जर ने मामला दर्ज करवाया कि वह अपने गांव से जयपुर आ रहा था। 29 नम्बर बस में बैठकर सोडाला जा रहा था। बस से उतरकर उसने अपना मोबाइल संभाला तो वहीं नहीं मिला। इस पर उसने अपने नम्बरों पर कॉल किया। कॉल रिसीव करने वाले ने कहा कि वह थोड़ी देर में गुर्जर की थड़ी फोन लेकर आ रहा है। काफी समय तक उसका इंतजार करने के बाद उसे फिर से कॉल किया तो उसने कहा कि वह आ रहा है और उसे लोकेशन भेजने के नाम पर पीडित ने उसके मोबाइल के पासवर्ड पूछ लिए। इसके बाद बदमाश उसका फोन लेकर नहीं आया। उसने अपनी सिम बंद करवा दी। दूसरी सिम लेकर जब अपना खाता चैक किया तो उससे 48 हज़ार रुपए इटावा में एक ई मित्र वाले को ट्रांसफर करना सामने आया। ई मित्र वाले से बात की तो उसने बताया कि आरोपी उसके पास से कैश ले जा चुका है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सेल्समैन से मारपीट कर एक लाख रुपए ले गए एक दर्जन बदमाश

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। शिवदासपुरा थाना इलाके में कार व बाइक पर आए एक दर्जन से अधिक बदमाश ठेका सेल्समैन से मारपीट कर एक लाख रुपए लूट कर ले गए। पुलिस के अनुसार नृसिंहनपुरा भांकरोटा निवासी राकेश चौधरी ने मामला दर्ज करवाया कि उसकी पत्नी के नाम से शराब का ठेका है जो टोंक रोड चंदलाई के पास खोला हुआ है। 27 अक्टूबर को कार व मोबाइल पर एक दर्जन लोग आए। उस दौरान सेल्समेन शराब के ठेके के बाहर एक अंडे वाले के पास खड़ा था। युवकों ने सेल्समैन से शराब मांगी। इस पर सेल्समैन ने ठेका बंद होने की बात कहीं। इस पर आरोपी उसके साथ गाली- गलौच करने के बाद मारपीट करने लगे। सेल्समैन भाग कर उनके कमरें में घुस गए। बदमाश उसका पीछा करते हुए कमरें में घुस गए और दिनभर की बिक्री के एक लाख रुपए उठाकर ले गए। इसकी सूचना सेल्समेन ने उसे दी। इस पर उसने थाने पहुंच कर मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस थाने मे न्यायालय के इस्तगासे से धोखाधड़ी का मामला दर्ज

बढ़ता राजस्थान

फुलेरा (नि.स.)। स्थानीय पुलिस थाने मे एक जने ने न्यायालय के इस्तगासे से चार व्यक्तीयो पर कूटरचित साजिश रचकर परिवादी के नाम से अन्य लोगो से करोडो रूपये ठगी करने का आरोप लगाते हुये मामला दर्ज करवाया। थानाअधिकारी बाबूलाल केमुताबिक परिवादी अनुराग दाधीच पुत्र महावीर प्रसाद (37) नवाल मोहल्ला राममर, नमीराबाद जिला अजमेर राज.ने अविनाश दाधिच पुत्र गणेश दाधीच निवासी श्रीरामनगर, श्रीमती अमरावती पत्नि मानसिहं निवासी ललित नारायण मिश्र कालोनी, हनुमान प्रसाद सैनी निवासी अनुविहार कालोनी ओर श्योराम यादव निवासी हरिपुरा पर धोखाधडी का आरोप लगाते हुये बताया कि परिवादी श्रमजीवी क्रेडिट एण्ड सेविंग को-ऑपरेटिव सोसायटी लि0 अजमेर का अध्यक्ष है। तथा परिवादी की सोसायटी की कोई ब्रांच फुलेग में कभी खोली नहीं गयी थी तथा ना ही किसी व्यक्ति को परिवादी की सोसायटी द्वारा फुलेरा में ब्रांच संचालित करने के अधिकृत किया था। इसके बावजूद परिवादी के नाम से आरोपी ने श्रीमती अमरवती से मिलीभगत करते हुये भारत संचार निगम लि0 के कार्यालय के सामने कार्यालय खोल लिया। परिवादी के नाम से स्टाम्प लेकर उस पर किरायानामा लिखवाकर परिवादी के नाम के फर्जी हस्ताक्षर करके किरायानामा बनाया। जिस पर हनुमान सैनी व श्योराम सैनी को मालूम होते हुये भीगवाह बनकर किरायेनामे पर हस्ताक्षर कर दिये इस दुकान में सोसायटी की फर्जी ब्रांच खोलकर फर्जी बिल व बाउचर छपवाकर फुलेरा में श्रमजीवी क्रेडिट एण्ड सेविगं-ऑपरेटिव मोमायटी लि0 के नाम ब्रांच संचालित करते हुये बहुत से लोगो परिवादी की सोसायटी के नाम में रूपये लोगो से करीबन 1,41,87,308 रूपये जमा करके उनको हडप कर गया तथा परिवादी की ब्राचं के नाम से फर्जी तरीके से एफ0डी0आर0 बना कर सोसायटी को बदनाम करते हुये आर्थिक नुकसान पहुचाया। पुलिस ने मामला दर्जकर पड़ताल शुरू की ।

जिला कलेक्ट्रेट में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया सरदार वल्लभ भाई पटेल को किया याद

बढ़ता राजस्थान

भीलवाड़ा (नि.स.)। जिला कलक्टर कार्यालय में राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में मंगलवार को सरदार वल्लभभाई पटेल के योगदान को याद किया गया और राष्ट्रीय एकता के लिए प्रतिबद्धता व्यक्त की गई। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर प्रतिभा देवठिया ने जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय के अधिकारियों और कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता शपथ दिलाई। शपथ ली गई कि मैं राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित करूंगा और अपने देशवासियों के बीच यह संदेश फैलाने का भरसक प्रयत्न करूंगा। इस समारोह का उद्देश्य राष्ट्रीय एकता और अखंडता को बढ़ावा देना है, जिसके लिए सरदार वल्लभभाई पटेल ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने कहा, सरदार वल्लभभाई पटेल की दूरदर्शिता और कार्यों ने हमारे देश को एक मजबूत और सशक्त राष्ट्र बनाने में मदद की। हमें उनके आदर्शों को अपनाना चाहिए और राष्ट्र की सेवा करनी चाहिए। इस अवसर पर सभी ने सरदार वल्लभभाई पटेल के योगदान को याद किया और उनके चित्र पर माल्यार्पण किया।

जिला कलेक्टर ने कलेक्ट्रेट कार्मिकों को राष्ट्र की एकता, अखंडता व सुरक्षा बनाए रखने की दिलाई शपथ

जिला व पुलिस प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में विशाल रैली निकाल कर राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया

बढ़ता राजस्थान

ब्यावर, (नि.स.)। सरदार वल्लभभाई पटेल के 31 अक्टूबर जन्मदिवस के अवसर पर राज्य सरकार के निर्देशानुसार संपूर्ण प्रदेश भर में मंगलवार, 29 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया गया। ब्यावर में जिला प्रशासन व पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त रूप से कलेक्ट परिषद से चांग गेट तक बड़ी संख्या में रैली का आयोजन किया गया। जिला कलेक्टर डॉ श्री महेंद्र खंडगावत व पुलिस अधीक्षक श्री श्याम सिंह ने कलेक्ट्रेट परिसर से रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। विशाल रैली के चांग गेट पहुंचने पर जिला कलेक्टर ने राष्ट्र की एकता, अखंडता व सुरक्षा बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित करने एवं देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए स्वयं के योगदान के संकल्प की शपथ दिलाई। इस अवसर पर जिला कलेक्टर ने सरदार वल्लभभाई पटेल द्वारा देश के लिए किये गए महत्वपूर्ण कार्यों व योगदान की जानकारी देते हुए उन्हें नमन किया। उन्होंने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल को उनके मजबूत नेतृत्व व दृढ़ संकल्प के लिए भारत का लोह पुरुष भी कहा जाताहै । सरदार पटेल का सबसे महत्वपूर्ण योगदान भारतीय समृद्धि और सामाजिक एकता के क्षेत्र में था। उन्होंने भारतीय सामाजिक और आर्थिक सामरिकता को बढ़ावा दिया और लोगों के बीच भाषाई और सांस्कृत की विविधता को समाप्त किया। इस अवसर पर कार्यवाहक अतिरिक्त जिला कलेक्टर श्री गौरव बुढ़ानिया, एडिशनल एसपी श्री भूपेंद्र शर्मा, नगर परिषद सभापति श्री नरेश कनोजिया,नगर परिषद आयुक्त श्री दलीप पूनिया सहित बड़ी संख्या में जिला व पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी व कार्मिक आमजन मौजूद रहे। इसके पश्चात जिला कलेक्टर ने कलेक्ट्रेट परिसर में कार्मिको को राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर राष्ट्र की एकता अखंडता व सुरक्षा बनाए रखने की शपथ दिलाई।

महिला ने फर्जी आधार कार्ड बना बेशकिमती जमीन की दी पावर ऑफ अटॉर्नी, छः जनों पर मामला दर्ज

बढ़ता राजस्थान

भीलवाड़ा (नि.स.)। जहाजपुर थाना क्षेत्र में फर्जी आधार कार्ड बना बेशकिमती जमीन की पावर ऑफ अटॉर्नी बनाने के मामले मे महिला सहित छ् जनों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता जान-बूझकर दस्तावेज़ों की नकली कॉपी बनाने, जालसाजी कर संपत्ति को खुर्द-बुर्द करने, किसी के दस्तावेज़ या इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड को बेईमानी से या कपटपूर्वक असली के रूप में इस्तेमाल करने, संपत्ति के साथ विश्वास घात करने, मूल्यवान प्रतिभूति को बनाने, बदलने, या नष्ट करने, गैरकानूनी काम को करने के लिए आपस में समझौता करने का मुकदमा दर्ज हुआ है।

थानाधिकारी नरपत राम बाना ने बताया कि राज राजेश्वरी नाम की महिला ने कल शाम को थाने में रिपोर्ट दी जिसमें बताया की महिला की पुश्तैनी जायदाद ग्राम घांधोला पटवार हल्का कुराड़िया तहसील जहाजपुर जिला शाहपुरा में खसरा संख्या 1524/1409 रकबा 6.4800 हैक्टेयर, खसरा संख्या 1621/409 रकबा 0.0540 हैक्टेयर गेमुचाह खसरा संख्या 409/2 रकबा 8.3484 हैक्टेयर कुल किता 3 रकबा 14.8824 हैक्टेयर स्थित होकर मेरे प्रार्थीया के खातेदारी मे दर्ज है। जिसका मैं बेरोकटोक उपयोग, उपभोग करती चली आ रही हूं। कभी भी मुझ प्रार्थीया द्वारा मेरी उपरोक्त आराजीयात को किसी भी व्यक्ति को रहन, बेचान, बख्शीश, अन्तरण नही किया गया है। यह जमीन मेरी बेशकिमती जमीन है। जो जहाजपुर से देवली सडक मार्ग पर स्थित है। मेरी आराजीयात को धोखाधड़ी पूर्वक षड्यंत्र रचकर हड़पने के लिये अभियुक्तगणों ने आपस में दस्तावेजों की कूटरचना कर आपस मे मिलीभगत कर मेरी आराजीयात को खुर्द बुर्द करने व मेरे साथ धोखाधड़ी करने के उद्देश्य से 18 अक्टूबर को एक फर्जी महिला अभियुक्त का मुझ प्रार्थीया के नाम कूटरचित आधार कार्ड तैयार करवा कर फर्जी पावर ऑफ अटॉर्नी निष्पादन करवा ली। जिस फर्जी महिला की पहचान मेरे नाम से अभियुक्त पवन सिंह व संजय सिंह ने की है। जो 18 अक्टूबर को तहसील जहाजपुर के पुस्तक संख्या 4 जिल्द संख्या 5 पृष्ठ संख्या 101 संख्या 202403036400018 पर पंजीबद्ध किया गया है। तथा अतिरिक्त पुस्तक संख्या 4 जिल्द संख्या 8 के पृष्ठ संख्या से पर चस्पा की गई। इस तरह अभियुक्तों ने मुझ प्रार्थीया की जगह छदम नाम की महिला को खड़ा करके मूल्यवान प्रतिभूमि प्राप्त करने के उद्देश्य से कुटरचित दस्तावेज तैयार कर साथ धोखाधड़ी की है। इस मामले में पुलिस ने मामला दर्ज कर अनुसंधान जारी किया है।

मतदाता सूची में नाम जुड़वाने से वंचित ना रहे कोई

धावकों ने निकाली जागरुकता रैली

बढ़ता राजस्थान

धौलपुर,(नि.स.)। मतदाता सूचियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के मद्देनजर मंगलवार को जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीनिधि बी टी के निर्देशन में गांधी पार्क से नगर परिषद तक धावकों ने जागरूकता रैली निकालकर मतदाता सूची में शत-प्रतिशत पात्र लोगों के नाम जुड़वाने का संदेश दिया। स्वीप नोड्ल अधिकारी जिला परिषद सीईओ एएन सोमनाथ ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूचियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 29 अक्टूबर से प्रारंभ हुआ है। इस दौरान पात्रता रखने वाले प्रत्येक व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में जुड़वाने के प्रयास किये जायेंगे। उन्होंने कहा कि इस कार्य में बीएलओ की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा डोर-टू-डोर संपर्क करते हुए यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी पात्र व्यक्ति इससे वंचित नहीं रहे। उन्होंने कहा कि युवा धावक अभियान के ब्रांड एंबेसडर के रूप में कार्य करते हुए अधिक से अधिक लोगों को प्रेरित करें।

जिला कलक्टर ने दिलाई सभी कार्मिकों को एकता एवं अखंडता की शपथ : एकता दिवस के कार्यक्रमों के आयोजनों के अवसर पर जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने मंगलवार शाम कलेक्ट्रेट कार्यालय में मौजूद सभी अधिकारियें एवं कर्मचारियें को देश की एकता, अखण्डता एवं सदभावना हेतु शपथ दिलाई।

विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के संबंध में राजनीतिक दलों के साथ बैठक

बढ़ता राजस्थान

धौलपुर,(नि.स.)। अर्हता दिनांक 1 जनवरी 2025 के संदर्भ में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूचियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के क्रम में मतदाता सूचियों के प्रारूप प्रकाशन के संबंध में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीनिधि बी की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 29 अक्टूबर से प्रारम्भ हो गया है। 6 जनवरी को मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार एकीकृत मतदाता सूचियों का प्रारूप प्रकाशन मंगलवार को हुआ। संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम की अर्हता तिथि एक जनवरी 2025 रखी गई है।

एक जनवरी 2025 को मतदाता पंजीकरण हेतु पात्र हो रहे युवा, प्रारूप प्रकाशन की तिथि से मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के प्रपत्र 6 में आवेदन कर सकते हैं। कार्यक्रम के तहत मतदाताओं से 29 अक्टूबर से 28 नवंबर तक दावे एवं आपत्तियां प्राप्त की जाएगी। 9 और 23 नवंबर को मतदाता सूचियों के संबंधित भाग की प्रविष्टियों का ग्राम सभा या स्थानीय निकाय एवं आवासीय वेलफेयर समिति के साथ बैठक कर पठन एवं सत्यापन किया जाएगा। 10 और 24 नवंबर को मतदान केंद्रों पर विशेष अभियान के तहत राजनीतिक दलों के बूथ स्तरीय अभिकर्ताओं के साथ दावे आपत्तियों के आवेदन लिए जाएंगे। प्राप्त दावों एवं आपत्तियों का निस्तारण 24 दिसंबर तक किया जाएगा।

एक जनवरी 2025 को हेल्थ पैरामीटरों की जांच एवं अंतिम प्रकाशन हेतु आयोग की अनुमति के बाद डेटाबेस को अपडेट एवं पूरक का मुद्रण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन 6 जनवरी को किया जाएगा। त्रुटि रहित मतदाता सूचियां तैयार करने के लिए पुनरीक्षण संबंधी सभी गतिविधियां भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के अनुसार संपादित की जाएगी। इस अवसर पर राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को मतदाता सूचियों के प्रारूप की सॉफ्ट एवं हार्ड कॉपी सौंपी गई।

अवसर पर राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के रूप् में भाजपा से शेलेन्द्र यादव, कांग्रेस से साकेत विहारी शर्मा, बसपा से किशन सिंह अजानियां, आप से मुबीन अहमद फारूकी उपस्थित थे।

डीएलएसए सचिव द्वारा बैंक के अधिकारियों, बिजली विभाग व अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ आयोजित की मीटिंग

बढ़ता राजस्थान

धौलपुर,(नि.स.)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार 18 नवम्बर 2024 को भारतीय स्टेट बैंक की विशेष प्री-लिटिगेशन लोक अदालत तथा दिनांक 14 दिसम्बर 2024 को संपूर्ण प्रदेश में इस वर्ष की चतुर्थ राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। विशेष प्री-लिटिगेशन लोक अदालत में भारतीय स्टेट बैंक के ऋण संबंधी प्रकरणों को रखा जायेगा तथा राष्ट्रीय लोक अदालत में सिविल न्यायालयों में लंबित प्रकरणों के साथ-साथ प्री-लिटिगेशन प्रकरणों, बैंक के ऋण संबंधी मामले, एनआई एक्ट के प्रकरण व राजस्व न्यायालयों में लंबित प्रकरणों का निस्तारण किया जाएगा। भारतीय स्टेट बैंक की विशेष प्री-लिटिगेशन लोक अदालत तथा चतुर्थ राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल क्रियान्वयन हेतु मंगलवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में, डीएलएसए सचिव (अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश) रेखा यादव द्वारा भारतीय स्टेट बैंक के अधिकारियो तथा अन्य बैंक के अधिकारीगण, बिजली विभाग व अन्य विभागों के अधिकारी गणों के साथ मीटिंग का आयोजन किया गया। मीटिंग के दौरान सचिव रेखा यादव द्वारा अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी अधिकारीगण बैंक रिकवरी, बिजली, पानी इत्यादि से संबंधित राजीनामा योग्य अधिक से अधिक प्री-लिटिगेशन प्रकरणों को चिन्हित करें तथा चिन्हित प्रकरणों में प्री-काउंसलिंग की कार्यवाही करवाकर राजीनामा के माध्यम से राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों का निस्तारण करवाया जाना सुनिश्चित करें। मीटिंग में धौलपुर जिले के अग्रणी जिला प्रबंधक पंजाब नेशनल बैंक से मंगेश कुमार, अधीक्षण अभियंता राजेश कुमार वर्मा एवं अन्य बैंक के प्रबंधक, अधिकारीगण इत्यादि मौजूद रहे।

बंशीवाल मानव सेवा समिति ने नव विवाहित जोड़ों को उपहार वितरण किया

बढ़ता राजस्थान

भरतपुर (आशीष वर्मा)। बंशीवाल मानव सेवा समिति ने रतन वाटिका मैरिज होम पक्का बाग में नव विवाहित जोड़ों को उपहार के रूप में मोटरसाइकिल, सोने-चांदी के जेवर, बेड, फ्रिज,कूलर, वाशिंग मशीन ,स्ढस्त्र टीवी,अलमारी व 31 से अधिक घरेलू सामान के साथ जोड़ों के लिए कपड़े मुख्य अतिथि अभयवीर सोलंकी (पूर्व जिला प्रमुख भरतपुर) व धर्मसिंह माडोनी (अध्यक्ष जिला जाटव महासभा भरतपुर) द्वारा भेंट किए गए । इससे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अभय वीर सोलंकी व धर्मसिंह माडोनी ने उपस्थित होकर समिति के कार्य की सहरयना की तथा नव विवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया । समिति के अध्यक्ष हेमंत बंशीवाल (पीर नगर वाले)ने बताया कि सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन 12 नवंबर को रतन वाटिका मैरिज होम पक्का बाग भरतपुर में आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम का संचालन रवि चंदेल ने किया । ऐसे मौके पर पातरिया बंशीवाल, राजकुमार गुहाना, प्रताप सरपंच, राजवीर हिंगोली, ताराचंद पीरनगर, रतन सिंह सैनी, देवेंद्र धौलपुर , लोहरा चुरारी, किशन सेहती ,पूरन सिंह फौजी आदि अनेकों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

सैनी समाज फुलेरा का दिपावली स्नेह मिलन 5 को

बढ़ता राजस्थान

फुलेरा (सत्यनारायण कुमावत)। कस्बे के श्रीरामनगर स्थित माली सैनी समाज भवन में माली सैनी समाज फुलेरा का दीपावली स्नेह मिलन समारोह 5 नवंबर मंगलवार को सांय 5.30 बजे आयोजित किया जाएगा। जानकारी देते हुए संस्था के महामंत्री एडवोकेट राहुल सैनी ने बताया की उक्त कार्यक्रम के अंतर्गत ही आगामी 3 दिसम्बर को होने वाले मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर विचार विमर्श किया जाएगा। साथ ही ये भी बताया की 3 दिसंबर के हवन में बैठने के लिए प्रति जोड़े से ?3100 का शुल्क रखा गया है। सैनी समाज अध्यक्ष तेजकरण सैनी ने अधिक से अधिक संख्या में सामाजिक नागरिकों को दीपावली स्नेह मिलन कार्यक्रम में शामिल होकर सफल बनाने का आग्रह किया

गला और गर्दन की चर्बी कम करने के लिए करें ये योगासन, मिलेगा फायदा

खूबसूरत दिखना भला किसे पसंद नहीं है और ऐसा बनने के लिए लोग तमाम तरह की चीजें अपनाते हैं। लेकिन लोग अक्सर गर्दन और गले पर मौजूद फैट को नजरअंदाज कर देते हैं। गर्दन और गले में मौजूद फैट आपकी खूबसूरती प्रभावित करते हैं। इसकी वजह से डबल चिन की समस्या होती है। डबल चिन और गर्दन पर जमा फैट से छुटकारा पाने के लिए खानपान और एक्सरसाइज का विशेष ध्यान रखना चाहिए। शरीर का पोश्चर ठीक रखने और फिट दिखने के लिए गर्दन और गले पर मौजूद फैट को कम करना जरूरी है। वैसे तो लोग इस परेशानी से छुटकारा पाने के लिए तमाम उपाय अपनाते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं नियमित रूप से कुछ योगासनों का अभ्यास करने से आप इस गंभीर समस्या से छुटकारा पा सकते हैं।

नियमित रूप से योगासनों का अभ्यास करने से आपका शरीर फिट और हेल्दी रहता है। शरीर को बीमारियों से बचाने के लिए भी योगासनों का अभ्यास करने की सलाह दी जाती है। शरीर के अलग-अलग अंगों के लिए योगासन भी अलग-अलग हैं।

उष्ट्रासन

उष्ट्रासन का अभ्यास करने से आपके शरीर के ऊपरी हिस्से को बहुत फायदा मिलता है। नियमित रूप से उष्ट्रासन का अभ्यास करने से आपके गर्दन और गले पर मौजूद एक्स्ट्रा फैट कम होता है साथ ही फेफड़ों को हेल्दी बनाए रखने में भी फायदा मिलता है।

उष्ट्रासन करने का तरीका

- सबसे पहले जमीन पर घुटने के बल बैठ जाएं और दोनों हाथों को कूल्हों पर रखें।
- दोनों घुटनों को कंधों के समानांतर रखें।
- अब गहरी सांस लें और रीढ़ की निचली हड्डी पर आगे की तरफ दबाव डालें।
- इस दौरान पूरा दबाव नाभि पर महसूस होना चाहिए।
- इसके बाद अपने हाथों से पैरों को पकड़ें और कमर को पीछे की तरफ मोड़ें।
- इस स्थिति में 30-60 सेकेंड रुकने के बाद आप धीरे-धीरे सामान्य स्थिति में आएं।

ताड़ासन

ताड़ासन का नियमित अभ्यास शरीर की मांसपेशियों और हड्डियों के लिए बहुत उपयोगी है। इसका अभ्यास करने से आपको डबल चिन कम करने और गर्दन पर मौजूद फैट को कम करने में मदद मिलती है।

ताड़ासन करने का तरीका

- दोनों पैर के पंजों को मिलाकर सीधे खड़े हो जाएं।
- भुजाओं को साइड में रखें।
- अब अपने हाथों को सिर के ऊपर उठाएं और उंगलियों को फंसाकर हथेलियों को ऊपर की ओर रखें।
- नजर को सीध में किसी बिंदु पर टिकाएं।
- सांस लेते हुए भुजाओं, कंधों और छाती के साथ पूरे शरीर को ऊपर की ओर तानें।
- अब अपनी एड़ियों को ऊपर उठाते हुए पैरों के पंजों पर खड़े हो जाएं।
- पूरे शरीर को आसमान की ओर तानें और कुछ देर तक सांस रोकर इस स्थिति में खड़े रहें।
- इसके बाद सांस छोड़ते हुए वापस पूर्व की मुद्रा में आ जाएं और कुछ देर तक आराम करें।

सेहतमंद रहने के लिए इन तरीकों से खाएं अलसी का तेल, मिलेंगे जबरदस्त लाभ

अलसी के बीज सेहत के लिए बहुत लाभकारी होते हैं। अगर आप नियमित इनका सेवन करें, तो यह कई रोगों का आपसे दूर रखने में मदद करते हैं। लेकिन अक्सर हम देखते हैं कि लोग रोज अलसी के बीज नहीं खा पाते हैं। ऐसे लोगों के लिए अलसी का तेल एक बेहतरीन विकल्प है। बीज की तरह अलसी का तेल खाने से भी सेहत को जबरदस्त लाभ मिल सकते हैं, खासकर आपके हृदय स्वास्थ्य को। अलसी के तेल में कई विटामिन और मिनरल्स के साथ ओमेगा 3 फैटी एसिड, घुलनशील फाइबर और लिगनेन मौजूद होते हैं। जो स्वस्थ शरीर के लिए बहुत जरूरी होते हैं।

सीधा पी जाएं

यह इसके सेवन का सबसे आसान तरीका है। आप एक चम्मच अलसी का तेल सीधे तौर पर पी सकते हैं। आप चाहें तो पानी में मिलाकर भी इसका सेवन कर सकते हैं।

दही या मूसली के साथ

आप दोनों के ऊपर एक चम्मच अलसी का तेल डालकर मिक्स कर सकते हैं और इसका लाभ ले सकते हैं।

सलाद में

अपनी सलाद की प्लेट में एक चम्मच अलसी का तेल ऊपर से डालें और आनंद लें।

जूस, शेक या स्मूदी

आप इन्हें बनाते समय अलसी का तेल डाल भी डाल सकते हैं।

फल और उबली हुई सब्जियों के साथ

इनके ऊपर एक चम्मच तेल डाल सकते हैं।

कुकिंग करें

आप अन्य कुकिंग ऑयल की तरह अलसी के तेल का प्रयोग सब्जियों व अन्य पकवानों को हल्का रोस्ट या फ्राई करने के लिए कर सकते हैं। लेकिन डीप फ्राई के लिए के प्रयोग करने से बचें।

बालों में इस तरह लगाएं नीम का तेल और कपूर मिलेंगे मजबूत और शाइनी बाल

बालों को मजबूत और घना बनाने के लिए सही ढंग से केयर करने की जरूरत होती है। इसके लिए लोग तमाम तरह के हेयर केयर प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करते हैं। मार्केट में मिलने वाले ज्यादातर हेयर केयर प्रोडक्ट्स केमिकल युक्त होते हैं। इनका इस्तेमाल करने से कई तरह के नुकसान का खतरा रहता है। बालों को मजबूत और घना बनाने के लिए नीम का तेल और कपूर लगाने की सलाह दी जाती है। नीम के तेल में एंटी-फंगल और एंटी-सेप्टिक गुण पाए जाते हैं। वहीं कपूर में मौजूद गुण बालों के लिए बहुत फायदेमंद माने जाते हैं। बालों में मौजूद डैंड्रफ से छुटकारा दिलाने से लेकर बालों को मजबूत और शाइनी बनाने के लिए कपूर और नीम के तेल का इस्तेमाल फायदेमंद होता है।

बालों को सफेद होने से बचाए

बाल सफेद होने की समस्या से बचाव के लिए कपूर और नीम के तेल का इस्तेमाल बहुत फायदेमंद होता है। नीम के तेल में मौजूद पोषक तत्व बालों को पोषण देने और कम उम्र में सफेद होने से बचाने का काम करते हैं। नीम के तेल में कपूर मिलाकर लगाने से कई फायदे मिलते हैं।

बालों की ग्रोथ बढ़ाए

नीम के तेल और कपूर का इस्तेमाल करने से बालों की ग्रोथ बढ़ाने में मदद मिलती हैं। इनमें मौजूद गुण बालों को पोषण देने और जड़ से मजबूत बनाने का काम करते हैं। आप सप्ताह में दो से तीन बार इसे मिक्स का इस्तेमाल कर सकते हैं।

हेयर फॉल कंट्रोल करने में मददगार

असंतुलित जीवनशैली और खानपान से जुड़ी गलत आदतों के कारण कम उम्र में बाल झड़ने की समस्या आम हो गयी है। हर तीसरा व्यक्ति बाल झड़ने या हेयर फॉल की समस्या से परेशान है। बालों को टूटने से बचाने के लिए नीम के तेल और कपूर का इस्तेमाल फायदेमंद होता है।

डैंड्रफ से छुटकारा दिलाए

बालों और स्कैल्प पर गंदगी जमा होने की वजह से डैंड्रफ या रूसी की समस्या होती है। बालों में मौजूद रूसी हेयर फॉल और ग्रे हेयर का कारण बनती है। इस समस्या से छुटकारा पाने के लिए नीम के तेल और कपूर का इस्तेमाल बहुत फायदेमंद माना जाता है।

बालों को बनाए घना और मजबूत

बालों को घना और मजबूत बनाने के लिए कपूर और नीम के तेल का इस्तेमाल बहुत फायदेमंद होता है। इसका इस्तेमाल करने से आपके बालों को पोषण मिलता है और मजबूती बढ़ती है।

बालों में नीम का तेल और कपूर कैसे लगाएं

इन दिनों गुनगुने पानी से हेयर वॉश करने की वजह से सिर में खुजली और डैंड्रफ जैसी समस्या आम हो जाती है। आप इस समस्या से भी नीम के तेल की मदद से छुटकारा पा सकते हैं। इसके लिए नीम के साथ कपूर मिलाएं और तेल का हल्का गुनगुना कर लें। आप तेल की मात्रा अपने बालों की लेंथ के अनुसार लें और उसी के अनुकूल कपूर डालें। इस तैयार तेल को अपने बालों में लगाएं। तेल लगाने के बाद हल्के हाथों से कुछ देर के लिए सिर की मसाज भी करें।

मानसून में हाइड्रेट रहने के लिए पिएं ये ड्रिंक्स, नहीं होगी पानी की कमी

मानसून गर्मी से राहत देता है। लेकिन इस मौसम में शरीर को खास देखभाल की जरूरत होती है। जरा सी लापरवाही से पेट में इंफेक्शन होने के साथ कई तरह की परेशानियां हो सकती हैं। ऐसे में मानसून में ऐसी ड्रिंक्स का सेवन करना चाहिए, जो इम्यूनिटी को बढ़ाने के साथ पाचन को भी हेल्दी रखें। कई बार मानसून में बारिश और उमस के कारण प्यास का अहसास कम होता है। जिस कारण शरीर में डिहाइड्रेशन हो जाता है। कम पानी पीने की वजह से इम्यूनिटी कमजोर होने के साथ पाचन-तंत्र भी खराब रहता हैं। कई बार सिर्फ पानी पीने से शरीर को सभी पोषक तत्व और हाइड्रेशन नहीं मिल पाता है। ऐसे में मानसून में शरीर को हेल्दी और फिट रखने के लिए डिटॉक्स ड्रिंक्स भी पी जा सकती हैं। यह ड्रिंक्स शरीर से विषैले पदार्थों को बाहर करके शरीर को स्वस्थ रखती है। इन ड्रिंक्स को घर पर आसानी से बनाया जा सकता हैं। इन ड्रिंक्स को पीने से मानसून में होने वाली वायरल बीमारियों का खतरा कम होगा और आंतों की समस्या से भी राहत मिलेगी।

नींबू और पुदीने की ड्रिंक : मानसून में शरीर को हाइड्रेट रखने के लिए नींबू और पुदीने की ड्रिंक भी बनाकर पी जा सकती हैं। इस ड्रिंक को पीने से इम्यूनिटी मजबूत होने के साथ पाचन-तंत्र भी दुरुस्त रहेगा। यह ड्रिंक खाना पचाने में मदद करती है। इस ड्रिंक को बनाने के लिए एक जग में कुछ टुकड़ें खीरे और पुदीने के डाल और नींबू का रस मिलाएं। आपकी डिटॉक्स ड्रिंक तैयार है।

नींबू और अदरक की ड्रिंक : कई बार मानसून में खाना ठीक से पचता नहीं है। जिस कारण अपच की समस्या हो जाती है। ऐसे में शरीर को डिटॉक्स करने के लिए नींबू और अदरक की ड्रिंक बनाकर पी जा सकती है। इस ड्रिंक का पीने से इम्यूनिटी मजबूत होने के साथ शरीर भी हेल्दी रहेगा। इस ड्रिंक को बनाने के लिए एक बॉटल में नींबू की कुछ स्लाइस, पुदीने की पत्तिया और अदरक के 1 से 2 टुकड़ें डालकर मिलाएं। नींबू और अदरक की डिटॉक्स ड्रिंक तैयार है।

स्ट्रॉबेरी और तुलसी की ड्रिंक : मानसून में शरीर को हेल्दी रखने के लिए स्ट्रॉबेरी और तुलसी की ड्रिंक बनाकर पी जा सकती है। यह ड्रिंक पीने से शरीर हाइड्रेट रहने के साथ इम्यूनिटी भी मजबूत होगी। इस ड्रिंक को बनाने के लिए 1 बॉटल में 1 से 2 स्ट्रॉबेरी और तुलसी के पत्तों को कुछ देर डाल कर रखें। उसके बाद इस ड्रिंक को पी लें।

दालचीनी और अदरक की चाय : मानसून में वायरल बीमारियों से बचने के लिअ दालचीनी और अदरक की चाय भी बनाई जा सकती है। इस चाय को बनाने के लिए के लिए 1/2 चम्मच अदरक कद्दूकस किया हुआ और 1/2 चम्मच दालचीनी पाउडर को 1 गिलास पानी में डालकर अच्छी तरह से उबालें। जब पानी आधा रह जाए, तो इसे छानकर गुनगुना होने पर पिएं। यह ड्रिंक पीने से शरीर को एनर्जी भी मिलती है।

सेब, लौंग और दालचीनी की ड्रिंक : मानसून में शरीर को हाइड्रेट रखने के लिए सेब, लौंग और दालचीनी की ड्रिंक बनाकर भी पी जा सकती हैं। यह ड्रिंक बनाने के लिए 1 बॉटल पानी लें। इसमें सेब के कुछ टुकड़े, लौग और दालचीनी की स्टिक को मिलाएं। अब इस ड्रिंक को पिएं। यह ड्रिंक पीने से खाना ठीक से पचेगा और इम्यूनिटी मजबूत होगी।

सिक्स पैक एब्स बनाने के लिए फॉलो करें ये डाइट प्लान, आकर्षक दिखने लगेंगी पेट की मसल्स

बॉडी बिल्डिंग करने के लिए जब लोग जिम जाना शुरू करते हैं, तो उनकी सबसे पहली चाहत होती है कि वे अपना बैली फैट कम करके सिक्स पैक बिल्ड करें। लेकिन पेट की मांसपेशियों को टोन करना कोई सरल काम नहीं है। इसमें संतुलित डाइट, सही तकनीक और मेहनत के साथ धैर्य भी लगता है। लेकिन अगर आप इन चीजों को ध्यान में रखकर पेट की मांसपेशियों को ट्रेन करें, तो आसानी से सिक्स पैक पा सकते हैं। बिगिनर्स के साथ यह समस्या देखने को मिलती है कि वे जिम जाकर ट्रेनिंग तो शुरू कर देते हैं, लेकिन उन्हें किस तरह की डाइट लेनी चाहिए इसको लेकर वे काफी परेशान रहते हैं।

सिक्स पैक एब्स पाने के लिए ध्यान रखें ये बात

अगर आपका लक्ष्य पेट की चर्बी कम और सिक्स पैक एब्स प्राप्त करना है, तो ऐसे में आपको फैट लॉस करने और मसल बिल्डिंग पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है। फैट लॉस के लिए आपको अपने दैनिक कैलोरी इनटेक को कम और अपनी डाइट में अधिक प्रोटीन शामिल करना होता है। लेकिन एक महत्वपूर्ण बात जो आपको ध्यान रखने की जरूरत है कि एक कम कैलोरी वाली डाइट लेने के बाद भी आपको तब तक बैली फैट कम करने में नहीं मिल सकती है, जब तक कि आप अपनी पेट की मांसपेशियों को ट्रेन नहीं करते हैं। इसके लिए आपो सप्ताह में 3 दिन आपको पेट की एक्सरसाइज करने की भी जरूरत होती है। इससे आपको जल्द स्लिम और फ्लैट बैली पाने में मदद मिलती है।

सिक्स पैक एब्स के लिए डाइट प्लान

आपकी जानकारी के लिए बता दें कि यह एक सैंपल डाइट प्लान है, जिसमें आप अपनी जरूरत के अनुसार बदलाव कर सकते हैं। यह एक 1500 कैलोरी का डाइट प्लान है, अगर आपका दैनिक कैलोरी इनटेक 2000 के आसपास है, तो इसे फॉलो कर सकते हैं। लेकिन अगर आपकी कैलोरी इनटेक 2000 से कम या ज्यादा है, तो आप अपने अनुसार फूड्स की मात्रा कम ज्यादा कर सकते हैं।

सुबह खाली पेट क्या खाएं

सुबह उठने के बाद एक-दो गिलास गुनगुना पानी पिएं। उसके बाद एक कप हर्बल चाय या कॉफी ले सकते हैं। साथ में कुछ नट्स और बीज भी खा सकते हैं।

ब्रेकफास्ट में क्या खाएं

ब्रेकफास्ट आपको 4 अंडे का सफेद भाग और 1 पूरा अंडा खा सकते हैं। इसके अलावा, 100 ग्राम उबला हुआ चिकन या 70 ग्राम भुना हुआ पनीर भी सकते हैं।

ब्रेकफास्ट और लंच के बीच क्या खाएं

कोई भी एक मौसमी फल खा लें या कई फ्रूट्स को मिक्स करके चाट बना लें।

लंच में क्या खाएं

आधा कप ब्राउन राइस / 1-2 रोटी के साथ 1 कप उबली हुई ब्रोकली या सब्जी / दाल / पनीर / चिकन / चना / राजमा आदि की सब्जी ले सकते हैं। साथ में आप एक प्लेट सलाद भी ले सकते हैं।

शाम को क्या खाएं

चाय के साथ नट्स या ड्राई फ्रूट्स / एक कप फल / पनीर या ब्लूबेरी ले सकते हैं।

डिनर में क्या खाएं

रात का खाना आप दोपहर के भोजन के समान ही कर सकते हैं।

रात को क्या खाएं

इस दौरान आप एक गिलास दूध पी सकते हैं।

चेहरे पर एलोवेरा और नींबू लगाने से हो सकते हैं ये नुकसान, इन लोगों को नहीं करना चाहिए इस्तेमाल

स्किन को ग्लोइंग और बेदाग बनाने के लिए लोग तमाम तरह के ब्यूटी प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करते हैं। चेहरे पर नेचुरल और आयुर्वेदिक हर्ब्स का इस्तेमाल करने से कई फायदे मिलते हैं। स्किन पर मौजूद दाग-धब्बे, झुर्रियों और पिगमेंटेशन से छुटकारा पाने के लिए नींबू और एलोवेरा का इस्तेमाल करना फायदेमंद माना जाता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि कुछ लोगों के लिए एलोवेरा और नींबू लगाना बहुत नुकसानदायक हो सकता है। वैसे तो एलोवेरा और नींबू का इस्तेमाल लगभग सभी तरह के स्किन केयर प्रोडक्ट्स को बनाने में किया जाता है। इनमें मौजूद गुण और पोषक तत्व स्किन के लिए बहुत फायदेमंद माने जाते हैं। एलोवेरा और नींबू में मौजूद औषधीय गुणों के कारण ही इसका इस्तेमाल आयुर्वेद में औषधि के रूप में किया जाता है। एलोवेरा का इस्तेमाल न सिर्फ स्किन के लिए फायदेमंद होता है बल्कि इसका सेवन करने से पेट और पाचन तंत्र को भी फायदा मिलता है। वहीं नींबू के रस का इस्तेमाल आयुर्वेद में बालों, स्किन और पेट से जुड़ी कई गंभीर परेशानियों के इलाज में किया जाता है। लेकिन एलोवेरा और नींबू के रस का इस्तेमाल कुछ लोगों के लिए बहुत नुकसानदायक हो सकता है। ऐसे लोग जिनकी स्किन सेंसिटिव है, या चेहरे पर बहुत ज्यादा मुहांसे या पिंपल्स हैं, उन्हें भी एलोवेरा और नींबू के रस का एक साथ इस्तेमाल करने से बचना चाहिए।

पिंपल्स की समस्या : एलोवेरा और नींबू के रस में मौजूद पानी की मात्रा स्किन को बहुत ज्यादा नमी देने का काम करते हैं। ड्राई स्किन में तो इसका इस्तेमाल फायदेमंद होता है लेकिन ऐसे लोग जिनकी स्किन ऑयली या सेंसिटिव है, उन्हें इसका इस्तेमाल करने से बचना चाहिए। ऑयली स्किन पर बहुत ज्यादा नींबू और एलोवेरा का इस्तेमाल करने से नुकसान होता है।

एलर्जी और रैशेज : कई लोगों को चेहरे पर एलोवेरा जेल लगाने से एलर्जी की समस्या हो सकती है। दरअसल, एलोवेरा से निकलने वाला एलो-लेटेक्स पदार्थ त्वचा पर रैशेज और जलन का कारण बन सकता है। एलोवेरा और नींबू चेहरे पर लगाने से एलर्जी का खतरा भी रहता है।

स्किन टोन बदलना

चेहरे पर एलोवेरा और नींबू का रस लगाने से स्किन टोन बदलने का खतरा रहता है। ऐसे लोग जिनका रंग थोड़ा डार्क है, उन्हें नींबू के रस का इस्तेमाल करते समय सावधानी बरतनी चाहिए।

एक्वे स्पॉट्स

नींबू और एलोवेरा का नेचर एसिडिक होता है, इसलिए इनका इस्तेमाल करते समय बहुत सावधानी बरतनी चाहिए। पिंपल्स पर बहुत ज्यादा नींबू लगाने से पिंपल्स फट जाते हैं और इसकी वजह से एक्वे स्पॉट्स हो सकते हैं।

खुजली और सूजन

ऐसे लोग जिनकी स्किन सेंसिटिव है, उन्हें एलोवेरा और नींबू का रस लगाने से बचना चाहिए। एलोवेरा और नींबू का रस लगाने से स्किन पर खुजली और सूजन की समस्या हो सकती है।

प्रेग्नेंसी में डायबिटीज होने पर भूलकर भी नहीं करना चाहिए इन चीजों का सेवन

प्रेग्नेंसी के दौरान डायबिटीज की समस्या को जेस्टेशनल डायबिटीज कहा जाता है। यह समस्या काफी गंभीर होती है। सही समय पर जेस्टेशनल डायबिटीज में इलाज न लेने की वजह से गर्भ में पल रहे भ्रूण और मां दोनों की सेहत को खतरा रहता है। जेस्टेशनल डायबिटीज में प्री-मैच्योर डिलीवरी का भी खतरा रहता है। इस समस्या में मरीजों को खानपान का विशेष ध्यान रखना चाहिए। ज्यादातर लोगों में खानपान में गड़बड़ी और खराब जीवनशैली की वजह से होती है।

इन फलों का सेवन करने से बचें : ऐसे फल जिनका ग्लाइसेमिक इंडेक्स हाई होता है, उनका सेवन डायबिटीज में नहीं करना चाहिए। जेस्टेशनल डायबिटीज होने पर महिलाओं को आम, केला, चीकू, शकरकंद जैसी चीजों का सेवन करने से बचना चाहिए। इनका सेवन करने से शरीर में ब्लड शुगर बढ़ने का खतरा रहता है।

सोडा और शुगर वाली ड्रिंक्स का न करें सेवन : जेस्टेशनल डायबिटीज में महिलाओं को सोडा और कोल्ड ड्रिंक्स जैसी चीजों का सेवन करने से बचना चाहिए। इसके अलावा इस परेशानी में पैक्ड जूस का सेवन करने से बचना चाहिए।

फ्राइड फूड्स का सेवन न करें : जेस्टेशनल डायबिटीज में तले-भुने फूड्स का सेवन करने से बचना चाहिए। समोसा, फ्रेंच फ्री और कचौड़ी आदि का सेवन करने से इस समस्या में महिलाओं को गंभीर परेशानियां हो सकती हैं। इन चीजों का सेवन सेहत के लिए वैसे भी नुकसानदायक माना जाता है।

फास्ट फूड्स खाने से बचें : प्रेग्नेंसी के दौरान महिलाओं के शरीर में हार्मोनल बदलाव होते हैं। इसकी वजह से महिलाओं का मूड स्विंग भी होता है। मूड स्विंग होने पर महिलाएं अक्सर फास्ट फूड्स का सेवन करने लगती हैं। प्रेग्नेंसी में डायबिटीज होने पर फास्ट फूड जैसे चाउमीन आदि का सेवन करने से बचना चाहिए।

प्रोसेस्ड फूड का सेवन करने से बचें

जेस्टेशनल डायबिटीज में प्रोसेस्ड फूड का सेवन करने से शरीर को गंभीर नुकसान पहुंच सकता है। इसकी वजह से गर्भ में पल रहे शिशु और मां दोनों की सेहत को नुकसान होता है।

मैं तो 15 दिन में एक्टिंग सिखाने वालों का मर्डर कर दूं, मैं आज भी ये सीख ही रही हूं : शबाना आजमी

भारतीय सिनेमा की सबसे सम्मानित एक्टर्स में से एक शबाना आजमी ने इस साल फिल्मों में पचास साल का गौरवशाली सफर तय कर लिया है। उनकी पहली फिल्म अंकुर 1974 में रिलीज हुई थी। तब से अब तक अपनी अदाकारी और सिनेमा के फलक को हर दौर में ऊंचा करने वाली पांच बार की नैशनल अवॉर्ड विनर शबाना आजमी प्रतिष्ठित मामी मुंबई फिल्म फेस्टिवल में अपने फैंस से रूबरू हुईं और विद्या बालन के संचालन में आयोजित एक मास्टर क्लास में अपने एक्टिंग करियर से जुड़ी तमाम बारीकियों पर चर्चा की। अर्थ, अंकुर, मंडी, स्पर्श, गॉडमदर जैसी आइकॉनिक फिल्मों से लेकर अमर अकबर एंथनी और रॉकी एंड रानी की प्रेम कहानी जैसी मेनस्ट्रीम ब्लॉकबस्टर फिल्म तक और फायर और दूसरी दुल्हन जैसी समय से आगे के सिनेमा से लेकर इंटरनैशनल फिल्मों तक, एक्ट्रेस शबाना आजमी ने अपनी लाजवाब अदाकारी से भारतीय सिनेमा को हर दौर में समृद्ध किया है। उनके पांच दशक लंबे इस इयोगदान के लिए मामी मुंबई फिल्म फेस्टिवल में उन्हें एक्सीलेंस ऑफ सिनेमा के अवॉर्ड से नवाजा गया, वहीं एक मास्टर क्लास के दौरान उन्होंने अपने करियर, सिनेमा और उसके बदलावों आदि पर विस्तार से बात की।

मैंने नाच-गाने वाले रोल शुरू से नहीं किए

अपने पचास साल लंबे करियर का श्रेय शबाना कई पहलुओं को देती हैं। वह कहती हैं, मैंने अपने करियर के शुरुआत में भी नाच-गाने वाले रोल नहीं किए। मैंने मजबूत करैक्टर रोल किए और मुझे लगता है कि करैक्टर रोल करने वाले कलाकारों का करियर लंबा चलता है, क्योंकि मेकर्स को लगता है कि यह एक्टर अलग-अलग किरदार कर सकता है। इसके अलावा, फिल्म इंस्टीट्यूट की ट्रेनिंग को भी वह अपने भीतर के कलाकार को गढ़ने में अहम मानती हैं। बकौल शबाना, जो ये कहते हैं ना कि मैं आपको 15 दिन में एक्टिंग सिखा दूंगा, मैं उनका मर्डर कर देना चाहती हूं क्योंकि एक्टिंग ऐसी चीज है जो आप रोज सीखते हैं। सिनेमा में 50 साल बिताने के बाद मैं आज भी एक्टिंग सीख रही हूं।

मैं उनमें से नहीं जो पुरानी उपलब्धियों पर खुशी मनाती रहे

मैं इंस्टीट्यूट गई तो दुनिया भर के सिनेमा से परिचित हुई, जो आंखें खोलने वाला था, आज ओटीटी पर सब चीजें अवेलबल हैं लेकिन इंस्टीट्यूट में आप 24 घंटे सिनेमा में ही डूबते-उतराते हैं तो मैं आज भी किसी दूसरी चीज के लिए वह मौका नहीं छोड़ूंगी। मुझे नहीं लगता कि अगर मैंने यह ट्रेनिंग नहीं ली होती तो, मैं वो एक्टर होती जो आज हूं। वहीं, इतने लंबे दौर तक खुद को रेलवेंट रखने के सवाल पर वह कहती हैं, मेरे लिए खुद को रेलवेंट रखना, खुद को चैलेंज करना जरूरी है। मैं उनमें से नहीं जो पुरानी उपलब्धियों पर खुशी मनाती रहे। इसलिए, मैं चैलेंजिंग काम खोजती रहती हूं।

सोशल एक्टिविजम ने सीमित की भूमिकाएं

पांच बार की नैशनल अवॉर्ड विनर शबाना पर्दे से इतर अपने सोशल एक्टिविजम और सामाजिक सरोकारों के लिए भी जानी जताी हैं। उन्होंने यहां खुलासा किया कि उनकी इस मजबूत ऑफ स्क्रीन इमेज के चलते पर्दे पर उनकी भूमिकाएं सीमित हो गईं। वह बताती हैं, मेरी दोस्त और डायरेक्टर अपर्णा सेन ने मुझसे कहा था कि तुम्हारी ऑफ स्क्रीन पर्सनैलिटी इतनी बड़ी (मजबूत) होती जा रही है कि मैं बतौर डायरेक्टर तुम्हें एक मजबूर, बेबस या मासूम औरत के रूप में कास्ट करने से हिचकने लगी हूं, क्योंकि कोई उस पर यकीन नहीं करेगा। तुम्हारे चेहरे पर सख्ती दिखने लगी है, जबकि आपके चेहरे का सबसे बड़ा आकर्षण ही मासूमियत है। इसलिए, आप हमारी चॉइस सीमित कर रही हैं। लेकिन मैं तब समाज कार्य के कामों से इतनी गहरे जुड़ी हुई थी, मैंने अपने रोल ही बहुत सोच समझकर चुनना शुरू कर दिए। इसने निश्चित तौर पर मेरे विकल्प सीमित किए, पर मैं उससे समझौता नहीं कर सकती थी।

फरहान के सुझाव पर बदली फायर की एंडिंग

यहां शबाना ने अपने समय की चर्चित मगर विवादित फिल्म फायर के बारे में भी बात की। उन्होंने बताया, ऐसा नहीं है कि मैंने तुरंत उस फिल्म को हां कह दिया था। उस वक्त मैं स्लम की औरतों के साथ बहुत काम कर रही थी, तो मेरे दिमाग में था कि अगर मैंने वह फिल्म की तो उसे स्लम वर्कर्स के साथ मेरे काम के खिलाफ इस्तेमाल किया जाएगा, वे औरतें मेरे साथ काम करने में सहज नहीं महसूस करेंगी, लेकिन ज़ोया (स्टेप डॉटर और डायरेक्टर ज़ोया अख्तर) जो तब करीब 18 साल की थी, उसने कहा कि अगर आपको स्क्रिप्ट पसंद है तो इसमें क्या बड़ी बात है और मुझे लगा कि ये नई पीढ़ी कितना अलग सोचती है।

फायर को करने में मेरे पूरे परिवार ने मुझे सपोर्ट किया

फिर जावेद (पति जावेद अख़्तर) ने बड़ी अच्छी बात कही कि अगर तुम आलोचना सहने के लिए तैयार हो क्योंकि वो निश्चित तौर पर होगी, मगर तुम्हें लगता है कि तुम इस किरदार को संवेदनशील तरीके से कर सकती हो और इस औरत से रिलेट करती हो तो यह जानते हुए कि तुम्हें बुरा-भला सुनना पड़ेगा, तुम्हें यह करना चाहिए। जबकि फरहान (स्टेप सन फरहान अख्तर) जो और भी छोटा था, उसने कहा कि मुझे इसका क्लाइमैक्स पसंद नहीं आया, क्योंकि फिल्म में पहले मेरा किरदार आग में जलकर मर जाती है। उसने कहा कि इससे लगता है कि उस लेडी ने गलत किया है, इसलिए उसे सजा मिली। इससे तो फिल्म का पूरा उद्देश्य की खत्म हो जाता है। एक छोटे से बच्चे की यह राय थी जो मैंने डायरेक्टर दीपा मेहता से शेयर की और मुझे लगता है कि इस बदलाव ने फिल्म को बेहतर बनाया, तो इस फिल्म को करने में मेरे पूरे परिवार ने मुझे सपोर्ट किया।

जावेद का मुझे गढ़ने में बहुत बड़ा हाथ है

शबाना आज़मी ने यहां अपने व्यक्तित्व को गढ़ने में पति जावेद अख्तर का भी बहुत हाथ बताया। उन्होंने कहा, आज मैं जो इंसान हूं, उसमें जावेद का बहुत बड़ा हाथ है। असल में हम दोनों का एक दूसरे पर व्यक्तित्व को बदलने में बहुत हाथ है। मैं बहुत ही इंपल्सिव (तुरंत प्रतिक्रिया देने वाली) हुआ करती थी, पर जावेद ने मुझे काफी शांत किया है। मुझे लगता है कि इतने सालों में जावेद मेरे जैसे और मैं उनके जैसी हो गई हूं। हम एक-दूसरे का सम्मान करते हैं और दुनिया को देखने का हमारा नजरिया एक है तो इसे बहुत फर्क पड़ता है। मैं लकी हूं कि मेरे हस्बैंड मेरे बेस्ट फ्रेंड भी हैं।

दूसरी शादी के बाद अपनाया था इस्लाम मगर नहीं है पछतावा, सनातन धर्म में वापसी कर खुश हूं : चाहत खन्ना

बड़े अच्छे लगते हैं और कुबूल है फेम चाहत खन्ना लंबे समय से लाइमलाइट से दूर थीं। मगर उन्होंने एक इंटरव्यू दिया है और उसमें अपनी पर्सनल लाइफ के बारे में कई चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। उन्होंने अपने पूर्व पति के बारे में कुछ दावे किए हैं। इस्लाम कबूलने से लेकर मानसिक उत्पीड़न के बारे में बोली हैं। क्या कहा है, आइए बताते हैं। एक्ट्रेस ने 2006 में बिजनेसमैन भरत नरसिंघानी से शादी की थी। मगर कुछ महीने बाद ही इनका तलाक हो गयाथा। इशके बाद उन्होंने बॉलीवुड राइटर शाहरुख मिर्जा के बेटे फरहान मिर्जा से शादी की थी। इनसे इन्हें दो बेटियां हई थीं। एक्ट्रेस ने दूसरी शादी के बाद इस्लाम धर्म अपना लिया था। हालांकि 2018 में यौन शोषण और मानसिक उत्पीड़न का हवाला देते हुए तलाक ले लिया था।

चाहत खन्ना ने इस्लाम अपनाया, लेकिन पछतावा नहीं : चाहत खन्ना ने बताया कि उन्हें इस्लाम धर्म अपनाने का कोई पछतावा नहीं है। क्योंकि उन्हें इस धर्म के बारे में बहुत कुछ सीखने को मिला है। और सनातन धर्म में वापस आने के बावजूद भी वह इसे अपने दिल के करीब रखती हैं। उन्होंने कहा, मैं बिलकुल भी धार्मिक नहीं हूं। लेकिन बहुत आध्यात्मिक हूं। मैं बहुत उदार हूं। और सभी धर्मों में विश्वास करती हूं। मैं कट्टर नहीं। जब मेरी शादी हुई तो मैंने इस्लाम के बारे में जाना। उसके बारे में बहुत सारा ज्ञान हासिल किया। मैं ईसा मसीह में भी विश्वास करती हूं। मैं काली भक्त और कृष्ण भक्त हूं।

सनातन धर्म में वापस आकर खुश हैं चाहत खन्ना : चाहत ने आगे कहा, तलाक के बाद मुझे अपनी मौलिकता पर वापस आने में बहुत समय लगा। मुझे इस्लाम पर विश्वास करने में भी 4-5 साल लग गए। और मैं अभी भी उसके कुछ मूल सिद्धांतों पर भरोसा करती हूं। सब अच्छा है। लेकिन शुक्र है कि मै सनातन धर्म की ओर लौट आई। मुझे बहुत सी चीजों के पीछे छिपे बड़े सच का पता चला।

चाहत को अपने भगवान की पूजा करने के लिए मनाही थी : चाहत खन्ना ने कहा कि वह खोई हुई थीं। लेकिन सनातन धर्म में वापस आने में उन्हें समय लगा। लेकिन वह खुश और अच्छी हैं। उनसे जब पूछा गया कि क्या उनका ब्रेन-वॉश किया गया था तो वह बोलीं, मुझे नहीं पता कि वह क्या था, लेकिन हां कह सकते हैं।

अमीषा पटेल ने सुनाया कहो ना प्यार है का किस्सा

बोलीं- फिल्म के लिए मॉर्गन स्टेनली की नौकरी ठुकराई, सफल नहीं होती इंडस्ट्री छोड़ देती



अमीषा पटेल ने फिल्म कहो ना प्यार है से बॉलीवुड में अपना डेब्यू किया था। उन्हें फिल्म की शूटिंग शुरू होने से सिर्फ तीन दिन पहले ही कास्ट किया गया था। एक्ट्रेस के मुताबिक ये फिल्म उनके भाग्य में लिखी थी। इससे पहले उन्होंने अग्नि प्रेम और हिमालय पुत्र जैसी फिल्मों के ऑफर को ठुकरा दिया था। इतना ही नहीं इस फिल्म के लिए उन्होंने मॉर्गन स्टेनली की नौकरी तक के लिए मना कर दिया था। अमीषा पटेल ने बताया उनकी और राकेश रोशन की मुलाकात कैसे हुई थी। उन्हें अपनी पहली फिल्म का ऑफर कैसे मिला था। अमीषा ने कहा, मैं अपने परिवार के साथ एक शादी में शामिल होने गई थी। जहां मेरी मुलाकात राकेश रोशन से हुई थी। अमीषा ने कहा, 'जब मैं उनके (राकेश) पास से गुजरी थी तब उन्होंने मुझे देखा, पलक झपकाईं और फिर मेरे पिता की ओर देखा और उनसे पूछा, गर्लफ्रेंड मेरे पिता ने कहा था नहीं राकेश। यह मेरी बेटी अमीषा है। वह अभी-अभी पढ़ाई पूरी करके बोस्टन से लौटी है।' जब अमीषा पटेल से पूछा गया कि उन्हें फिल्म कहो ना प्यार है कैसे मिली। इसपर अमीषा ने कहा, राकेश रोशन ने अगले ही दिन मुझे खाने के लिए घर पर बुलाया। मुझे बिल्कुल नहीं पता था कि वह मुझे कहो ना प्यार है फिल्म ऑफर करेंगे। हम लोगों के बीच काफी बातें हुईं। उन्होंने मुझे मेरी जॉब और फ्यूचर प्लान के बारे में पूछा तो मैंने उन्हें अपना सीवी दिखाया और मॉर्गन स्टेनली से मिली नौकरी के बारे में बताया, जिससे वह काफी इंप्रेस हुए। अमीषा की मानें तो जब राकेश रोशन के घर वॉशरूम गईं, तो उस दौरान राकेश और ऋतिक ने उनके बारे में बात की। राकेश ने कहा कि उन्हें अपनी फिल्म के लिए एक्ट्रेस मिल गई और वह बहुत खुश थे। जब अमीषा वॉशरूम से लौटीं, तो निर्देशक राकेश ने उन्हें अपनी फिल्म कहो ना प्यार है का ऑफर दे दिया। पहले तो एक्ट्रेस को कुछ समझ नहीं आया। लेकिन फिर थोड़ी ही देर के बाद अमीषा ने फिल्म में काम करने के लिए हामी भर दी। सोचा अगर ये फिल्म हिट नहीं हुई तो वह फिर से वापस अपने काम पर लौट जाएंगी।

बिग-बॉस 18 हाउस से बाहर हुईं, मुझे स्क्रीन पर कम दिखाया गया : नायरा बनर्जी

बिग बॉस 18 के घर से कुछ ही हफ्तों बाद एक्ट्रेस नायरा बनर्जी एविक्ट हो गईं। नायरा ने बताया कि एक्ट्रेस ने अपनी रणनीति के तहत घर के अंदर काम किया, लेकिन कुछ नॉमिनेशन्स की वजह से उन्हें बाहर होना पड़ा।

बिग बॉस में कम दिखाए जाने का असर

नायरा ने कहा, मुझे लगता है कि मुझे शो में ज्यादा नहीं दिखाया गया। मैंने घर के कामों में भी हिस्सा लिया, लेकिन शायद यह सब ऑडियंस तक नहीं पहुंचा। मैंने कई बार शांत रहकर सिचुएशंस को संभाला, लेकिन इससे मेरी मजबूत छवि नहीं बन पाई। अगर मुझे फिर से मौका मिला, तो मैं अपनी ताकत को बेहतर तरीके से दिखाने की कोशिश करूंगी। मुझे लगता है कि मेरा सफर अभी शुरू ही हुआ था। मैंने घरवालों के साथ अच्छा तालमेल बना लिया था और सबके साथ समझदारी से पेश आ रही थी। एक टास्क में मैंने खुद को पांचवे पायदान पर रखा था, लेकिन मेरी रैंकिंग घटा दी गई, जिससे मेरा सफर छोटा हो गया। शो में खास रणनीति बनाई थी नायरा ने बताया, मैं रोज रात को शहजादा के साथ बैठकर सभी कंटेस्टेंट की रणनीति पर चर्चा करती थी। हमें समझ में आने लगा था कि किसके साथ अलायंस बनाना है और किससे बचना चाहिए। मैंने सोचा था कि मैं खेल को शांत और समझदारी से खेलूंगी, लेकिन कुछ नॉमिनेशन्स के कारण मुझे बाहर होना पड़ा।

मजबूत कंटेस्टेंट के नाम

इस सीजन के सबसे मजबूत कंटेस्टेंट के बारे में बात करते हुए नायरा ने विवियन, अविनाश और करणवीर का नाम लिया। उन्होंने कहा, इन तीनों ने शो में बहुत मजबूत स्थिति बनाई है और उनका खेल देखने लायक है।

दोस्ती और खास पल

नायरा ने कहा कि शो में श्रुतिका और शहजादा के साथ उनकी अच्छी दोस्ती हो गई थी। उनके साथ बिताया समय मेरे लिए बहुत खास था। श्रुतिका मेरे लिए एक सहारा थीं और शहजादा के साथ मैंने कई रणनीतियां बनाई थीं। उनका साथ छोड़ना मेरे लिए मुश्किल था।

बिग बॉस का माहौल

जब उनसे पूछा गया कि उन्हें बिग बॉस के घर में क्या सबसे अच्छा लगा, तो उन्होंने कहा, मुझे यह बहुत पसंद आया कि हर झगड़े के बाद लोग आपस में मिलकर अपने मतभेद सुलझा लेते थे। ऐसा लगता था जैसे सब एक परिवार की तरह हैं।

भविष्य की प्लानिंग

नायरा ने यह भी कहा कि वह फिर से बिग बॉस में भाग लेना चाहेंगी। अब जब मैंने शो देखा है, मुझे समझ में आ गया है कि किसके साथ कैसे डील करना है। मेरे पास रणनीति तैयार है और अगर मुझे मौका मिला, तो मैं एक नई एनर्जी के साथ लौटूंगी।

सीखने का अनुभव

बिग बॉस से बाहर आने के बाद, नायरा ने बताया कि उन्हें यह सिखने को मिला कि अपनी राय को मजबूती से रखना कितना जरूरी है। अब मैं अपनी असली जिंदगी में भी इस बैलेंस को बनाए रखना चाहूंगी। मुझे समझ में आया है कि कभी-कभी हमें अपनी बात को मजबूती से कहना होता है, और कभी-कभी समझौता करना बेहतर होता है। इससे मैं खुद को मजबूत बना सकूंगी और दूसरों के साथ भी अच्छे से जुड़ सकूंगी।

गेट बैक नायरा का ट्रेंड

नायरा ने अपने फैंस के लिए एक खास मैसेज दिया। मैं अपने सभी फैंस का दिल से धन्यवाद करना चाहती हूं। आपका प्यार और सपोर्ट ने मुझे और मजबूत बनाया है। जो लोग गेट बैक नायरा का ट्रेंड चला रहे हैं, उनसे कहना चाहूंगी कि आप सबकी वजह से मुझे एक और मौका मिल सकता है। इस बार मैं और भी एनर्जी के साथ शो में लौटूंगी।

मिर्जापुर फिल्म की अनाउंसमेंट हुई, 2026 में होगी रिलीज

मुन्ना भैया और कंपाउंडर की जबरदस्त वापसी होगी, 1 मिनट 30 सेकेंड का अनाउंसमेंट टीजर भी सामने आया

ओटीटी प्लेटफॉर्म की पॉपुलर सीरीज मिर्जापुर के 3 कामयाब सीजन आ चुके हैं। अब सीरीज के फैंस के लिए मेकर्स बड़ा तोहफा लाए हैं। एक्सेल मूवीज ने मिर्जापुर की ऑफिशियल अनाउंसमेंट करते हुए एक अनाउंटमेंट टीजर जारी किया है। अपकमिंग फिल्म में मुन्ना भैया उर्फ दिव्येंदु शर्मा की वापसी भी कन्फर्म हो चुकी है, जिनके किरदार को सीरीज से खत्म कर दिया गया था। एक्सेल मूवी प्रोडक्शन हाउस ने हाल ही में फिल्म मिर्जापुर की अनाउंसमेंट कर लिखा है, अब भौकाल भी बड़ा होगा और पर्दा भी।

जल्द आ रही है मिर्जापुर द फिल्म। अनाउंसमेंट के साथ मेकर्स ने 1 मिनट 30 सेकेंड का एक अनाउंटमेंट टीजर भी जारी किया है, जिसमें कालीन भैया उर्फ पंकज त्रिपाठी कह रहे हैं, गद्दी का महत्व तो आप जानते ही हैं, सम्मान, पावर, कंट्रोल। आपने भी मिर्जापुर अपनी-अपनी गद्दी पर बैठकर देखी होगी, लेकिन इस बार गद्दी से नहीं उठे तो रिस्क होगा। इस पर गुड्डू भैया उर्फ अली फजल कहते हैं, सही बोले कालीन भैया, रिस्क लेना हमारी यूएसपी है, अब जो है न सारा खेल बदल दिया है। अब क्या है, अब मिर्जापुर आपके पास नहीं आएगा, आपको मिर्जापुर के पास आना पड़ेगा।

मुन्ना भैया और कंपाउंडर की होगी जबरदस्त वापसी : सामने आए टीजर के अनुसार, फिल्म मिर्जापुर में सीरीज के अहम किरदार मुन्ना भैया की भी वापसी होगी, जिनका रोल दिव्येंतु ने निभाया था। उनके किरदार को सीरीज के दूसरे सीजन में खत्म कर दिया गया था। वहीं कंपाउंडर का रोल निभा रहे अभिषेक बनर्जी भी फिल्म से वापसी करेंगे, जिनके किरदार को पहले सीजन में मार दिया गया था। सामने आए टीजर में मुन्ना भैया फर्फ दिव्येंदु कहते नजर आए, हिंदी फिल्मों के विलेन हैं हम और हिंदी फिल्में तो थिएटर में ही देखी जाती हैं ना। बोले थे न हम अमर हैं और अब मिर्जापुर की गद्दी पर यहीं से बैठकर राज होगा। धार तो तेज है न कंपाउंडर।

2026 में बड़े पर्दे पर रिलीज होगी मिर्जापुर फिल्म : अनाउंसमेंट के अनुसार फिल्म मिर्जापुर साल 2026 में बड़े पर्दे पर रिलीज होगी। इसे एक्सेल मूवी के बैनर तले रितेश सिधवानी और फरहान अख्तर प्रोड्यूस कर रहे हैं। फिल्म को गुरमीत सिंह डायरेक्ट करेंगे।

अनाउंसमेंट के बाद गूगल पर लगातार सर्च की जा रही मिर्जापुर फिल्म

अनाउंसमेंट के बाद से ही मिर्जापुर गूगल और सोशल मीडिया साइट्स पर ट्रेंड हो रही है। बीते कई हफ्तों से मिर्जापुर चर्चा में नहीं था, हालांकि फिल्म की अनाउंसमेंट से ही फैंस में फिर अपने पसंदीदा किरदारों को देखने की उत्सुकता बढ़ गई है।

मां परेशान हैं, हम सामान्य जिंदगी जीने की कोशिश कर रहे : अरबाज खान

एक एक्टर के रूप में कई फिल्में कर चुके अरबाज खान ने खुद को संतुष्ट पाया है निर्माता-निर्देशक बनकर। पिछले दिनों अपने चैट शो में मेजबानी दिखा चुके अरबाज इन दिनों चर्चा में हैं अपनी नई फिल्म बंदा सिंह चौधरी से। यहां वे न केवल अपनी फिल्म, जीवन के उतार-चढ़ाव, पत्नी शूरा और सलमान खान के थ्रेट को लेकर बात करते हैं।

आपने अपनी नई फिल्म में खुद के बजाय अरशद वारसी को लिया, क्या आपको मुख्य भूमिका के प्रलोभन ने नहीं सताया?

जब मैं फिल्म प्रोड्यूस करता हूं, तो मुझे इतने सारे काम होते हैं कि अगर मैं उसमें मुख्य भूमिका करने लगूं, तो मेरा ध्यान प्रॉडक्शन के जरूरी कामों से डायवर्ट हो सकता है। अब मैंने दबंग 2 में खुद को इसलिए कास्ट किया कि मुझे लगा कि मुझसे बेहतर कास्टिंग कोई और हो नहीं सकती और उस वक्त मैं कॉन्सन्ट्रेट कर पाया। उसके बाद मैंने डॉली की डोली भी बनाई, उसमें भी मैं एक किरदार में खुद को कास्ट कर सकता था, मगर मुझे लगा कि रोल के लिए राजकुमार राव, पुलकित सम्राट, वरुण शर्मा जीशान अयूब जैसे सभी आर्टिस्ट परफैक्ट हैं। मैं क्रिएटिव प्रोड्यूसर हूं। जब मैंने पटना शुक्ला भी बनाई, तो मैं खुद को चुन सकता था, मगर मैंने नहीं किया। ये फिल्म मेरे पास लेट आई, तब तक इसका काफी प्रोग्रेस हो चुका। इस फिल्म में खुद को कास्ट करने की उतनी संभावना नहीं थी। मैं अपनी फिल्मों में खुद को जबरदस्ती ठूंसने में यकीन नहीं करता। मैं मानता हूं कि किसी फिल्म में मैं एडेड वैल्यू ला सकता हूं। एक असेट हो सकता हूं। बीते सालों में मैंने एक अभिनेता के रूप में इतना इंप्रूव तो किया है, मगर सिर्फ मेरी वजह से लोग फिल्म देखने आएंगे, ये मुकाम हासिल करने में मुझे अभी वक्त है और मैं वो चांस नहीं लेना चाहता। मगर फिल्म मेकर के रूप में मैं वो चांस ले सकता हूं।



आपके करियर का सबसे चुनौतीपूर्ण काम क्या था?

दबंग 2 मेरे लिए बहुत ही चुनौती भरा था। एक तो दबंग वन बन चुकी थी। उसके बाद में सीक्वल बना रहा था और जब आप सीक्वल बनाते हैं, तो कंपेरिजन शुरू हो जाता है । दूसरा मैं पहली बार निर्देशन कर रहा था, तो ये भी था कि अच्छा इनकी पहली फिल्म चल गई, तो अब ये खुद डायरेक्टर बनने चले। असल में उस वक्त हालात कुछ और थे, जो मैंने अपनी दूसरी फिल्म डायरेक्ट करने की सोची। मगर प्रेशर तो रहता है। मैं बहुत मुश्किल दौर से गुजरा था। मगर मुझ पर बहुत सारी एक्सपेक्टेशन थीं, मगर कमाल ये हुआ कि हमने उसे गानों में मैच किया। सक्सेस में मैच किया। फिल्म बड़ी हिट साबित हुई।

एक्सपेक्टेशन की बात करें, तो भाई सलमान खान की वजह से आप पर हमेशा उम्मीदों की तलवार लटकती रही? उससे आप कैसे डील करते हैं?

सच कहूं, तो एक समय के बाद मैंने उस विषय में सोचना छोड़ दिया था। आप जब इस पेशे में आएंगे, तो तुलना और उम्मीदें तो होंगी ही। आपको अपनी जगह बनानी पड़ेगी। मैं मानता हूं कि कुछ हद तक मैंने अपनी जगह बनाई है। मैं मानता हूं कि कमर्शल रूप से जो सक्सेज सलमान को मिला है, वो मुझे नहीं, मगर मैं सोचता हूं कि कम से कम आज मुझे काम तो मिल रहा है। मेरे कितने ही समकालीन एक्टर्स हैं, जिनके पास कोई काम नहीं है।

दैनिक
बढ़ता राजस्थान
www.badhatarajasthan.in
RNI NO. RAJHIN/2010/35060

"जीवन का सबसे बड़ा जादू आपके सपनों में छिपा है;
उन्हें पूरा करने की हिम्मत रखो।"
-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान

सोने की कीमत ने तोड़े अब तक के सारे रिकॉर्ड

धनतेरस पर 10 ग्राम सोने की कीमत पहुंची 81,400 चांदी हुई 1500 रुपए महंगी

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (एजेंसी)। सोने की कीमत ने अब तक के सारे रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिए हैं। मंगलवार को धनतेरस के मौके पर स्टैंडर्ड सोने की कीमत 81 हजार 400 रुपए के ऑल टाइम हाई के शिखर पर पहुंच गई है। वहीं, चांदी की कीमत में भी 1500 रुपए की तेजी आई है। सर्राफा व्यापारियों के अनुसार दीपावली तक सोने और चांदी की कीमत में तेजी का सिलसिला जारी रहेगा। जयपुर सर्राफा एसोसिएशन के राकेश खंडेलवाल ने बताया कि दुनियाभर में चल रही उठा पटक की वजह से एक कीमती धातुओं की कीमत में लगातार तेजी आ रही है। वहीं भारत में दीपोत्सव का पर्व शुरू हो चुका है। ऐसे में सोने और चांदी की डिमांड बढ़ गई है। यही कारण है कि आज सोने की कीमत ने अब तक के सारे रिकॉर्ड तोड़ 81 हजार के आंकड़े को पार कर दिया है। वहीं चांदी की कीमत में भी एक बार फिर तेजी आई है। जो आने वाले दिनों में भी जारी रह सकती है। जिसकी वजह से सोने की कीमत जहां 82 हजार के आंकड़े को पार कर सकती है। वहीं चांदी 1 हजार 5000 रुपए तक की कीमत पर पहुंच सकती है। जयपुर सर्राफा कमेटी की और से जारी भाव के अनुसार जयपुर में 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 81 हजार 400 रुपए पर आ गई है, जबकि 22 कैरेट प्रति 10 ग्राम सोने की कीमत सोने की कीमत 76 हजार 300 रुपए पहुंच गई है। सोना 18 कैरेट 62 हजार 400 रुपए प्रति दस ग्राम और 14 कैरट 49 हजार 900 रुपए प्रति दस ग्राम पर पहुंच गया है। वहीं, चांदी रिफाइन की कीमत एक लाख 500 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गई है।

पीएम मोदी 30 अक्टूबर को गुजरात जाएंगे

31 को सरदार पटेल की जयंती पर केवड़िया में रहेंगे 280 करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट्स का शिलान्यास करेंगे

बढ़ता राजस्थान

नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 30 अक्टूबर को दो दिन के दौरे पर गुजरात जाएंगे। 31 अक्टूबर को वे देश के पहले गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर केवड़िया में रहेंगे। मोदी यहां राष्ट्रीय एकता दिवस में शामिल होंगे। इस दौरान पीएम 280 करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट्स का शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय के मुताबिक, पीएम 30 अक्टूबर को शाम करीब 5.30 बजे केवड़िया के एकता नगर पहुंचेंगे। इसके बाद शाम करीब 6 बजे वे आरंभ 6.0 में 99वें कॉमन फाउंडेशन कोर्स के स्टाफ ट्रेनी को संबोधित करेंगे। इस बार कार्यक्रम का विषय है- आत्मनिर्भर और विकसित भारत के लिए रोडमैप। 99वें कॉमन फाउंडेशन कोर्स-आरंभ 6.0 में भारत की 16 सिविल सेवाओं और भूटान की तीन सिविल सेवाओं के 653 ट्रेनी ऑफिसर शामिल होंगे। 31 अक्टूबर को सुबह करीब 7:15 बजे प्रधानमंत्री मोदी स्टैच्यू ऑफ यूनिटी पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे, जिसके बाद राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह होगा।

सलमान को धमकी देने वाला नोएडा से गिरफ्तार, आरोपी 20 साल का

बढ़ता राजस्थान

नोएडा (एजेंसी)। मुंबई में एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या के बाद उनके बेटे जीशान और एक्टर सलमान खान को धमकी देने के आरोपी युवक को मुंबई पुलिस ने नोएडा से गिरफ्तार किया है। इसकी पहचान मोहम्मद तैय्यब (20) के रूप में हुई है। एसीपी नोएडा प्रवीण कुमार सिंह ने बताया- आरोपी को सूरजपुर कोर्ट में पेश किया जाएगा। वहां से मुंबई पुलिस ट्रांजिट रिमांड पर लेकर जाएगी। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, मोहम्मद तैय्यब मूल रूप से यूपी के बरेली का रहने वाला है। अभी दिल्ली में ज्योति नगर में अपने चाचा के पास रहता था। पिता का नाम ताहिर है। वह बरेली में सिलाई का काम करते हैं। पुलिस ने आरोपी का मोबाइल फोन जब्त कर लिया है।

प्रधानमंत्री मोदी ने 51 हजार लोगों को जॉइनिंग लेटर बांटे

आप सेवक हैं शासक नहीं, गरीबों-पिछड़ों की सेवा कीजिए, आप ही विकसित भारत बनाएंगे : पीएम मोदी

बढ़ता राजस्थान

नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को देश के 40 जगहों पर आयोजित रोजगार मेले में 51 हजार युवाओं को जॉइनिंग लेटर बांटे। लोकसभा चुनाव के बाद प्रधानमंत्री मोदी के तीसरे कार्यकाल का यह पहला रोजगार मेला है। मेले की शुरुआत अक्टूबर 2022 में हुई थी। अब तक 13 मेलों में 8.50 लाख से ज्यादा युवाओं को नौकरी दी जा चुकी है। इससे पहले आखिरी रोजगार मेला 12 फरवरी 2024 को आयोजित किया गया था, जिसमें 1 लाख से ज्यादा लोगों को जॉइनिंग लेटर बांटा गया था। इस दौरान पीएम मोदी ने जॉब लेटर पाने वाले युवाओं से कहा कि आप जनता के सेवक हैं शासक नहीं। इसलिए आप गरीबों-पिछड़ों की सेवा कीजिए। अगले 25 सालों में आप ही विकसित भारत बनाएंगे। देश में नई तकनीक आए, नए फॉरेन इन्वेस्टमेंट आएं, इसके लिए हमने स्कीम लॉन्च की। मेक इन इंडिया अभियान और पीएलआई स्कीम ने मिलकर रोजगार सृजन की गति कई गुना तेज कर दी है। हर सेक्टर के उद्योगों को बढ़ावा मिल रहा है। युवाओं के लिए नए मौके बन रहे हैं।

पीएम ने किया योजनाओं का जिक्र

लखपति दीदी: हमारी सरकार ने इन महिलाओं में से 3 करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य रखा है। अब तक करीब 1.25 करोड़ महिलाएं लखपति दीदी बन चुकी हैं। मतलब उनकी एक साल की आय 1 लाख रुपए से ज्यादा हो गई है। लखपति दीदी योजना ने ग्रामीण महिलाओं को रोजगार और स्व-रोजगार के नए साधन दिए हैं। पिछले 1 दशक में 10 करोड़ महिलाएं एसएचजी से जुड़ी हैं। मतलब 10 करोड़ महिलाएं स्व-रोजगार के कारण कमाने लगी हैं और सरकार ने इन्हें पूरी तरह सपोर्ट किया है।

प्रधानमंत्री इंटर्नशिप: भारत के युवाओं की क्षमता बढ़ाने के लिए आज स्किल डेवलपमेंट पर फोकस है। हमने् स्किल इंडिया जैसे मिशन शुरू किए हैं। सैकड़ों कौशल विकास सेंटर्स में युवाओं को ट्रेनिंग दी जा रही है। एक्सपीरिएंस और ऑपर्च्यूनिटी के लिए भटकना ना पड़े इसकी भी व्यवस्था की है। प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के तहत 500 टॉप कंपनियों में पेड इंटर्नशिप की व्यवस्था की गई है। 5 हजार रुपया प्रति माह दिया जाएगा। एक करोड़ युवाओं को इंटर्नशिप का अवसर दिया जाएगा।

खादी ग्रामोद्योग का विकास : पिछले 10 साल नीतियों ने खादी और ग्रामोद्योग की पूरी तस्वीर बदल दी है। इससे जुड़े लोगों के जीवन में भी बदलाव आया है। खादी ग्रामोद्योग हर साल 1.5 लाख करोड़ से अधिक का कारोबार कर रहा है। वीपीए सरकार की तुलना में खादी की बिक्री में 400त्न की वृद्धि हुई है। इससे साबित होता है कि खादी उद्योग बढ़ रहा है, जिसका लाभ कारीगरों, बुनकरों और व्यापारियों को मिल रहा है।। इससे रोजगार के अवसर और आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलता है।

मेक इन इंडिया अभियान और पीएलआई स्कीम : देश में नई तकनीक आए, नए फॉरेन इन्वेस्टमेंट आएं, इसके लिए हमने स्कीम लॉन्च की। मेक इन इंडिया अभियान और पीएलआई स्कीम ने मिलकर रोजगार सृजन की गति कई गुना तेज कर दी है। हर सेक्टर के उद्योगों को बढ़ावा मिल रहा है। युवाओं के लिए नए मौके बन रहे हैं।

विदेशों से रोजगार से जुड़े कॉन्ट्रैक्ट

विदेशों में भारतीयों को आसानी से नौकरी मिले, इसके लिए सरकार कदम उठा रही है। जर्मनी ने भारत के लिए स्किल वर्क फोर्स स्ट्रैटजी जारी की है। भारतीय युवाओं को हर साल 90 हजार वीजा देने का फैसला किया है। पहले वीजा 20 हजार को मिलता था। इसका फायदा युवाओं को होगा। 21 देशों के साथ माइग्रेशन और रोजगार से जुड़े समझौते किए हैं। गल्फ के अलावा, जापान, ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस, मॉरिशस, इजरायल जैसे देश शामिल हैं। यूके में काम करने पढ़ाई करने के लिए हर साल 3 हजार लोग वीजा हासिल कर सकते हैं। भारत का टैलेंट भारत की प्रगति ही नहीं, विश्व की प्रगति में हिस्सा बढ़ता जा रहा है।

एअर इंडिया की 32 फ्लाइट्स में बम की धमकी

अब तक 400+ फेक थ्रेट, एक आरोपी की पहचान; 2 युवक पहले पकड़े गए थे

बढ़ता राजस्थान

नागपुर (एजेंसी)। 32 विमानों में बम की धमकी मिली है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार मंगलवार को जिन विमानों में बम की धमकी मिली, वे सभी एअर इंडिया के हैं। इधर, विमानों में बम की धमकी देने के मामले में एक और आरोपी की पहचान मंगलवार को हुई है। नागपुर पुलिस के मुताबिक, यह महाराष्ट्र के गोंदिया का जगदीश उइके (35) है। यह आतंकवाद पर किताब भी लिख चुका है। डीसीपी श्वेता खेडकर ने बताया पुलिस टीम ने फर्जी ईमेलों की खोजबीन करके आरोपी को ट्रेस किया है। आरोपी अभी फरार है, जिसे पकड़ने के लिए पुलिस की स्पेशल टीमें बनाई गई हैं। यह 2021 में एक केस में अरेस्ट भी हो चुका है। दो हफ्ते में 400 से ज्यादा फ्लाइट्स को धमकी दी जा चुकी है। फ्लाइट्स में फेक थ्रेट देने के मामले में दो युवक पहले भी पकड़े जा चुके हैं। दिल्ली पुलिस ने 26 अक्टूबर को 25 साल के शुभम उपाध्याय पकड़ा था। उसने 25 अक्टूबर को आईजीआई एयरपोर्ट पर फ्लाइट में बम की झूठी धमकी वाली दो पोस्ट की थीं। उसने फेमस होने के लिए ऐसा किया था। इससे पहले मुंबई पुलिस ने छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव से 17 साल के नाबालिग को हिरासत में लिया था।

राजस्थान में गर्मी बरकरार, पारा 40 से ऊपर दर्ज

बाड़मेर-जैसलमेर में तेज गर्मी, सीकर-झुंझुनूं में भी रात का टेम्प्रेचर 20 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। राजस्थान में पश्चिमी हवाओं के प्रभाव से गर्मी तेज हो गई है। अक्टूबर में जहां दिन का अधिकतम तापमान 33 से 35 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहता है, वहां इन दिनों तापमान 40 डिग्री सेल्सियस पर दर्ज हो रहा है। शेखावाटी में जहां मिड अक्टूबर में रात का तापमान 15 से 17 डिग्री सेल्सियस तक आ गया था, वह भी अब बढ़कर 20 डिग्री सेल्सियस से ऊपर रहने लगा है। पश्चिमी जिलों में ज्यादा टेम्प्रेचर के कारण राजस्थान में अब तक एयर कंडीशन, कूलर बंद नहीं हुए। सोमवार को राजस्थान में सर्वाधिक गर्मी बाड़मेर-जैसलमेर में रही, जहां का अधिकतम तापमान 40.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

जोधपुर, चूरू, बीकानेर में अधिकतम तापमान 39 से 40 डिग्री सेल्सियस के बीच पहुंच गया। तेज गर्मी के कारण यहां दिन में भी लोगों को घरों में एसी-कूलर चलाने पड़ रहे है। पिलानी, कोटा, अजमेर, गंगानगर, अलवर में भी दिन में तापमान 35 डिग्री सेल्सियस तक दर्ज हो रहा है।

रात में भी ठंडक कम हुई शेखावाटी में रात का तापमान चढ़ा : राजस्थान में दिन में गर्मी बढ़ने के साथ रात में भी ठंडक कम हो गई। शेखावाटी एरिया (चूरू, सीकर, झुंझुनूं) में जहां 15 अक्टूबर बाद रात का न्यूनतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस से नीचे चला गया था वहां भी मिनिमम टेम्प्रेचर चढ़ गया। सीकर में कल न्यूनतम तापमान 21.8 डिग्री सेल्सियस, पिलानी (झुंझुनूं) में 20.5 और चूरू में 20.3 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज हुआ। जयपुर, जालौर, जोधपुर, कोटा, बाड़मेर, गंगानगर में भी न्यूनतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस तक दर्ज हो रहे है, इस कारण यहां भी रात में इतनी ठंडक नहीं है, जितनी अक्टूबर के आखिरी सप्ताह में रहती है।

अब आगे क्या : जयपुर मौसम केन्द्र ने राजस्थान में अगले चार-पांच दिन आसमान साफ रहने और तेज धूप रहने की संभावना जताई है।

इस दौरान पश्चिमी राजस्थान के जिलों में दिन का अधिकतम तापमान 37 से 40 डिग्री सेल्सियस, जबकि पूर्वी राजस्थान के जयपुर, कोटा, अजमेर में तापमान 33 से 36 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है।

पटाखों की दुकान में लगी आग, तेज धमाके से डरे लोग

आसमान में छूटे रॉकेट, जान बचाकर भागा युवक गिरा, बाइक जली

बढ़ता राजस्थान

फलोदी (एजेंसी)। पटाखों की दुकान में आग लगते ही धमाका हो गया। बम के साथ ही रॉकेट जलकर उड़ने लगे। कुछ की सेकंड में आग भभक गई। दूर-दूर तक लपटें नजर आने लगी और लोग इधर-उधर भागने लगे। इस दौरान दुकान के बाहर बैठा एक युवक गिर गया। एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें आग की लपटें दिखाई दे रही है। फायर ब्रिगेड ने मौके पर पहुंचकर आधे घंटे में आग पर काबू पाया। मामला फलोदी के नागौर रोड का है। फलोदी थानाधिकारी रामेश्वर दयाल ने बताया- होटल सिटी पाइंट के पास सोमवार रात साढे 7 बजे पटाखों की अस्थाई दुकान में आग लगने की सूचना मिली थी। किसी के सिगरेट जलाकर माचिस की तीली फेंकने का अंदेशा है। दुकान मालिक को गिरफ्तार कर लिया गया है।

दुकान के बाहर बैठा युवक झुलसा : थानाधिकारी ने बताया- अमीन घोसी (27) पुत्र जमालदीन निवासी फलोदी ने पटाखों की अस्थाई दुकान लगा रखी थी। अचानक आग लगते ही धमाके की आवाज हुई। पटाखें की दुकान के बाहर बैठा दुकान मालिक का भाई नशीर नाम का लड़का भागने लगा लेकिन गिर गया। उसे प्राइवेट हॉस्पिटल लेकर गए। प्राथमिक इलाज के बाद जोधपुर रेफर किया गया। दुकान मालिक को गिरफ्तार कर लिया गया है। जानकारी के अनुसार दुकानदार ने लाइसेंस के लिए अप्लाई कर रखा था। जिसे 28 अक्टूबर को लाइसेंस मिला था। मगर दुकानदार लाइसेंस मिलने से पहले ही दुकान संचालित करने लगा था।

पटाखों से तेज धमाके की आवाज : एक राहगीर ने बताया- हम शॉपिंग करने बाजार आए थे। दुकान में आग लगने के साथ ही तेज धमाके की आवाज आ रही थी। रॉकेट इधर-उधर उछलते दिखाई दिए। आस-पास के लोग इधर-उधर भागने लगे। पुलिस व फायर ब्रिगेड पहुंची और आग को बुझाया। पटाखे की दुकान के पास स्थित श्री श्याम साइकिल स्टोर के संचालक गणेश जीनगर ने बताया- शाम को वह अपनी दुकान पर काम कर रहा था। इस दौरान अचानक पटाखे चलने की आवाज आई। मैने देखा कि पटाखों की दुकान में आग लग गई है। जिसमें मैने तुरंत दुकान का शटर बंद कर दिया। इसके बाद दुकान के पास रखे पानी के टैंक से आग बुझाई में मदद में जुट गया। इस दौरान मेरी बाइक की सीट और टंकी जल गई। करीब 10 मिनट तक आसमान में पटाखे फूटते रहे। आग लगने पर कुछ पटाखे पास की एक ऑटो पॉर्ट्स की दुकान में जाकर भी गिरे। इस दौरान आग की लपटें और पटाखे फूटते देखकर लोगों ने वीडियो बना लिए। जिममें में आग की भभकती लपटें नजर आ रही है। आग में पटाखा दुकानदार की बाइक जल गई एक बाइक सहित दुकान के बाहर रखी मेज कुर्सी भी जलकर राख हो गई।

फलोदी में 54 लोगों को अस्थाई दुकानों का लाइसेंस

फलोदी एसपी पूजा अवाना ने बताया- अवैध रूप से तंग गलियों में पटाखे बेचने वालों को लेकर मंगलवार को थाना अधिकारियों को निर्देश जारी किए गए हैं। अगर कोई अवैध रूप से गतिविधि संचालित करता मिला तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। बता दे कि फलोदी में शहर में प्रशासन ने 54 लोगों को अस्थाई दुकानों के लिए लाइसेंस दिया है।

गाजियाबाद जिला जज कोर्ट में कुर्सियां फेंकीं, पुलिस चौकी फूंकी, पुलिस ने वकीलों को लाठीचार्ज कर खदेड़ा

बढ़ता राजस्थान

गाजियाबाद (एजेंसी)। गाजियाबाद में जिला जज की कोर्ट में मंगलवार को सुनवाई के दौरान बवाल हो गया। जज अनिल कुमार और वकीलों में झड़प हो गई। इसके बाद वकील भड़क गए। कोर्ट रूम में कुर्सियां फेंकीं। पुलिस ने हंगामा कर रहे वकीलों को लाठीचार्ज कर खदेड़ा। इससे गुस्साए वकीलों ने कचहरी की पुलिस चौकी में तोड़फोड़ कर आग लगा दी। दरअसल, वकील नाहर सिंह यादव ने जज से एक व्यक्ति की जमानत अर्जी दूसरे कोर्ट में ट्रांसफर करने की मांग की थी। इसी बात को लेकर उनकी जिला जज अनिल कुमार से कहासुनी शुरू हुई। विवाद इतना बढ़ गया कि जिला जज डाइस से उतर कर नीचे आ गए। जज और वकीलों के बीच तीखी नोकझोंक हो गई। इस बीच, जज ने फोन करके पुलिस और पीएसी बुला ली। वकीलों का आरोप है कि जिला जज कोर्ट रूम में उन्हें चारों तरफ से दरवाजे बंद करके पीटा गया।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।
उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत
Printing Press
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
Office
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795
Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com